रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 28 मई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-275 मूल्य 3.00 ₹


# करोड़ों का वारा-न्यारा करके निकले सटोरिये

## आईपीएल क्रिकेट में सर चढ़कर बोला सट्टा, अब बारी 20-20 वर्ल्ड कप की

श्याम सुंदर पुरोहित ⮜ भाटापारा
www.dailypioneer.com

पायनियर खास



आईपीएल क्रिकेट महाकुंभ का समापन 26 मई को खेले गये फाईनल क्रिकेट मैच के बाद समाप्त हो चुका है। लेकिन यह आईपीएल मैच मनोरंजन के साधन के साथ-साथ सामाजिक बुराई के रुप मे क्रिकेट सट्टा का भी रुप अख्तियार कर लिया है। जिसमे क्रिकेट मैच के हर पहलुओं पर भारी भरकम दाँव लगाया जाता है और यह क्रिकेट सट्टा एक सिन्डीकेट के रुप मे वृहद रुप लेकर बडे पैमाने पर भी चलाया जाना पाया गया जिसके जद मे भाटापारा जैसे औद्योगिक नगरी भी अछूता नहीं रहा यहां से पिछले रिकार्डो को खंगाला जाये तो क्रिकेट सट्टा का लिंक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर से भी जुड़ा हुआ पाया गया जो की आनलाईन एप के जरिये से लाखों करोड़ों का सट्टा लगाये जाने की पुष्टि पिछले रिकॉर्ड के आधार पर हो चुकी है। एक बार फिर आईपीएल समाप्त होने के बाद सटोरी करोड़ों के वारे-न्यारे करके निकल चुके है। लेकिन स्थानीय पुलिस के हाथ सट्टा को लेकर बड़ी सफलता हासिल नहीं हुई है।

### आईपीएल में यह हाल, तो 20-20 वर्ल्ड कप होगा निहाल

आईपीएल क्रिकेट के बाद कुछ दिनों पश्चात 20-20 वर्ल्ड कप होना तय है, अगर पुलिस प्रशासन क्रिकेट सट्टा के खेल पर अंकुश लगने असफल होता है तो निश्चित ही यह मनोरंजन का खेल सट्टा का रुप अख्तियार कर सर चढकर हावी हो सकता है जो किसी महामारी से कम नही आका जा सकता। आईपीएल क्रिकेट सट्टा का लिंक पुणे गोवा से जुडे होने के कारण पुलिस की स्पेशल टीम भेजा गया था परंतु आनलाईन गेम होने के कारण पकड से बाहर रहे फिलहाल आईपीएल क्रिकेट सट्टा को लेकर 7 लोगों पर क्रिकेट सट्टा का प्रकरण दर्ज किया गया है।

**आशीष आरोरा, एसडीओपी भाटापारा**

### वर्तमान सत्र मे क्रिकेट सट्टा में लाखों करोड़ों का व्यारा-न्यारा

बताया जा रहा है कि 2024 के आईपीएल क्रिकेट मे भी पिछले सत्र के तुलना मे वर्तमान सत्र मे भी लाखों करोड़ों रुपये के दाँव लगाकर सटोरियों रफ्फूचक्कर हो गये परंतु इन सबके के बीच पुलिस के खुफिया तंत्र व क्राईम ब्रांच क्रिकेट सट्टा के खेल मे उस तरह से नकेल कसने में असफल रहा जिस पैमाने मे क्रिकेट सट्टे का दाँव खेला गया। अब इसके लिए पुलिस और तंत्र के द्वारा की गई तैयारियों पर भी सवाल खड़े होने लगे है।

### सटोरिये सट्टे के खेल को बाहर बैठकर करते है आपरेट

जानकारों की माने तो सटोरिये गोवा, पुणे, बाम्बे आदि राज्य के बाहरी सीमाओं मे बैठकर क्रिकेट सट्टा के खेल को आपरेट करते है। इस लिए इसके लिंक को सहज रुप से पकडना किसी चुनौती से कम नहीं है। जिसके कारण इस पर नकेल कसने के लिए पुलिस की टीम भी समय-समय पर भेजा गया परंतु वर्तमान सत्र में सटोरियों के इस गैंग पर नकेल कसने हेतु वह सफलता नहीं मिल पाई।

### युवा पीढी पर सबसे ज्यादा क्रिकेट सट्टा का चढ़ा बुखार

देश के नवनिहाल पीढी या यूं कहें कि युवा पीढी क्रिकेट सट्टा के गिरफ्त में सबसे ज्यादा जकड़े हुये नजर आये। जिस पर क्रिकेट सट्टा का सबसे ज्यादा बुखार सर चढ़कर बोलता है परंतु इस क्रिकेट सट्टा के खेल मे प्रशासनिक नियंत्रण नही होने से यह सट्टा, महामारी का रोग बनकर जन जन को भी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित करता रहा जो समाज की सबसे बडी बुराई के रुप मे देखा जा सकता है ।

### 60 दिनों तक चले आईपीएल क्रिकेट मैच में प्रतिदिन लाखों का दाँव

गौरतलब है कि 60 दिनो तक चले क्रिकेट सट्टा मे आफ लाइन के तुलना मे आनलाईन तरीके से प्रति दिन लाखों रुपये क्रिकेट सट्टा का गेम पर लगाये जाने अनुमान है, परंतु आनलाईन क्रिकेट सट्टा होने के कारण कुल जप्त राशि का आकलन लगाया जाना भी बेहद मुश्किल होता है।

## क्विक न्यूज

### सौम्य चौरसिया को अंतरिम राहत देने से हाईकोर्ट ने किया इंकार



**बिलासपुर।** कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद पूर्व सौम्या चौरसिया की जमानत अर्जी पर हाईकोर्ट ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया है। वहीं, इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। केस की अगली सुनवाई ग्रीष्मकालीन अवकाश 10 जून के बाद होगी। सौम्या चौरसिया की तरफ से पैरवी कर रहे एडवोकेट हर्षवर्धन परघनिया के साथ ही दिल्ली के सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट ने ऑनलाइन पैरवी की। उन्होंने सौम्या चौरसिया को अपने बच्चों की परवरिश के आधार पर जमानत मांगी है, लेकिन जस्टिस एनके व्यास ने अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया।

### आंध्र में सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत, दो घायल

**तिरूपति।** आंध्र प्रदेश में सोमवार तड़के दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना उस समय हुई जब नेल्लोर से वेल्लोर जा रही कार तिरूपति जिले के एम कोंगरावारीपल्ली में पुथलपट्टू-नायडूपेटा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक कार सड़क डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में में चार लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट

**मुंबई।** विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, ऊर्जा, तेल एवं गैस और पावर समेत दस समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 19.89 अंक फिसलकर 75,390.50 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 24.55 अंक टूटकर 22,932.55 अंक अंक रह गया।

## वैवाहिक वर्षगांठ पर सीएम साय ने मुख्यमंत्री निवास में की सपत्नीक पूजा-अर्चना, इष्टदेव से लिया आशीर्वाद



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने विवाह के 33वीं वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री निवास में सपत्नीक पूजा-अर्चना कर भगवान से आशीर्वाद लिया। साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा है कि वैवाहिक वर्षगांठ के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में सपत्नीक पूजा-अर्चना कर इष्टदेव से आशीर्वाद लिया।

## भारत इस कठिन समय में पापुआ न्यू गिनी के साथ खड़ा हैः जयशंकर

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने दक्षिण प्रशांत महासागर द्वीप राष्ट्र पापुआ न्यू गिनी में हाल ही में हुई भूस्खलन त्रासदी में बड़ी संख्या में जानमाल के नुकसान होने पर भारत की ओर से दुख व्यक्त किया और संकट की इस घड़ी देश वहां के लोगों के साथ है। जयशंकर ने सोशल मीडिया एक पोस्ट में कहा, भारत की संवेदनाएं पापुआ न्यू गिनी की सरकार और लोगों के साथ हैं, इस कठिन समय में भारत अपने दोस्तों के साथ एकजुटता से खड़ा है। इस बीच, पापुआ न्यू गिनी सरकार के एक अधिकारी ने संयुक्त राष्ट्र एजेंसी को बताया कि भूस्खलन में 2,000 से अधिक लोग जिंदा दफन होने की आशंका जतायी गयी है और सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सहायता की गुहार लगायी है।

## भाजपा 400 सीट जीतकर आरक्षण, संविधान, चुनावी व्यवस्था खत्म करना चाहती हैः केजरीवाल

वार्ता ⮜ अमृतसर
www.dailypioneer.com




दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 400 सीट जीतकर आरक्षण, संविधान और चुनावी व्यवस्था खत्म करना चाहती है। केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह कहते हैं कि उन्हें 400 सीट चाहिये। उन्होंने कहा, मोदी कुछ बड़ा काम करना चाहते हैं। हमने इसका कारण पता लगाया कि क्यों चाहिये, तो पता चला कि ये पिछड़े और अनुसूचित जातियों का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। लेकिन मैं इनसे लड़ रहा हूं, संघर्ष कर रहा हूं। हम किसी हालत में इन्हें आरक्षण खत्म नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि मोदी कभी भी महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, भुखमरी आदि मुद्दों पर बात तक नहीं करते। काम की बात करने के बजाय, वह लोगों से मंगलसूत्र और भैंस के नाम पर वोट मांग रहे हैं। केजरीवाल ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंजाब सरकार पर दिये बयान पर पलटवार करते हुये कहा कि वह खुलेआम पंजाब सरकार को गिराने की धमकी देकर गये हैं।

## इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगेः अमित शाह

पायनियर संवाददाता ⮜ कुशीनगर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण का प्रचार करने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पहुंचे और यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। यहां उदित नारायण डिग्री कालेज पडरौना के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि 6 चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है, पांच चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है। सातवां होने वाला है, जिसमें आप



लोगों को 400 पार कराना है। उन्होंने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 04 भी पार नहीं कर पाएंगे। देश की जनता ने तय किया है कि अगले 05 साल नरेन्द्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। शाह ने विपक्ष पर हमलावर होते हुए कहा कि 4 जून को मोदी जी की या भाजपा की विजय निश्चित है। आप 4 जून की दोपहर को देख लेना कि राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि खड़गे के कारण हम हारे हैं। हार का ठीकरा भी खड़गे साहब पर फूटेगा। उन्होंने कहा कि मैं आज बहन मायावती और अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं कि कुशीनगर चीनी का कटोरा नाम से प्रसिद्ध था लेकिन आपके समय में 5 - 6 चीनी मिलें बंद हुईं जबकि हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू करने का काम किया गया है। 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि करने का काम योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने किया है।

## आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण : मुर्मु

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि लोगों का आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण है



मुर्मु ने ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा 'स्वच्छ और स्वस्थ समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण' विषय पर आयोजित कार्यक्रम में यह बात कही। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व इतिहास के स्वर्णिम अध्याय और राष्ट्रों का इतिहास सदैव आध्यात्मिक मूल्यों पर आधारित रहे हैं। विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि आध्यात्मिक मूल्यों की उपेक्षा करके केवल भौतिक प्रगति का मार्ग अपनाना अंततः विनाशकारी सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा, स्वस्थ मानसिकता के आधार पर ही समग्र कल्याण संभव है। एक सच्चा स्वस्थ व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक तीनों आयामों को पूरा करता है। ऐसे व्यक्ति ही एक स्वस्थ समाज, राष्ट्र एवं विश्व समुदाय का निर्माण करते हैं। मुर्मु ने कहा कि आध्यात्मिक सशक्तिकरण ही वास्तविक सशक्तिकरण है। जब किसी धर्म या संप्रदाय के अनुयायी अध्यात्म के मार्ग से भटक जाते हैं तो वे कट्टरता का शिकार हो जाते हैं।

## दोबारा पीएम नहीं बन पाएंगे मोदी, चुनाव के बाद अडानी पर ईडी करेगी पूछताछ : राहुल गांधी

वार्ता ⮜ पटना
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद नरेंद्र मोदी दोबारा प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं और तब प्रवर्तन निदेशालय उनसे अडानी के साथ लेनदेन के बारे में पूछताछ करेगा। गांधी ने पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के बख्तियारपुर में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि मोदी दोबारा पीएम नहीं बनेंगे क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन लोकसभा चुनाव हारने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद ईडी मोदी से अडानी के साथ उनके लेनदेन के बारे में पूछताछ करेगी। कांग्रेस नेता ने कहा, हाल के साक्षात्कारों की एक श्रृंखला में मोदी ने दावा किया था कि वह एक जैविक इकाई नहीं बल्कि ईश्वर के दूत हैं और उनके द्वारा सभी निर्णय ईश्वर की प्रेरणा से लिए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के बाद अदानी के साथ उनके लेन-देन के बारे में ईडी की पूछताछ से बचने के लिए मोदी कह रहे हैं, मुझे नहीं पता क्योंकि निर्णय भगवान की इच्छा के अनुसार लिया गया था, न कि मेरी इच्छा के अनुसार। गांधी ने कहा कि यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो केंद्र सरकार के अलग-अलग विभागों में 30 लाख रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी प्रकार, प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला सदस्य के बैंक खाते में एक वर्ष में एक लाख रुपये जमा किए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि स्नातक युवाओं और तकनीकी शिक्षा पूरी करने वालों को एक वर्ष के लिए एक लाख रुपये दिए जाएंगे। युवाओं के लिए इस योजना को पहली नौकरी पक्की के नाम से जाना जाएगा।

### पीसीसीएफ वाईल्ड लाईफ से लेकर सब बेखबर, जंगलों में सूखे तालाब और ड़बरी

## त्राहि-त्राहि, पानी की कमी से 4 वर्षीय नील गाय की मौत

रवि भूतड़ा ⮜ बालोद
www.dailypioneer.com



बढ़ती गर्मी में जंगलों में पानी की कमी की वजह से वन्य प्राणियों की मौत का मामला सामने आया है। मिली जानकारी अनुसार बीते 24 मई को ग्राम नर्रा से लगे किनारगोंदी के जंगल में 4 साल के नर नीलगाय की मौत डिहाइड्रेशन की वजह से हुई। इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हुआ। जहां नीलगाय की मौत पानी की कमी डिहाइड्रेशन की वजह से होना बताया जा रहा है। पायनियर ने कल के अंक में जंगलों में वन विभाग द्वारा निर्मित तालाब और डबरी में हुई भ्रष्टाचार की खबर को प्रकाशित किया था। शायद वन विभाग इन कामों में ध्यान देता तो बेजुबान जानवारों की मौत पानी की कमी से नहीं होती। वन्य प्राणियों को जंगल के अंदर पानी नहीं मिल पा रहा है, तो वन्य प्राणी डिहाइड्रेशन पानी की कमी की वजह से जंगल में दम तोड़ दे रहे हैं। तो वहीं कुछ वन्य प्राणी पानी की आस में सड़क की तरफ या गांव की तरफ दौड़ जाते हैं और उन्हें दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। सरकार की तरफ से वन्य प्राणियों के पेयजल के लिए अलग-अलग मद से भारी भरकम राशि खर्च की जाती है। लेकिन बालोद वन मंडल द्वारा किस तरह से वन प्राणियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है यह तो इस मामले से स्पष्ट हो गया है। इन दिनों न ही इनके तालाबों में पानी नजर आ रहा है, न ही डबरियों में पानी है, दिखावे के लिए कुछ जगहों पर टैंकरों से पानी डलवा कर फोटो खिंचवाकर यह जरूर बताया जाता है कि वन्य प्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है। मगर यह सिर्फतस्वीरें और कागजों पर ही नजर आ रहीं है। बीते 24 मई के दिन नीलगाय की मौत के बाद जब पशु विभाग के डॉक्टर से उसके मौत का कारण पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि नीलगाय के शरीर में पानी की कमी थी। जिस वजह से उसे डिहाइड्रेशन हो गया था। यह तो स्पष्ट है कि बढ़ते गर्मी में वन्य प्राणियों को पानी की काफी आवश्यकता पड़ती है और ऐसे में वन प्राणियों के लिए जंगल के अंदर पानी नहीं होना यह सबसे गंभीर मामला है और इस पर वन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। आखिर कब तक वन विभाग की खामियों की कीमत वन्य प्राणियों को चुकानी पड़ेगी, ये एक बड़ा सवाल हैं। वैसे भी बालोद जिले के जंगलों में नीलगाय, चीतल, हिरण, भालू, तेंदुआ, जंगली सूअर और भी वन्य प्राणी है। जिन्हें पानी की नितांत आवश्यकता होती है और ऐसी भीषण गर्मी में तो खासकर वन प्राणियों के शरीर में अगर पानी नहीं रहा तो उन्हें लू जाएगा। डिहाइड्रेशन का शिकार होना पड़ेगा और उनकी मौत हो सकती है। यह घटना वन विभाग की बड़ी लापरवाही को दर्शाता है।

'मैंने पोस्टमार्टम किया, नील गाय के शरीर में पानी नहीं था, उसकी मौत गर्मी लू और डिहाइड्रेशन को वजह से हुई है, अब ये किसकी लापरवाही है मै नही बता सकता। लेकिन हां, अगर नीलगाय को उसके स्थान में पर्याप्त पानी मिल जाता तो शायद वो जीवित होती।'

**डॉ. अभिषेक मिश्रा,**
सहायक पशु चिकित्सा, बालोद

डिहाइड्रेशन की वजह से ही नीलगाय की मौत हुई है और जिस स्पॉट में नीलगाय की मौत हुई है वह चट्टानी है, शायद हो सकता है नीलगाय को इंटरनल पैलेस का प्रॉब्लम हुआ हो, कई बार ऐसा होता है कि जानवर भटक जाता है, मेरे रहते यहां पानी की वजह से जानवर की मौत का पहला केस आया है।

**डिंपी बैस,** एसडीओ, वन विभाग

### अपनी खामियो को छुपा रहा वन विभाग

राज्य कैम्पा मद से बालोद वन मंडल को जंगल में तालाब, डबरी पोखर जो बनाना था, वो उसमे तो भारी भ्रष्टाचार कर के गुणवत्ताहीन निर्माण कर दिया है, फिर ऐसी जगह पर निर्माण किया गया, जहा से उस तालाब, पोखर, डबरी में पानी आने का कोई स्त्रोत नही। अब ऐसे में वन्य प्राणियों की मौत पानी की वजह से होना ही है। जहा वन विभाग अपनी खामियों को छुपाने में जुटा हुआ है। वही विभाग ने कुछ दिन पहले दो चार पोखर में टैंकर से पानी डलवा कर फ़ोटो पब्लिश करवा कर मामले पर सिर्फ पर्दा डालने का काम कर रही है। मगर विभाग को वन्य प्राणियों की जान की जरा भी चिंता नही।

### वन्यजीवों के प्रति पूरा सिस्टम लापरवाह

वन्यजीवों के प्रति छत्तीसगढ वन विभाग का पूरा सिस्टम लापरवाह नजर आता है। कुर्सी की दौड़ में व्यस्त पीसीसीएफ वाइल्ड लाईफ सुधीर अग्रवाल को जंगलों की खबर ही नहीं है। तालाब, डबरियां सूख गई है। लेकिन साहब कुर्सी की दौड़ में व्यस्त है। जंगलों में पानी की कमी से वन्यजीवों की मौत इस बात की पुष्टि करता है कि वन्यजीवों प्रति पूरा सिस्टम लापरवाह है। हालाकि यह कोई पहला मामला नहीं इसके पहले भी वन्यजीवों के मौत का मामला राज्य के विधानसभा तक गूंज चुका है। जंगल सफारी शेड्यूल 1 का प्राणी चौसिंघा विहीन हो गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने दोषी डॉक्टर पर कार्यवाही करने की बात कही, लेकिन सुधीर आज भी चौसिंघा मामले में पर्दा डालते दिख रहे है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरा वन अमला वन्यजीवों प्रति कितना जवाबदेह है।

## उच्चतम न्यायालय ने भाजपा की उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक सम्बन्धी याचिका की खारिज

पायनियर संवाददाता ⮜ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस पटवालिया से कहा कि मामले को लटकाने से बचें, क्योंकि विज्ञापन मतदाताओं के हित में नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी (टीएमसी) आपकी दुश्मन नहीं है। पीठ ने कहा, हमने विज्ञापन देखे हैं। प्रथम दृष्टया वो विज्ञापन अपमानजनक हैं। हम और कटुता को बढ़ावा नहीं देना चाहते। शीर्ष अदालत के इस रुख के बाद पटवालिया (भाजपा) ने याचिका वापस लेने का फैसला किया और कहा कि वह अंतरिम आदेश पारित करने वाली उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष जवाब दाखिल करना पसंद करेंगे। न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य की एकल पीठ ने 20 मई को भाजपा को अगले आदेश तक उस विज्ञापन को प्रकाशित करने से रोक दिया था, क्योंकि माना गया था कि वो विज्ञापन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हैं। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी को निशाना बनाने वाले भाजपा के विज्ञापनों के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस द्वारा दायर शिकायतों का समाधान करने में पूरी तरह विफल होने पर चुनाव आयोग की खिंचाई की थी।

# पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने गृह मंत्री विजय शर्मा को लिखा पत्र

## गृह मंत्री ने नक्सल मामले मे माँगा था सुझाव, पीडिया मुठभेड़ की हाई कोर्ट के जज की निगरानी मे जाँच की मांग

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने गृह मंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखा। पत्र में कहा गया है कि आपने एक पत्रकार वार्ता लेकर पीडिया मुठभेड़ मामले में कांग्रेस की जांच दल द्वारा उठाये गये तथ्यों पर आपत्ति व्यक्त किया था। पीडिया मुठभेड़ हो या कांकेर के कोयलीबेड़ा मुठभेड़ की बात हो कांग्रेस पार्टी ने अपनी ओर से सवाल नहीं खड़ा किया, सवाल वहां के ग्रामीणों ने खड़ा किया है। कांग्रेस ने ग्रामीणों की मांग के बाद जाँच कमेटी बनाया और जाँच कमेटी में सभी आदिवासी नेता शामिल थे, जाँच कमेटी ने ग्रामीणों से बात करने के बाद जो तथ्य पाया वह दुखद है। ग्रामीण और साक्ष्य बता रहे कि मुठभेड़ में मारे गए कुछ लोग निर्दोष थे तो सरकार को इस मामले की जाँच कराने से क्या परहेज है? हाईकोर्ट के वर्तमान जज की देख-रेख में जाँच करा ली जाय ताकि स्थितियां साफ हो सके। कांकेर में हुई मुठभेड़ में मारे गए लोगो के भी नक्सली होने पर सवाल खड़ा हुआ था तब भी जाँच की मांग हुई थी, सरकार ने जाँच क्यों नहीं करवाया था? उपमुख्यमंत्री बस्तर में शांति के लिए जितने चिंतित आप है उतनी ही चिंतित कांग्रेस पार्टी भी है। कांग्रेस पार्टी बस्तर में शांति बहाली के सरकार के हर कदम के साथ खड़ी है लेकिन यह प्रयास बस्तर के मासूम आदिवासियों के जिंदगी के शर्त पर होंगे तो यह हमें मंजूर नहीं। बस्तर में कांग्रेस की सरकार ने विश्वास, विकास, सुरक्षा के मूल मंत्र को लेकर शांति बहाली के जो प्रयास शुरू किये थे जिसके फलस्वरूप बस्तर में शांति की स्थापना भी हुई, नक्सली गतिविधियां 80 प्रतिशत तक कम हुई। वर्तमान सरकार ने उस पर अविश्वास क्यों जताया? वर्तमान में सुरक्षा बलो को बड़ी सफलता मिल रही है तो उसका बड़ा कारण है पूर्ववर्ती सरकार ने दूरस्थ रिमोट क्षेत्रो जो कैम्प बनाये और इन कैम्पो के माध्यम से सुरक्षा बलो ने स्थानीय ग्रामीणों का भरोसा जीता है। कांग्रेस सरकार के पहले सुरक्षा बलो के कैम्पो में रसद सामग्री तक सरकार नहीं पहुंचा पाती थी। विश्वास, विकास, सुरक्षा का परिणाम था कि दूरस्थ क्षेत्रों में कैम्प के साथ अंदरूनी इलाकों में सड़क बनवाया गया, पुल-पुलिया बनाये गए, बंद पड़े 350 से अधिक स्कूलों को खोला गया, स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई गयी, मुख्यमंत्री हाट बजार क्लिनिक के माध्यम से लोगो का इलाज किया गया। जल, जंगल, जमीन पर आदिवासियों के अधिकारों को और मजबूत बनाने का प्रयास हुआ। वन अधिकार पट्टे सामुदायिक वन अधिकार पट्टे बांट कर उनमें एक नया भरोसा पैदा किया गया। 67 से अधिक वनोपजो की खरीदी कर आदिवासियों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया गया। बस्तर का हर आदिवासी नक्सली नहीं है इस भावना के साथ कांग्रेस की सरकार ने काम किया था। सुरक्षाबलों और सरकार ने बस्तर के लोगों का भरोसा जीता जिसका परिणाम हुआ वहां नक्सली गतिविधियों में 80 प्रतिशत की कमी आई।

15 सालों तक भाजपा के रमन राज में हुये फर्जी एनकाउंटर से आदिवासियों का भरोसा डिगा था। हिडमा मड़कम, मीना खल्को की हत्याओं से पूरे छत्तीसगढ़ का आदिवासी आहत हुआ था। जंगल में रहने वाला हर आदिवासी नक्सली है यह सोच घातक है इसी सोच का परिणाम था कि हजारों निर्दोष आदिवासी जेल में वर्षो तक बंद रहे। कांग्रेस सरकार ने उनको रिहा करने हेतु जस्टिस पटनायक कमेटी बनाकर रिहाई का मार्ग प्रशस्त किया। दुर्भाग्यजनक है कि आपकी सरकार फिर उसी सोच पर आगे बढ़ रही निर्दोष आदिवासी जेलों में बंद किये जा रहे। पीडिया बीजापुर में दो दर्जन से अधिक लोगों को जेलों में बंद किया गया है। किसी मुठभेड़ के बाद यदि एक भी निर्दोष आदिवासी की हत्या की खबर सामने आती है तो भरोसा टूटता है आपके लिए यह एक संख्या हो सकती है लेकिन वह किसी का बेटा, पिता, पति, भाई भी होता है हमारे आदिवासी समाज का अभिन्न अंग होता है। ज़ब एक भी निर्दोष की हत्या की खबर सामने आती है तो समूचा बस्तर कराह उठता है। पंद्रह सालो तक सुरक्षा बलो और नक्सलवादी के दो पाटो के बीच बस्तर का आदिवासी पिस रहा था, पांच सालो में उसमें कमी आयी थी, दुर्भाग्य है आपकी सरकार की अनिर्णय वाली नीति के कारण फिर से एक बार वही हालात बन गए है। आदिवासी झूठ नहीं बोलता यदि गांव के लोग सवाल खड़ा कर रहे तो उससे भागिए मत उसकी जाँच करवाइये। पीडिया में मारे गये 6 लोगों का आपराधिक रिकार्ड गृहमंत्री जारी कर रहे, शेष लोग क्यों मारे गये यह सरकार बतायें?

# गीला एवं सूखा कचरा मिक्स करके देने पर दो संस्था एवं दो व्यक्तियों पर कुल 1700 रूपये जुर्माना किया

### सभी नागरिकों से घरों, दुकानों, संस्थाओं का गीला, सूखा कचरा पृथक करके डस्टबिन में रखकर निगम सफाई मित्र को देने विनम्र आव्हान किया

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com



निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम क्षेत्र के सभी 10 जोनों के तहत सभी 70 वार्डों में गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखकर पृथक करके निगम सफाई मित्र को सफाई वाहन में देने लगातार घर-घर जाकर जनजागरण अभियान समाजहित में पर्यावरण सुधार जनसहभागिता के माध्यम से करने जागरूक बनाया जा रहा है। इस अभियान का नियमित निरीक्षण जोन कमिश्नरगण जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण कर रहे है। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन अभियान के दौरान नगर निगम जोन 10 के तहत रानी दुर्गावती वार्ड नम्बर 50 के पुरैना क्षेत्र में अनंत साईं हॉस्पिटल एवं केंटीन पर 1000 रूपये, वी केयर हॉस्पिटल केंटीन पर 500 रूपये, ग्रीन पैराडाईस परिसर में दो रहवासियों से 100-100 रूपये सूखा एवं गीला कचरा मिक्स करके दिया जाना पाकर जोन 10 जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांड़ी ने उक्त सम्बंधित 2 संस्थानों एवं 2 व्यक्तियों पर भविष्य के लिए सूखा एवं गीला कचरा पृथक करके देने की स्पष्ट समझाईश देते हुए कुल 1700 रूपये का जुर्माना किया। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग ने सभी नागरिकों, दुकानदारों, व्यापारियों से अपने घर, दुकान, संस्थान का गीला एवं सूखा कचरा पृथक-पृथक डस्टबिन में रखकर निगम सफाई वाहन में सफाई मित्र को देने का एक बार पुनः विनम्र आव्हान समाज हित में पर्यावरण सुधार की दृष्टि से किया है।

# एनएमडीसी लिमिटेड किरंदुल कॉम्प्लेक्स के परियोजना चिकित्सालय में बहुप्रतीक्षित सी टी स्कैन सुविधा का हुआ शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ किरंदुल
www.dailypioneer.com



लौह अयस्क के उत्पादन एवं प्रेषण में नित नई कीर्तिमान स्थापित करने वाली बैलाडीला आयरन ओर माइंस किरंदुल कॉम्प्लेक्स अब बेहतर से बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने हेतु आधुनिक संसाधनों से युक्त हो रही है। इसी कड़ी में परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदमनाभ नाईक के करकमलों से परियोजना चिकित्सालय में बहुप्रतीक्षित सी टी स्कैन एवं ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन सेवाओं का शुभारंभ किया गया। इन सेवाओं का लाभ एनएमडीसी कर्मचारियों के अलावा स्थानीय नागरिक एवं सुदूर क्षेत्र के ग्रामीणों को भी मिलेगा। इस अवसर पर प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्ष मृणालिनी पदमनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक (वर्क्स) किशन आहूजा, महाप्रबंधक (उत्पादन) आर. राजाकुमार, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) एन. सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (खनन) एस.के. कोचर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज वी. लाल, उप महाप्रबंधक (सिविल) टी. एस. रामनाथ, समस्त विभागाध्यक्ष, एसकेएमएस के सचिव राजेश संधू, मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए.के. सिंह, राजेन्द्र यादव, प्रदीप नामदेव सहित बड़ी संख्या में एनएमडीसी के अधिकारी, दोनों श्रम संघ के पदाधिकारी, परियोजना चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक, समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अपहरण हत्या एवं पुलिस पार्टी पर हमला की घटना में शामिल जनमिलिशिया सदस्य गिरफ्तार

### डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ∢ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 25 मई को डीआरजी बीजापुर एवं थाना गंगालूर का बल मेटापाल की ओर निकली थी। अभियान के दौरान मेटापाल से 02 जन मिलिशिया सदस्यों को पकड़ा गया, पकडे गए सदस्य में कमलू पूनेम पिता रघु पूनेम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी पुसनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर। एवं गोपाल पूनेम पिता कोसा ऊर्फ गल्ला उम्र 35 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर पकड़े गये माओवादी थाना गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत कमलू पूनेम 08/02/2014 को पुसनार के ग्रामीण का अपहरण एवं हत्या की घटना में तथा गोपाल पूनेम 12/02/2012 गंगालूर- मंझारपारा कच्ची रोड पर पुलिस पार्टी को क्षति पहुचाने के लिये आईईडी प्लांट करने की घटना में शामिल था। पकड़े गये माओवादियो के विरूद्ध थाना गंगालूर में 01-01 स्थाई वारंट लंबित है। पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायालय पेश किया गया है।

# किरंदुल में लगा मिनी डिज्नी लैंड मनोरंजन पार्क, किरंदुल नगरपालिका अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**किरंदुल।** किरंदुल प्रकाश विद्यालय के समीप ग्राउंड में मिनी डिज्नी लैंड मनोरंजन पार्क/मेले की शुरुआत रविवार को हुई। जिसका उद्धघाटन किरंदुल के नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल रॉय के द्वारा किया गया। मिनी डिज्नी लैंड में विभिन्न तरह के झूले लगाए गए हैं जिसमें ब्रेक डांस, ज्वाइंट व्हील, ड्रेगन ट्रेन, टोरा-टोरा, मिनी ट्रेन, हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट, ज्वेलरी, खिलौने, राजस्थानी ज्वेलरी, कपड़े, स्लीपर, घरेलू सामान के साथ ही फास्ट-फूड भी उपलब्ध हैं। यह मेला रोजाना संध्या 5 बजे से रात के 11 बजे तक संचालित होगा। मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष आजाद सक्सेना, जिला संयोजक राजेन्द्र सक्सेना, डीएमएफ सदस्य दीनानाथ ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र गुप्ता उपस्थित थे।

# राजधानी में 2 लाख से ज्यादा डस्टबिन का होगा वितरण



**रायपुर।** शहर को साफ रखने के साथ ही गलियों और सड़कों पर कचरा न फैले इसलिए करीब डेढ़ साल पहले नगर निगम ने डेढ़ लाख से ज्यादा डस्टबिन बांटे थे। 70 वार्डों में घर-घर डस्टबिन पहुंचाने की कोशिश की गई, लेकिन शहर में कचरा फैलना नहीं रुका। अब एक बार फिर निगम वाले 2 लाख से ज्यादा डस्टबिन बांटेंगे। आचार संहिता खत्म होने के बाद इसकी खरीदी के लिए टेंडर जारी किया जाएगा। डस्टबिन की खरीदी के लिए एक साल पहले एक करोड़ खर्च किए गए थे, इस बार 1.25 करोड़ खर्च करने की तैयारी है। हजारों की संख्या में डस्टबिन बांटने के बाद भी स्वच्छता रैंकिंग में रायपुर बेहद पीछे है। पिछले तीन साल से रैंकिंग में भी बड़ा बदलाव नहीं हो रहा है। गलियों और सड़कों पर पहले की तरह ही कचरा फैला था। इससे आम लोग सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं। वार्डों के मुक्कड़ों के कचरे की बदबू से लोगों का आना-जाना भी मुश्किल होता है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 29 एवं 30 मई 2024 को दो दिवसीय महाअभियान का आयोजन

**जगदलपुर।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत छूटे हुए समस्त हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 29 एवं 30 मई 2024 को दो दिवसीय महाअभियान का आयोजन जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 50 हजार रुपए तथा बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 05 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। वर्तमान में जिले में 183676 हितग्राहियों आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शेष हैं। जिला प्रशासन ने जिले के आम जनता को महाअभियान के दौरान अपने और अपने परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनाने की अपील की है। योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन से संपर्क कर सकते हैं।

# विप्र कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया सिपेट का भ्रमण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के बीबीए एवं एमकॉम के पचास से अधिक विद्यार्थियों ने शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत राजधानी के भनपुरी में स्थित सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में भ्रमण किया। प्रशिक्षकों ने छात्रों को उद्यमिता में सिपेट की भूमिका के संबंध में प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थी नवप्रवर्तन के साथ बाजार में उत्पाद विक्रय हेतु प्रवेश करना चाहते है तो सिपेट उत्पाद डिजाइन से लेकर निर्माण तक न्यूनतम लागत में उत्पादन की प्रक्रिया में साथ देती है। देश में 40 सिपेट है जिसमें से दो छत्तीसगढ़ में है। होम एप्लायंजेस, इलेक्ट्रॉनिक और ऑटोमोबाइल सेक्टर में प्लास्टिक का अहम रोल है। हर साल प्लास्टिक में इनोवेशन हो रहे हैं और नए सेगमेंट को ग्रहण किया जा रहा है। प्लास्टिक उद्योग की उपरोक्त जानकारी के साथ सिपेट के अधिकारियों ने उत्पादों के किस्म, असेंबलिंग तथा प्रक्रिया उत्पादन की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। छात्रों को इस वर्कशॉप से उद्यमिता के क्षेत्र में आवश्यक और नई जानकारी प्राप्त हुई। विद्यर्थियों ने डॉ. आराधना शुक्ला के निर्देशन में एवं निधि शुक्ला, डॉ.दीपशिखा शर्मा, राजेश तिवारी और ज्ञानेंद्र भाई के सहयोग से शैक्षणिक भ्रमण पूर्ण किया।

# प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में समर कैम्प का योग, नृत्य गीतों से शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में क्रियात्मक गतिविधि में अभिरुचि बढाने वाचन कौशल आर्ट एंड क्राफ्ट नृत्य आदि में कलात्मक प्रतिभा को तराशने के उद्देश्य से आगे लाने शिक्षा विभाग के आदेशानुसार प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में समर केम्प का शुभारंभ 27 मई को पालको की उपस्थिति में किया गया। प्रथम दिवस प्रधान पाठक मधु तिवारी के मार्गदर्शन में योग सूर्य नमस्कार प्रायणम छत्तीसगढ़ी हल्बी लोकगीतों पर आधारित नृत्य का अभ्यास कराया गया। बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न नृत्य गीतों में प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। समर कैम्प में बच्चों का प्रदर्शन देख पालक भी प्रसन्न नजर आए। समर केम्प में शिक्षिका स्मिता नेताम ने भी सहभागिता दी। समर कैम्प के शुभारंभ पर माता पिता पालक भी उपस्थित रहे।

# एएम-एनएस इंडिया प्रोजेक्ट दक्ष के तहत् दंतेवाड़ा के युवाओं को दे रही रोज़गार के अवसर

पायनियर संवाददाता ∢ किरन्दुल
www.dailypioneer.com



एएम-एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा युवाओं को सक्षम बनाने एवं उन तक रोजगार के विभिन्न अवसर पहुंचाने रायपुर एवं दंतेवाड़ा जिले में प्रोजेक्ट दक्ष के तहत कौशल विकास केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इस पहल के जरिये रायपुर एवं दंतेवाड़ा के लगभग 400 युवाओं का कौशल उन्नयन किया जा रहा है ताकि वे ना सिर्फ आर्थिक तौर पर बल्कि सामाजिक तौर पर भी विकास करें। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी ने दंतेवाड़ा में रोज़गार की पहल को गति देने के लिए ÷ढ्ढस्श्वष्टज्ञ÷ ने डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर और आईटी हेल्प डेस्क अटेंडेंट के लिए प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्रों में उपयुक्त नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए रोज़गार मेले का आयोजन किया गया।

दंतेवाड़ा केन्द्र में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कम्पनियों के 15 नियोक्ता एवं 250 युवा बेरोजगारों ने भाग लिया। कोटक महिंद्रा, अंश होंडा, अग्रवाल स्टोर, सिंह मार्ट, हीरो शोरूम, मैंनके फर्नीचर, रेनॉल्ट, क्रैश, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मालवीय स्टोर, सुरेश इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रज्ञा गैस एजेंसी और सीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी कम्पनियों ने उपयुक्त उम्मीदवारों का साक्षात्कार आयोजित कर 110 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया। इस अवसर पर डॉ. तेज प्रकाश(सीएसआर,एएम/एनएस इंडिया), अभिषेक अवस्थी (एरिया मैनेजर) और सेंटर के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ ही कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

# थोक उपभोक्ता सहकारी स्टोर किरन्दुल को मिला डिजिटल बुकिंग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ∢ किरन्दुल
www.dailypioneer.com




ओरछा मध्य प्रदेश में रायपुर-इंडियाना मंडलीय कार्यालय द्वारा भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में एलपीजी के 1,065 वितरकों में से किरंदुल थोक उपभोक्ता सहकारी स्टोर को वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सर्वाधिक डिजिटल बुकिंग श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के दीपक कुमार बसु, ईडी एंड एसएच, एमपीएसओ के करकमलो से के सत्यनारायण राव, प्रतिनिधि डब्ल्यूसीसीएस, किरंदुल ने ग्रहण किया। शिवदास चिकाटे के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन से स्टोर के 45 साल के इतिहास में पहली बार यह अनुपम उपलब्धि हासिल हुई है। शिवदास चिकाटे ने बताया कि हमें इस उपलब्धि पर बेहद गर्व है। यह डिजीटल नवाचार के माध्यम से हमारे ग्राहकों को श्रेष्ठ सेवा और सुविधा प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्राप्त पुरस्कार को शिवदास चिकाटे, उप महाप्रबंधक (सीएंडआईटी)/अध्यक्ष थोक उपभोक्ता सहकारी स्टोर ने परियोजना प्रमुख पद्मनाभ नाईक मुख्य महाप्रबंधक को सौंपा।

पुरस्कार प्राप्त होने पर नाईक ने हर्ष व्यक्त किया और थोक उपभोक्ता सहकारी स्टोर के सभी कर्मचारियों को बधाई दी। किरंदुल थोक उपभोक्ता सहकारी स्टोर जगदलपुर एलपीजी बिक्री के रायपुर, इंडियाना मंडलीय कार्यालय के अन्तर्गत आता है।

# काण्डेकेला में मड़ई मेला आयोजित



**काण्डेकेला।** गरियाबंद जिले के मैनपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम काण्डेकेला में मड़ई मेला का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गांव के देवी-देवता, डांग, डोली, बाजे-गाजे के साथ पहुंचे, देवी-देवताओं की शोभायात्रा निकालते हुए मड़ई मेला स्थल पहुंचकर देवी देवताओं के द्वारा मड़ई मेला स्थल की परिक्रमा की गई। इस दौरान देवी-देवताओं ने नृत्य भी किए। इस उत्सव में बड़ी संख्या में लोग देवी देवताओं के दर्शन कर आशीर्वाद लेकर अपने परिवार एवं गांव की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

# अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की राज्य स्तरीय त्रैमासिक फिजिकल बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की त्रैमासिक फिजिकल बैठक का आयोजन वनवासी विकास समिति एकलव्य परिसर सेक्टर 4 भिलाई जिला दुर्ग में 26 मई 2024 को आयोजित किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष (डॉ) कर्नल हरेंद्र त्रिपाठी प्रांतीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष सैन्य मातृशक्ति श्यामा साहू, प्रदेश महासचिव किशोरी लाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष खेमचंद निषाद, प्रदेश सचिव योगेश साहू, मीडिया प्रभारी देवेंद्र डड़सेना, प्रदेश संयोजक रवि साहू, बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, कोंडागांव जिलाध्यक्ष सूरज यादव, बालोद सचिव इंद्रसेन सिन्हा, धमतरी जिला से मुरारी लाल साहू, राजनांदगांव जिला से बसंत रावते, सरगुजा से अनिल मिंज, महासमुंद से युवराज चंद्राकर, दंतेवाड़ा जिला से नायक रासोरिया, संस्थापक सदस्य पवन निषाद महावीर प्रसाद टंडन, बी एल देशमुख, सतीश विनायक गाडगे, उत्तम सिन्हा एवं समस्त जिला इकाइयों एवं ब्लॉक इकाई से अन्य पदाधिकारी, कुल 130 पूर्व सैनिक एवं 35 मातृशक्तियों ने बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान निम्न विषय पर चर्चा की गई जिसमें मुख्य रूप से निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण को बढ़ावा देना एवं सरकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाना और समाज कल्याण में पूर्व सैनिकों की भागीदारी पर विचार किया गया साथ ही मातृशक्तियों के उत्थान के लिए विक्रम लोधी बिहान योजना रायपुर से विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी प्रेषित किया।

बैठक में समापन उद्बोधन हवलदार खेमचंद निषाद प्रदेश उपाध्यक्ष तथा आभार प्रदर्शन नायक धनेश साहू सचिव जिला दुर्ग की। तत्पश्चात राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# लोकसभा निर्वाचन-2024 : मतगणना के लिए गणना पर्यवेक्षक गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को दिया गया प्रशिक्षण

## समन्वय के साथ मतगणना दायित्व का करें निर्वहन : कलेक्टर चैधरी





पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना कार्य के लिए गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक तथा माइक्रो ऑब्जर्वर को बी.आई.टी. दुर्ग में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चैधरी ने आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत पूरी सतर्कता से मतगणना दायित्व को निर्वहन करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चैधरी ने सभी गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें मतगणना की प्रत्येक बारीकियों को सीखने-समझने कहा। मतगणना से संबंधित सभी जरुरी प्रक्रियाओं तथा महत्वपूर्ण बिंदुओं को अच्छी तरह से समझ लें, ताकि मतगणना करते समय किसी भी प्रकार की दिक्कत ना हो। मतगणना प्रारंभ होने से लेकर संपूर्ण रूप से समाप्ति तक मतगणना कक्ष में गंभीरता और सावधानी बरतनी है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य की संपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि सीलिंग की प्रक्रिया में पहला पैकेट विधिमान्य बड़ा लिफाफा (प्रारूप-13 ग), दूसरा पैकेट विधिमान्य निर्वाचक का घोषणा (प्रारूप-13 क), तीसरा पैकेट विधिमान्य छोटा लिफाफा (प्रारूप-13 ख), चैथा पैकेट प्रतिक्षेपित छोटा लिफाफा (प्रारूप-13 ख) का जो बड़े लिफाफे (प्रारूप-13 ग) में रखकर सील किया जाएगा। पांचवा बड़ा पैकेट डाकमतों के बण्डल का। सीयू एवं वीवीपैट की सीलिंग प्रत्येक विधानसभा से मतगणना के लिए मतगणना स्थल पर केवल सीयू एवं प्रत्येक विधानसभा से निर्धारित वीवीपैट लाया जाएगा बाकी सभी बीयू एवं निर्धारित वीवीपैट को छोड़कर सभी वीवीपैट स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रहेगा। अंतिम परिणाम की घोषणा उपरांत सीलिंग कार्य मतगणना में लगे अधिकारी एवं सहायक द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा। प्रशिक्षण में एडीएम अरविंद एक्का, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम पाटन दीपक निकुंज, एसडीएम भिलाई-3 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड भी उपस्थित थे।

# वाहन में मवेशी तस्करी कर रहे आरोपी ने पुलिस देखकर वाहन छोड़कर फरार, 3 मवेशी बरामद

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा मवेशी तस्करों के विरूद्ध मुखबीर लगाकर एवं तस्करी की सूचना मिलने पर सभी थाना/चौकी प्रभारियों को तत्काल कार्यवाही करने एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

बीती रात्रि लगभग 03 बजे थाना तुमला द्वारा रात्रि गश्त/पेट्रोलिंग के दौरान रास्ते में आने-जाने वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग करने के दौरान गंझियाडीह की ओर से एक छोटा हाथी चारपहिया वाहन क्र.JH 01 EU 9753 आया, वाहन के पीछे तरफ तिरपाल लगाया गया था। उक्त वाहन के चालक को चेकिंग हेतु पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया जो चालक द्वारा पुलिस को देखकर वाहन के तेज गति से चलाकर रोड में भागने लगा जिसे तत्काल पुलिस द्वारा पीछा किया गया एवं पुलिस के दबाव में आकर ग्राम बारो के पास उक्त वाहन के चालक ने वाहन को रोड़ में खड़ी कर झाड़ की ओर भाग गया। ग्रामीणों की उपस्थिति में वाहन के तिरपाल को खोला गया जिसमें 03 नग मवेशी अलग-अलग रंग का मिलने पर जप्त किया गया, उक्त मवेशियों को अत्यंत क्रुरतापूर्वक रस्सी से बांधा गया था एवं सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। उक्त प्रकरण में थाना तुमला द्वारा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पशु क्रुरता अधिनियम् की धारा 11, छ.ग. कृषि पशु परि.अधि. 4, 6, 10 एवं छ.ग. पशु परिवहन अधि. 1978 की धारा 47 ए, 47 सी, 48, 52 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं जप्ती कार्यवाही में थाना प्रभारी तुमला निरीक्षक कोमल नेताम, प्र.आर. 358 आनंद प्रकाश लकड़ा, आर.क्र. 667 देवसिंह एक्का, आर.क्र. 478 सुजीत खाखा का योगदान रहा है।

> पशु तस्करी के प्रकरण में आरोपी फरार हो गया है, पशु तस्करी के फरार समस्त आरोपियों की सूची बनाई गई है, उनकी गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया है।
>
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# जशपुर का सालाना उर्स 1 और 2 जून को अजीम नाजा और तनवीर कौसर के बीच कव्वाली का होगा दो रात मुकाबला

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



जशपुर स्थित बाबा मलंग शाह रह. की मजार में सालाना उर्स का आयोजन 1 एवं 2 जून, शनिवार और रविवार को आयोजित है। इस आयोजन में प्रदेश के कई जिलों के साथ बड़ी संख्या में पड़ोसी राज्य ओडिशा और झारखंड से भी श्रद्धालु बाबा मलंग शाह की मजार पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने आते हैं। जशपुर के सालाना उर्स और कव्वाली को लेकर इस वर्ष लोगों में भारी उत्साह है और आयोजन में भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। उर्स आयोजन समिति के सदर महबूब अंसारी और सेक्रेटरी सरफ़राज आलम, इमरान आलम ने आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 1 जून शनिवार को सुबह 10 बजे बाबा मलंग शाह की मजार पर कुरआन ख्वानी और दोपहर में जोहर बाद संदल और गुस्ल की रस्म अदा की जाएगी और शाम 5 बजे असर की नमाज के बाद मजार शरीफ पर चादरपोशी की जाएगी। इसी प्रकार रविवार 2 जून को सुबह 10 बजे मजार शरीफ पर कुरआन ख्वानी और फातेहाखानी की जाएगी। दो रात कव्वाली का कार्यक्रम महबूब अंसारी और सरफराज आलम ने बताया कि शनिवार 1 और रविवार 2 जून को जशपुर उर्स के अवसर पर दो रात कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा, जिसमें मुंबई के कव्वाल अजीम नाजा और मुंबई की कव्वाला तनवीर कौसर कव्वाली पेश करेंगे। दोनो रात श्रोताओं को कव्वाली का शानदार मुकाबला देखने और सुनने को मिलेगा।

# 28 मई विश्व माहवारी दिवस के अवसर पर संकुल एवं पंचायत स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

## ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी स्वच्छता सप्ताह का होगा आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन मुख्य घटक के रूप में सम्मिलित है। इस हेतु 28 मई को प्रतिवर्ष विश्व माहवारी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी अनुक्रम में जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता लाने हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायतों में महिला स्व-सहायता समूह, किशोरी बालिकाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, शाला शिक्षक, ग्रामीणों के साथ माहवारी स्वच्छता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अतंर्गत ग्राम पंचायत कोलिहापुरी जनपद पंचायत दुर्ग एवं ग्राम पंचायत ढौर जपनद पंचायत दुर्ग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पथरिया (सह) जनपद पंचायत धमधा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा एवं वाटरएड संस्था, ग्राम पंचायत लिटिया जनपद पंचायत धमधा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा, ग्राम पंचायत सेलूद जनपद पंचायत पाटन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन एवं वाटरएड संस्था तथा ग्राम पंचायत धौराभाठा जनपद पंचायत पाटन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन एवं समर्थन संस्था द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्विनी कुमार देवांगन ने परिपत्र जारी कर जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन के कार्यपालन अधिकारियों को उनके द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी देने कहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। जिले के कुल 192 ग्रामों के स्वच्छाग्राही स्व-सहायता समूहों को वर्ल्ड बैंक परफारमेंस ग्रांट से कुल 25 लाख रूपए की राशि चक्रिय निधि माहवारी स्वच्छता अंतर्गत सेनेटरी पेड के क्रय-विक्रय हेतु जारी की गई है। इन समूहों द्वारा विशेष प्रचार-प्रसार एवं प्रत्येक महिला तक माहवारी स्वच्छता की जानकारी प्रसारित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# तंबाकू निषेध दिवस पर मॉडल प्रतियोगिता का होगा आयोजन, पंजीयन कराने की अंतिम तिथि 30 मई

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

31 मई 2024 को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तंबाकू निषेध दिवस को भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाना "Protection Children From Tobacco Industry Interference पर मनाया जाएगा। जिस हेतु बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाते हुए तम्बाकू उत्पादों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 31 मई को आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम के तहत मॉडल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाना विषय पर मॉडल तैयार कर इच्छुक प्रतिभागी स्थान कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (नगर भवन के सामने) में जमा कर सकतें हैं। प्रतियोगिता में कोई भी व्यक्ति सम्मिलित हो सकता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ मॉडल प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है। प्रतियोगिता हेतु नाम देने की अंतिम तिथि 30 मई 2024 को शाम 05:00 बजे तक है। प्रतियोगिता हेतु मॉडल जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई को दोपहर 12:00 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए विनोद पटेल मोबाईल नं. 89197-39567 से संपर्क कर सकते हैं।

# सम्मानित हुई हिंदी, भिलाई के मयंक को अमेरिका में मिला नेबर अवार्ड

- हिंदी-यूएसए सैंट लुईस का नाम चमका सेंट लुइस स्टेडियम में, हिंदी, सीख रहे बच्चे चले अंतरराष्ट्रीय सॉकर खिलाड़ियों संग

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com




सात समंदर पार हिंदी को बढ़ावा दे रहे भिलाई के युवा मयंक जैन को अमेरिका का प्रतिष्ठित एक्सेप्शनल नेबर अवार्ड प्रदान किया गया है। अमेरिका के सबसे बड़े खेल समारोह में से एक मेजर लीग सॉकर के दौरान सेंट लुईस के 22 हजार से ज्यादा दर्शकों के बीच मयंक को यह सम्मान प्रदान किया गया। खास बात यह रही कि इस इस सम्मान के दौरान मयंक और उनकी पत्नी डॉ. अंशु जैन द्वारा शुरू की गई हिंदी-यूएसए सैंट लुईस संस्था का नाम भी बोर्ड पर प्रदर्शित किया गया और अमेरिका के प्रमुख टीवी चैनलों पर मयंक का साक्षात्कार भी लिया गया। मयंक ने बताया कि उनके लिए यह गौरवान्वित करने वाला पल था। उन्होंने बताया कि इस प्रतिष्ठित समारोह में उनकी संस्था के लगभग 40 कार्यकर्ताओं को निःशुल्क प्रवेश दिया गया और सभी अपने परिवार के साथ आए थे। इनमें हिंदी सीख रहे सभी बच्चों को स्टेडियम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ चलने करने का मौका मिला। इसे 'के प्लेयर पैल' प्रोग्राम कहते हैं। मयंक के मुताबिक यह अमेरिका में पहली बार हुआ है जिसमें कि एक हिन्दी भाषी संस्था को स्टेडियम में इस स्तर पर सम्मान मिला। उल्लेखनीय है कि हिंदी-यूएसए के संस्थापक दंपति मयंक जैन और डॉ. अंशू जैन इस्पात नगरी भिलाई के रहने वाले है। मयंक जैन कपड़ा व्यापारी सुरेश चंद जैन के पुत्र और डॉ अंशु जैन अंचल के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जन डॉ मदन लाल जैन की सुपुत्री हैं। मयंक जैन अपनी छोटी सी पहल से सेंट लुइस, मिसौरी, अमेरिका में हिंदी की ज्योत जगा रहे हैं। एक गैर-लाभकारी हिंदी पाठशाला हिंदी-यूएसए सेंट लुइस के माध्यम से मयंक वहां के देश-विदेश और भारतीय मूल के बच्चों में हिंदी को बढ़ावा देने सक्रिय हैं। जैन दंपत्ति हिंदी को समर्पित विविध आयोजन करते रहते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में न सिर्फ भारतीय बल्कि दुनिया के अन्य देशों के लोग भी शामिल होते हैं।

# जिला स्तरीय समर कैम्प का शुभारंभ, समर कैम्प में विभिन्न स्कूलों से 140 विद्यार्थी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश के परिपालन में आज जिला स्तरीय समर कैम्प का शुभारंभ विश्वद्वीप पब्लिक स्कूल दुर्ग में हुआ। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग अश्वनी देवांगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में जिले के प्राथमिक/ माध्यमिक/ हाईस्कूल/ हायर सेकण्डरी स्कूलों के 140 बच्चों ने समर कैम्प में अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिये। बच्चों के साथ उनके पालक एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग के विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद से गायन, वादन, नृत्य, रंगोली, मेहंदी तथा शतरंज और कैरम की खेल एवं अन्य गतिविधियों में विद्यार्थियों ने जोश के साथ भाग लिया। मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने सम्बोधन में सीईओ अश्वनी देवांगन ने कहा कि इस समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारना एवं उन्हें सही दिशा देना है। उन्होंने इस आयोजन में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी। जिला मिशन समन्वयक सुरेन्द्र पाण्डेय ने समर कैम्प के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समस्त विधाएँ जिन पर बच्चों के साथ गतिविधियों होनी है उसके बारे में बताया। स्कूली छात्रा कविता पुराणिक द्वारा स्वागत नृत्य तथा डॉ. सरिता साहू द्वारा छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जे. मनोहरण, ए.डी.पी.ओ. द्वारा किया गया। इस अवसर पर विवेक शर्मा, आई.के. रामटेके, रश्मि नाथ, मती सीता अग्रवाल सहित सभी विधाओं के विशेषज्ञ उपस्थित रहें। समर कैम्प में पी.एम.यू. कलेक्टोरेट से आयाज सिद्दीकी एवं यामिनी भी उपस्थित रही। प्रथम दिवस के कैम्प को सफल बनाने में संकुल समन्वयकों तथा शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा

## प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी

# मतगणना की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

- मतगणना कार्य 04 जून को सुबह 8 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर गरियाबंद स्थित मतगणना केन्द्र में किया जाएगा
- मतगणना हाल में मोबाईल फोन ले जाने की नहीं होगी अनुमति, परिचय पत्र के बिना प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतगणना मंगलवार 04 जून को सुबह 8 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर गरियाबंद स्थित मतगणना केन्द्र में किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने आज कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित मतगणना संबधी तैयारियों की बैठक ली। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धीरेन्द्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हितेश पिस्दा, अर्पिता पाठक, उप पुलिस अधीक्षक निशा सिन्हा, मास्टर ट्रेनर सहित संबंधित जिला अधिकारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विधानसभा के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएंगे तथा ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना की जाएगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मतगणना केंद्र में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक टेबल पर एक गणना पर्यवेक्षक, एक गणना सहायक, एक माइक्रो आर्ब्जवर की नियुक्ति की गई है। मतगणना स्थल में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए एक मीडिया सेंटर रहेगा। मीडिया कर्मियों को केवल मीडिया सेंटर तक ही मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी। मीडिया कर्मी वीडियो कैमरा रख सकेंगे लेकिन ट्राइपॉड, बायपॉड रखने की अनुमति नही होगी। इस संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मतगणना केन्द्र में केवल मतगणना कर्मचारी, उम्मीदवार तथा उनके अनुमति प्राप्त मतगणना एजेंट एवं निर्वाचन आयोग तथा निर्वाचन कार्यालय से जारी मीडियाकर्मी ही प्रवेश पा सकेंगे। मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों का प्रशिक्षण देने के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को कहा गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल ने बताया कि मतगणना कार्य के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ईव्हीएम लाने एवं ले जाने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर, टेबुलेशन प्रभारी सहित ईवीएम एवं सुरक्षा नोडल अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना हाल में रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रेक्षक के अतिरिक्त किसी को भी मोबाईल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। रिटर्निंग अधिकारी के अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति हाल में प्रवेश या निकासी नहीं कर सकता। मतगणना के दिन विद्युत की सतत आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारू तरीके से कर ली जाये। बैठक में कहा गया कि मतगणना में निष्पक्ष कार्यवाही करें। परिसर में लाइट व पंखे की व्यवस्थाओं को चेक कर ले।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन मंत्रालय द्वारा जारी वेब साईट htpp://awards.gov.in पर किया जा सकता है। साथ ही आवेदन की एक प्रति महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 83 में भी उपलब्ध करा सकते हैं। पुरस्कार के लिए पात्रता- बालक भारतीय नागरिक व भारत का निवासी हो। सम्बंधित वर्ष के 31 जुलाई को बालक का उम्र 5 वर्ष से कम व 18 वर्ष से अधिक न हो।बालक के उत्कृष्ट कार्य/ घटना/उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि (31 जुलाई 2024) से विगत 02 वर्ष के अंदर की हो। आवश्यक दस्तावेज -मामले का एफआईआर कॉपी। समाचार में प्रकाशित खबर की पेपर कटिंग। वीरता प्रमाण पत्र सत्यापित प्रति। बच्चे का आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं अंकसूची की छायाप्रति। ज्ञातव्य है कि भारत के असाधारण क्षमता वाले बच्चों को उचित प्रोत्साहन देने हेतु उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति, नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल किए जाने पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को बालवीर दिवस पर घोषित किया जाता है। इसके तहत 25 या न्यूनाधिक विजेता बच्चों को एक मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

## संपादकीय

# बाजार में उछाल सकारात्मक संकेत

**बाजार में उछाल तथा आर्थिक क्षेत्रों में उत्साह** से वर्तमान सरकार के प्रति निवेशकों का विश्वास प्रकट हुआ है। आमतौर से लोकसभा चुनाव परिणाम आने से पहले बाजार नए रिकार्ड नहीं बनाता है। लेकिन खासकर भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई द्वारा सरकार को भारी डिविडेंट देने की घोषणा के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार उछाल आ रहा है। शेयर बाजार में ऐतिहासिक उछाल आया है जिससे लगातार दो दिन सेंसेक्स और निफ्टी ने नई ऊंचाइयां छुई हैं। आरबीआई ने हाल ही में सरकार को रिकार्ड डिविडेंट देने की घोषणा की जिसका निवेशकों की भावनाओं पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा। मुख्यत: इसका कारण चुनाव परिणामों से आशानुकूल उम्मीद है। आरबीआई ने सरकार को रिकार्ड 2.1 लाख करोड़ रुपये डिविडेंट हस्तांतरित करने का फैसला किया जो वित्तीय बाजार में उछाल का प्रमुख कारण है। इससे न केवल सरकार की राजकोषीय स्थिति मजबूत होगी, बल्कि इससे केन्द्रीय बैंक प्रबंधन द्वारा व्यावहारिक प्रबंधन तथा जीवन्त आर्थिक स्वास्थ्य के भी संकेत मिलते हैं। यह डिविडेंट बजट में अनुमानित धनराशि से लगभग दूना है। इतने भारी डिविडेंट से सरकार को अतिरिक्त राजकोषीय 'स्पेस' मिलता है। इससे ढांचागत परियोजनाओं में निवेश तथा समाज कल्याण कार्यक्रमों की सहायता में सरकार को ज्यादा सार्वजनिक खर्च का अवसर मिलता है। भारी आरबीआई डिविडेंट को आर्थिक स्थायित्व तथा मजबूत आधार का संकेत मिलता है। इससे बाजार में घरेलू और विदेशी पूंजी आने को प्रोत्साहन मिलता है। डिविडेंट की घोषणा के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में असाधारण उछाल आया है। इससे सेंसेक्स ने 75,000 तथा निफ्टी ने 20,000 का स्तर पार किया।




इस उछाल से भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती तथा उसकी वृद्धि की संभावनाओं में निवेशकों का विश्वास प्रकट होता है। आरबीआई द्वारा डिविडेंट की घोषणा तथा उछाल मार रहे शेयर बाजार के बीच एक सकारात्मक संबंध है। बाजार में उछाल का एक और कारण सकारात्मक चुनाव परिणामों का अनुमान है। निवेशक अक्सर राजनीतिक स्थायित्व को आर्थिक नीतियों तथा विकास दिशा का प्रमुख निर्धारक मानते हैं। विकास की यह संभावना ज्यादा निवेश आकर्षित करती है, शेयर बाजारों को और ऊंचाई पर ले जाती है तथा आशावाद और वित्तीय समृद्धि का चक्र तैयार करती है। वर्तमान भावनाओं से संकेत मिलता है कि चुनाव परिणाम एक बिजनेस-हितैषी तथा बाजार-हितैषी नीतियां बनाए रखेंगे। ऐतिहासिक प्रवृत्तियों से संकेत मिलते हैं कि बाजार स्पष्ट व स्थिर चुनाव परिणामों के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हैं जिसे आर्थिक प्रशासन में निरंतरता तथा पूर्वानुमान आधारित माना जाता है। आरबीआई डिविडेंट की घोषणा तथा शेयर बाजार में उछाल एक सकारात्मक चक्र है। यह सरकार को अतिरिक्त राजकोषीय संसाधन देता है जो सरकार को ज्यादा महत्वपूर्ण विकास पहलों का अवसर देते हैं। इससे आर्थिक वृद्धि तेज होती है। राजकोषीय व्यावहारिकता, आर्थिक रणनीति तथा राजनीतिक उम्मीदों के बीच इस ध्रुवीकरण से राष्ट्र के भविष्य के प्रति अच्छी उम्मीदें सामने आती हैं। चुनाव जल्द ही समाप्त होकर नई सरकार बनेगी। ऐसे में निवेशकों में सकारात्मक भावनायें बाजार के स्थायित्व व विकास का संकेत देती हैं। लेकिन केवल शेयर बाजार ही किसी देश की अर्थव्यवस्था की संपूर्ण तस्वीर नहीं पेश करता है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव अनुमानों पर आधारित होता है और इसका कारण जमीनी यथार्थ के बजाय सकारात्मक भावनायें अधिक होती हैं।

# भारतीय चुनावों में राजनीतिक संदेश

**वर्तमान चुनाव में डिजिटल दुष्प्रचार अभियानों ने घुसपैठ कर ली है। इससे अधिकारियों तथा नागरिकों के समक्ष समान रूप से चुनौतियां पैदा हुई हैं। भारतीय निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों को इस संबंध में चेतावनी दी है।**



साईदीप कार
(लेखिका, विश्वविद्यालय में शिक्षक हैं)



एक प्रमुख फिल्म प्रोग्रामर तथा लेखक डेविड श्वार्टज़ ने ठीक ही कहा है, 'राजनीतिक कामर्शियल डाक्यूमेंट्री की तरह दिखना चाहते हैं, पर वे फिक्शन फिल्म निर्माण की सभी तकनीकों का प्रयोग करते हैं जिनमें स्क्रिप्ट, पर्फामेंस व संगीत शामिल हैं।' यह भारत में वर्तमान आम चुनाव तथा राजनीतिक संप्रेषण के बारे में लगभग सही है। 'डीप फेक' समेत तकनीकों के प्रयोग से इस चुनाव को 2019 के आम चुनाव से एकदम अलग बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। राजनीतिक संप्रेषण राजनीतिक संदेश, अभियान और विज्ञापन तैयार करने तथा उनको प्रभावित करने से संबंधित है जिसमें अक्सर मॉस मीडिया का प्रयोग होता है। यह अंतर-विषयी क्षेत्र है जिसमें संचार, पत्रकारिता और राजनीति विज्ञान शामिल हैं। राजनीतिक संप्रेषण का संबंध सूचना के प्रवाह, राजनीतिक प्रभाव, निर्णय लेने, खबरों तथा उनके नागरिकों पर प्रभाव से है।

वर्डवाइड वेब या इंटरनेट के आविष्कार के बाद विश्लेषण करने वाले डेटा की मात्रा बहुत बढ़ गई है और शोधकर्ता राजनीतिक संप्रेषण की गतिशीलता समझने के लिए कंप्यूटेशनल विधियां प्रयोग कर रहे हैं। यह बात भारत में 2024 के वर्तमान संसदीय चुनाव के संबंध में भी पूर्णत: प्रासांगिक है। भारत में लोकसभा के 543 सदस्यों का चुनाव करने के लिए संसदीय चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए और 1 जून तक सात चरणों में जारी रहेंगे। यह इतिहास का सबसे लंबा चुनाव है। इसने पहले हुए 44 दिन चुनाव का रिकार्ड तोड़ दिया है और 1951-52 में हुए पहले भारतीय संसदीय चुनाव के बाद इसका दूसरा स्थान है। इस चुनाव में 1.4 बिलियन लोगों में से लगभग 970 मिलियन, यानी कुल जनसंख्या के लगभग 70 प्रतिशत लोग भाग लेंगे। आम चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश, अरुणांचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम राज्यों में भी चुनाव होंगे। इसके साथ ही 12 विधानसभाओं के 25 निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव भी होंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी और उसी दिन परिणामों की घोषणा हो जाएगी। अपने दो कार्यकाल पूरे कर चुके वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

सोशल मीडिया राजनीतिक संप्रेषण में लगातार महत्वपूर्ण उपकरण बनता जा रहा है। जनसंख्या के एक हिस्से के लिए यह एक मुख्य मंच है जहां लोग खबरें प्राप्त करते हैं तथा उन पर टिप्पणी कर व उनको साझा कर लोगों से संवाद करते हैं। सोशल मीडिया ने नाटकीय रूप से आधुनिक राजनीतिक अभियानों को नया रूप दिया है। डिजिटल रूप से शिक्षित ज्यादा से ज्यादा लोगों के मतदान प्रक्रिया में आने के बाद सोशल मीडिया राजनेताओं के लिए महत्वपूर्ण उपकरण बन गया है जिसके माध्यम से वे स्वयं को स्थापित कर मतदाताओं से संपर्क करते हैं। सोशल मीडिया प्रयोग करने का अनुभव मुख्यत: प्रयोगकर्ता पर निर्भर करता है जिसमें प्लेटफार्म के एल्गोरिद्म प्रत्येक प्रयोगकर्ता की पसंद के अनुभव के अनुसार बनाए जाते हैं। इसके कारण डिजिटल सोशल व्यवहार बढ़ने पर प्रत्येक व्यक्ति अपने जैसी सोच वाले ज्यादा से ज्यादा लोगों के संपर्क में आता है। सके साथ ही, सोशल मीडिया ने राजनीति को बदला है क्योंकि यह लोगों को अपने निर्वाचकों को सीधे संप्रेषित करने का मौका देता है तथा लोग सीधे राजनेताओं से बात कर सकते हैं। हालांकि, यह अनाधिकारिक प्रकृति दुष्प्रचार का काम भी कर सकती है क्योंकि 'संस्थागत पत्रकारिता में तथ्यों की जांच प्रक्रिया' जैसी इसमें कोई चीज नहीं होती है। हालांकि, सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक लोकतांत्रिक एजेंट का काम करते हैं जो लोगों को राजनीतिक संवाद में सक्षम बनाते हैं, भले ही वे चाहे जिस भौगोलिक या सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से हों। नागरिक अपने दृष्टिकोण सामने रख सकते हैं, हाशियाकृत विमर्शों को विस्तार दे सकते हैं तथा सामूहिक कार्रवाई को लामबंद कर सकते हैं। इस प्रकार वे समाज का लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत करते हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया का हस्तक्षेप सक्रिय रूप से राजनीतिक संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देता है क्योंकि इससे जनता की जांच गहन हो जाती है तथा फीडबैक व्यवस्था का विस्तार होता है।

इसके साथ ही भारत के वर्तमान चुनाव में तकनीकी हस्तक्षेप लगातार राजनीतिक संप्रेषण में हस्तक्षेप कर रहा है। इस चुनाव में दुष्प्रचार का नया चेहरा सामने आया है। इस बार भारत मतदाताओं के समक्ष मुस्कराता है, उनसे बात करता है तथा उनको ऐसे विवेक के साथ अपने पक्ष में लाता है जिसे शुरू करना कठिन है और उस पर नियंत्रण करना और भी कठिन है। 2019 के चुनाव में भी घृणा और दुष्प्रचार अभियान शामिल थे, पर तकनीक के प्रयोग से पूरी परिस्थितिकी बदल गई है जो दुष्प्रचार की दर बहुत बढ़ा देती है। पिछले पांच वर्षों में धोखाधड़ी को नए रास्ते मिल गए हैं। कानून लागू करने वाली एजेंसियां लगातार चेतावनी दे रही हैं कि भारतीय मतदाताओं को 2024 में चुनाव दुष्प्रचार का खतरा बहुत बढ़ गया है।

लोग असली तथा 'कृत्रिम बुद्धि'-एआई के बारे में अंतर करने में ठीक से सक्षम नहीं हैं जिससे वे धोखाधड़ी तथा अनाधिकारिक पहुंच के शिकार हो सकते हैं। सोशल मीडिया अभियान फर्जी खबरों और दुष्प्रचार पर लगाम लगाने के प्रयास कर रहे हैं। भारत सरकार आनलाइन फर्जी खबरों के प्रसार को बेहतर ढंग से संबोधित करने के लिए वर्तमान विधायनों का उच्चीकरण कर रही है।

2019 का चुनाव सोशल मीडिया पर हुआ था। शोधकर्ताओं ने संवेदनशील अभियानों की पहचान की थी जिन्होंने वाटसएप संदेशों और आईटी बोट का व्यापक प्रयोग कर फोटो में परिवर्तन किए थे, विषयवस्तु में बदलाव किए थे। 2024 के आम चुनाव में फेसबुक पर फर्जी वीडियो चलाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि डिजिटल प्लेटफार्म ऐसे मीडिया की पहचान कैसे कर उनको सही संदर्भ में सामने रख सकते हैं। एआई के युग में भी ऐसे उपाय अभी सुनियोजित नहीं हैं। अब सस्ते या मुफ्त टूल आम लोगों को भी डीप फेक तैयार करने में सक्षम बना रहे हैं। इससे फर्जी या अवैध विषयवस्तु का प्रसार रोकना और कठिन हो गया है। इसका अर्थ है कि तकनीकी प्लेटफार्मों को अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी होगी तथा दुष्प्रचार की श्रृंखला तोड़ने के लिए वर्तमान समय की तुलना में बहुत तेज कदम उठाने होंगे। भारत में 2019 चुनावों के बाद सोशल मीडिया में आया एक सबसे बड़ा परिवर्तन ट्विटर या एक्स की अनुपस्थिति है। इस प्लेटफार्म का प्रयोग भारत के कुछ नियंत्रित राजनेता तथा सरकारी एजेंसियां करती थीं। इसके माध्यम से वे आधिकारिक सूचनाओं को देश के मीडिया तक पहुंचाते थे।

आजकल की दुनिया में राजनीति समझने का अर्थ यह समझना है कि राजनेता विभिन्न मीडिया चैनलों का संप्रेषण के लिए किस तरह प्रयोग करते हैं। ये चैनल न केवल राजनीतिक छवियों और संदेशों का प्रसारण करते हैं, बल्कि उनको स्वरूप भी प्रदान करते हैं। जिस प्रकार राजनीतिक व्यवस्थायें नीतियों व निर्णयों के माध्यम से प्रभावित करती हैं, उसी प्रकार मीडिया के ढांचे राजनीतिक संप्रेषण प्रक्रियाओं पर गंभीर प्रभाव डालते हैं। वर्तमान समय में आसानी से बनाए जा सकने वाले 'एआई वीडियो' अपनी लगभग सटीक छायाओं तथा हाथों के संचालन से कभी-कभी डिजिटल रूप से साक्षर लोगों को भी भ्रमित कर देते हैं। लेकिन 1.4 बिलियन लोगों के देश में यह खतरा बहुत अधिक है क्योंकि बहुत से लोग तकनीकी रूप से सक्षम नहीं हैं और जहां विषयवस्तु से छेड़छाड़ कर खासकर चुनाव के मौसम में आसानी से नस्ली तनाव पैदा किया जा सकता है। भारतीय निर्वाचन आयोग ने हाल ही में राजनीतिक पार्टियों को चेतावनी दी है कि वे कृत्रिम बुद्धि-एआई का प्रयोग दुष्प्रचार फैलाने के लिए न करें। उसने आईटी व अन्य कानूनों के सात प्राविधान जारी किए हैं जिसमें धोखाधड़ी करने, अफवाहें फैलाने तथा समाज के विभिन्न तबकों में दुश्मनी पैदा करने के अपराधों में तीन साल तक कैद की सजा हो सकती है। हालांकि, शुरुआत में फर्जी वीडियो के कुछ मामले सामने आए थे, पर बाद में ऐसे प्रकरणों पर लगाम लगी है। उम्मीद है कि भारत में लोकसभा चुनाव स्वच्छ एवं निष्पक्ष होंगे तथा एआई का प्रयोग कर धोखाधड़ी करने का मौका लोगों को नहीं मिलेगा।

# यूपीएससीः समानता का प्रतीक और सफलता का सबसे छोटा रास्ता

इंशा वारासी

भारत की प्रतिष्ठित संघ लोक सेवा परीक्षा में सफल मुस्लिम उम्मीदवारों की बढ़ती जनसांख्यिकी मुस्लिम समुदाय में हो रहे शैक्षिक परिवर्तन का प्रमाण है। योग्य मुस्लिम उम्मीदवारों के प्रतिशत की निगरानी करके, कोई भी परीक्षा में उनकी सफलता को प्रभावित करने वाले कारकों की बेहतर समझ प्राप्त कर सकता है। उनकी उपलब्धियाँ निष्पक्ष चयन प्रक्रिया का प्रमाण हैं, जो हाशिये पर मौजूद वर्गों को सफल होने और बड़े सपने देखने की अनुमति देती हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, 2023 यूपीएससी परीक्षा में सफल मुस्लिम उम्मीदवारों का प्रतिनिधित्व 4.9 प्रतिशत है. पिछले वर्षों में, प्रतिशत 2021 में 3.64 प्रतिशत से लेकर 2022 में 3.10 प्रतिशत तक रहा है. पिछले वर्ष की तुलना में 70% से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि दिखाते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए। यह प्रवृत्ति सरकारी संस्थानों के भीतर अधिक प्रतिनिधित्व और विविधता की ओर बदलाव का संकेत देती है, जो समानता और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। चूंकि मुसलमान बाधाओं को तोड़ना और भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करना जारी रखते हैं, इसलिए समाज के लिए उनके प्रयासों का समर्थन करना और प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। आवश्यक संसाधन और अवसर प्रदान करके मुस्लिम युवाओं को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने और इस राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान देने के लिए सशक्त बनाया जा सकता है।

अल्पसंख्यक पृष्ठभूमि के छात्र अधिक जागरूक हो रहे हैं और उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। परिणामस्वरूप, हम सिविल सेवाओं में शामिल होने की इच्छा रखने वाले मुस्लिम छात्रों, विशेषकर महिला छात्रों में वृद्धि देख रहे हैं, जो एक सकारात्मक विकास है। इस वर्ष 9वीं रैंक धारक एक मुस्लिम महिला है, जो गरीबी के जाल और मुस्लिम समुदाय से जुड़ी रूढ़िवादिता से बचने के लिए शिक्षा और सरकारी सेवाओं पर मुस्लिम परिवारों के जोर को दर्शाता है। यह सच है कि दशकों से, मुसलमान पिछड़ गए हैं और पिछड़ गए हैं, जिसने उन्हें आधुनिक शिक्षा प्राप्त करने और कैरियर विकल्प के रूप में नौकरशाही की इच्छा रखने से रोक दिया है। यह भी गलत धारणा थी कि मुस्लिम उम्मीदवारों को प्रशासन देते समय पक्षपात किया जा रहा है, लेकिन अब यह दृष्टिकोण बदल गया है। यूपीएससी में चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता और समानता के प्रति प्रतिबद्धता न केवल यह सुनिश्चित करती है कि सबसे योग्य व्यक्तियों को सिविल सेवा के लिए चुना जाए, बल्कि सिस्टम में विश्वास और विश्वास की भावना भी पैदा होती है। यह विविध पृष्ठभूमि और हाशिए पर रहने वाले वर्गों के उम्मीदवारों के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में कार्य करता है। यह इस बात पर भी प्रकाश डालता है कि कड़ी मेहनत का फल मिलता है और मेहनती और प्रतिभाशाली व्यक्तियों के लिए उपलब्धि हासिल करना संभव है। इसके अतिरिक्त, यह मुस्लिम युवाओं को अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखने और सभ्य बनने की आकांक्षा रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। सेवकों से आग्रह किया गया कि वे अपने चुने हुए क्षेत्र में सफलता की खोज में बाहरी कारकों से न डरें। शिक्षा और योग्यता-आधारित चयन के महत्व पर जोर देकर, मुस्लिम छात्र विकास में तेजी लाने और लोगों को ईमानदारी से सेवाएं प्रदान करने में योगदान दे सकते हैं। यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि परिवर्तन और प्रगति के दृश्य एजेंटों को जामिया हमदर्द, जामिया इस्लामिया या अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों के साथ-साथ अन्य सामुदायिक समूहों को श्रेय दिया जाता है जो आवासीय कोचिंग, पुस्तकालय सुविधाएं, अनुकूल सीखने का माहौल, सलाह, शिक्षण सामग्री, तैयारी सत्र प्रदान करते हैं। ये संगठन उम्मीदवारों के लिए एक सहायक माहौल और आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें अपने संबंधित क्षेत्रों में सफल होने और महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव डालने के लिए सशक्त बनाया जाता है। इसलिए, युवाओं, विशेषकर महिलाओं का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रतिस्पर्धी और प्रतिष्ठित परीक्षाओं के लिए तैयार करने के लिए सामुदायिक स्तर पर ऐसी और पहल की आवश्यकता है।




मुस्लिम युवाओं को छोटी-मोटी सांप्रदायिक घटनाओं से विचलित होने से बचना चाहिए और इसके बजाय अपनी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए और समुदाय में अभी भी प्रचलित शिक्षा के प्रति अनिच्छा को दूर करने के लिए सामुदायिक संबंध बनाना चाहिए। यह दृष्टिकोण मुस्लिम युवाओं को अपने लक्ष्य हासिल करने और समाज में सकारात्मक योगदान देने में सक्षम बनाएगा। सिविल सेवा में विविधता और समावेशन के महत्व पर जोर देकर, हम एक अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और न्यायसंगत प्रणाली बना सकते हैं। उम्मीदवार चयन में निष्पक्षता के लिए यूपीएससी की सराहना करना आवश्यक है, क्योंकि यह सिस्टम में विश्वास को बढ़ावा देने में मदद करता है और सभी आवेदकों के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है। जब मुस्लिम युवा प्रतिस्पर्धी स्तर पर पहुंचते हैं, तो सार्वजनिक संस्थानों और प्रशासन की निष्पक्षता उनकी सफलता और उपलब्धियों को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण हो जाती है। इस पहलू में, यूपीएससी जैसी संस्थाएं निष्पक्ष और

## आप की बात

### ताइवान में तनाव

**ताइवान** के चारों ओर बड़े पैमाने पर युद्धाभ्यास कर चीनी सेनाओं ने न केवल ताइवान को धमकाया है बल्कि उसका समर्थन करने वाले देशों को भी शक्ति प्रदर्शन से डराने का प्रयास किया है। इस समय दुनिया में खतरनाक रूप से युद्ध की परिस्थितियां बन रही हैं। रूस-यूक्रेन और इज़राइल-हमास युद्ध ने समूचे विश्व को हैरान परेशान कर रखा है। ऐसे में भी चीन का अन्य देशों पर आधिपत्य जमाने का उतावलापन विश्व को और खतरनाक स्थिति में धकेल रहा है। ताइवान की जनता ने चीन के खिलाफ मतदान करके अपना फैसला बता दिया है तो चीन जोर जबरदस्ती से उसे हथियाने पर क्यों आमादा है? चीन ताइवान को अपना ही हिस्सा मानता है और अपनी आर्थिक शक्ति के बल पर उसने अमेरिका समेत दूसरे देशों को ताइवान को स्वतंत्र देश न मानने को मजबूर किया है। गिने-चुने देश ही ताइवान को स्वतंत्र देश मानते हैं। ऐसे में यदि अमेरिका समेत अन्य शक्तिशाली देश चीन का ताइवान के मुद्दे पर खुलकर विरोध नहीं करते हैं तो उसकी खुराफातें बढ़ती जाएगी। चीन का हौसला रूस-यूक्रेन युद्ध में पुतिन की बढ़त तथा रूस पर वैश्विक प्रतिबंधों के निष्प्रभावी होने से और बढ़ा है। ऐसे में भारत को पूरी स्थिति पर नजर रखते हुए अपनी सीमा सुरक्षा और मजबूत करनी चाहिए।

–**विभूति बुपक्या**, खाचरोद

### शिक्षकों की समस्या

**शिक्षक** की पिटाई और माता-पिता की डांट-फटकार के कारण किशोर-किशोरियों की आत्महत्या की घटनायें अक्सर सामने आती हैं। लेकिन अतार्किक रूप से इसका दोष शिक्षकों पर मढ़ देना उचित नहीं है। शिक्षकों द्वारा दंड देने पर शिक्षकों को छात्रों और उसके परिजनों द्वारा अपमानित करना तो सामान्य सी बात हो गयी है। कांग्रेस शासनकाल में पास कानून ने शिक्षकों को छात्रों को शारीरिक दंड देने से प्रतिबंधित कर दिया। इसे एक सीमा तक सही भी कहा जा सकता है। लेकिन इस कानून ने शिक्षक को इतना मजबूर बना दिया कि वह छात्र अनुशासनहीनता करने पर भी दंड नहीं दे सकता है। इसके परिणाम स्वरूप कुछ छात्रों में उद्दण्डता की भावना बढ़ती है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि पिछले दशकों में समाज में शिक्षकों का सम्मान घटा है और उनको किसी अन्य वेतनभोगी कर्मचारी जैसा मान लिया गया है। अधिकांश शिक्षक आज भी छात्रों-छात्राओं को अपने परिवार की तरह मान कर उनके सर्वांगीण विकास की चिन्ता करते हैं। ऐसे में उनके द्वारा छात्रों को दंड देने को संवेदनहीन ढंग से आपराधिक मामला बनाना उचित नहीं है। इससे शिक्षकों में भी संवेदना और सहानुभूति में कमी आती है।

– **नरेन्द्र टोंक**, मेरठ

### खाद्य पदार्थों में मिलावट

**खाद्य पदार्थों** में मिलावट की समस्या गंभीर है। 140 करोड़ की आबादी वाले देश में खाद्य पदार्थों के सैंपल के लिए मात्र 200 लैबोरेट्री काम कर रही है, जबकि प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक लैबोरेट्री होना चाहिए। इनको न सिर्फ खाद्य निरीक्षकों द्वारा लिए गए नमूनों की जांच करनी चाहिए, बल्कि आम जनता द्वारा भी बाजार से खरीदे जाने वाली सभी खाद्य वस्तुओं, जैसे दूध, नमकीन, मिठाइयों, आदि की जांच शुल्क देकर करने की सुविधा देनी चाहिए। खाद्य विभाग मे व्याप्त भारी भ्रष्टाचार अब किसी से छिपा नहीं है। अक्सर दूकानदार यह कहते मिल जाएंगे कि खाद्य निरीक्षक वसूली के लिए ही नमूने भरते हैं तथा बाकी समय खाद्य पदार्थों की मिलावट के प्रति आंखें बंद किए रहते हैं। कहा जाता है कि वे दूकानदारों से हफ्ता वसूल करते हैं। पैक मसालों व अन्य ब्रांडेड वस्तुओं पर जनता आंख मूंदकर विश्वास करती है, पर उनमें से भी अनेक के मामले अधोमानक या हानिकारक पाए जाते हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए कठोर मानकों के साथ इनका उल्लंघन करने वालों को इतने कठोर दंड के प्राविधान होने चाहिए जिससे वे आम जनता के स्वास्थ्य व जीवन के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत ही न कर सकें।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### ओवैसी की स्वीकारोक्ति

**राजनीतिक विश्लेषक** प्रशांत किशोर ने महागठबंधन की कमजोरियों के मद्देनजर फिर से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने की भविष्यवाणी की है। अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन आवैसी ने भी यूपी की एक सभा में कहा कि तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे। आवैसी की स्वीकारोक्ति से स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन में शामिल मोदी के धुरंधर विरोधी नेता अपनी सरकार बनाने की जो डींगें हांक रहे हैं, वे केवल अपने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाने के लिए ही हैं। वैसे वे भी जानते हैं कि अब की बार भी देश में मोदी सरकार ही काबिज होने वाली है। इस तरह प्रशांत किशोर के पश्चात् लो अब ओवैसी की स्वीकारोक्ति से विपक्षी नेताओं के सारे बयान निरर्थक सिद्ध हो गए हैं। वैसे भी शेयर बाजार और सटोरियों ने भी मोदी सरकार बनने के संकेत दे दिए हैं। अब अंतिम चरण का चुनाव बाकी है और सारी जनता को 4 जून को आने वाले नतीजों की प्रतीक्षा है। इसके पहले देखना होगा कि एक जून को मतदान के अंतिम चरण के बाद टीवी चैनलों पर आने वाले एक्जिट पोल चुनाव परिणामों की क्या तस्वीर पेश करते हैं।

– **दीप्ति प्रदीप बंदवार**, रतलाम

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पिरदा पहुंच कर विधायक दीपेश साहू मृतक एवं घायलों के परिजनों से की मुलाकात

## पीड़ित परिजनों को बांधा ढाढंस प्रदर्शनकारियों से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा मे स्थित बारूद फैक्ट्री मे जोरदार धमाका हुआ जिसके कई मजदूरों की दबे होने की जानकारी मिली जिसमे 7 मजदूर जो घटना मे घायल थे जिनको तत्काल इलाज के लिए रायपुर रिफर किया गया। वही एक व्यक्ति की इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही बेमेतरा विधायक दीपेश साहू तत्काल झारखंड से चुनाव प्रचार छोड़कर अपने विधानसभा बेमेतरा क्षेत्र के ग्राम पिरदा पहुंचे। चुकी विधायक दीपेश साहू को लोकसभा के मद्देनज़र नजर झारखण्ड के गोड्डा लोकसभा अंतर्गत महगामा विधानसभा का प्रवाशी प्रभारी का दायित्व दिया गया था द्य जिसके बाद कल घटना की जानकारी मिलते ही चुनाव प्रचार छोड़कर बाई रोड अपने निजी वाहन से ग्राम पिरदा पहुंचे जहां फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन मे बैठे लोगो से मुलाक़ात किया और पीड़ित परिजनों और क्षेत्रवाशियों से मुलाक़ात कर सबकी मांगो को सुनी और हर संभव मदद का मृतक एवं पीड़ित परिवारों को आश्वासन दिया। इस दौरान मृतक और घायलों के परिजनों कम्पनी के अंदर मुलाकात किया और परिजनों को ढाढस बांधा और कहा की घटना बहुत ही हृदय विदारक है घटना की कई लोगो की दबे होने की जानकारी मिली। जिनको प्रशासन की टीम द्वारा रेस्कयु कर निकाला जा रहा हैं द्य इसके साथ ही विधायक साहू ने परिजनों और मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए कहा की हमारी सरकार आप सभी श्रमिकों के परिवार के साथ है। आप लोग जैसे चाहेंगे हर संभव मदद किया जाएगा कहा। विधायक दिपेश ने ब्लास्ट घटना स्थल का निरिक्षण किया। जिसके बाद घटना स्थल देख विधायक साहू की आंखे नम हो गई। विधायक ने कहा की घटना बहुत ही हृदय विदारक हैं घटना की जितनी निंदा की जाये कम हैं। इस दौरान उन्होंने दुर्ग रेंज के आईजी बेमेतरा कलेक्टर, एसपी सख्त निर्देश देते हुए कहा कि घटना की जितनी हो सके बारीक से जांच की जाये और इस घटना मे जितने भी दोषी लोग है उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जिससे जितने घायल और मृतक परिजन है उनको न्याय मिल सके। साथ ही जांच ऐसे की जाए की दोबारा इस प्रकार की घटना ना हो। विधायक दीपेश साहू पिरदा पहुंचते ही सबसे पहले फैक्ट्री के मेन गेट के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगो से मुलाक़ात किया और उनकी मांगो को सुनी। साथ ही विधायक साहू ने कहा की हमारी सरकार पीड़ित परिजनों के साथ हैं। मृतकों को हमारी सरकार द्वारा 5 - 5 लाख की और घायलों को 50-50 हजार की सहायता राशि की घोषणा की जा चुकी हैं। साथ ही उन्होंने कहा की मुझे बोरसी पिरदा के जनता ने एक जनसेवक और जनप्रतिनिधि के रूप मे क्षेत्र के विधायक के रूप मे चुना हैं तो मै इस पुरे मामले मे जनता के साथ हु जनता जैसे कहेँगे वैसे मै करूँगा। पीड़ित परिवार की जो मांग रहेगी मै कम्पनी के मालिकों से बात करके उनके जितनी मांग हैं उनको पूरा करने के लिए कहूंगा कहा। चुकी जनता मेरे विधानसभा क्षेत्र के हैं तो मै शुरू से जनता के साथ खड़ा हु और अंत तक जनता के साथ रहकर पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने मे मदद करूँगा। उन्होने यह भी कहा की इस दुःख द घड़ी के समय मे हमें विरोध ना कर पीड़ित परिजनों की को सहयोग कर उनके साथ खड़े रहने की आवश्यकता हैं चुकी ये सभी हमारी परिवार के सदस्य हैं। हम एक दूसरे से लड़ेंगे तो न्याय कैसे मिलेगा। हमें शासन प्रशासन को जांच और कार्यवाही मे मदद करने की जरूरत हैं जिससे पारदर्शिता के साथ घटना की जाँच की जाये और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही हो सके और हमारे जो मृतक और घायल साथी हैं उनको न्याय मिल सके।

# बारूद फैक्ट्री हादसे पर कांग्रेस ने जांच समिति घटना स्थल पहुंच किया मुआयाना

## दोषियों पर जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बेमेतरा जिले में हुए बारूद फैक्ट्री ब्लास्ट हादसे को लेकर जांच समिति का गठन किया है। बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट में मजदूरों की मरने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने पूर्व विधायक अनिता शर्मा के नेतृत्व में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा सहित आठ-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति के सदस्यों द्वारा प्रभावित स्थल का दौरा किया गया घटित घटना स्थल पहुंच स्थल का निरीक्षण किया गया और पीड़ित परिजनों सहित स्थानीय ग्रामवासियों से मुलाकात कर चर्चा कर घटना की जानकारी लिए साथ ही घटना की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा 24 घंटे से ज्यादा समय होने को है पीड़ित परिवार जनों को अभी तक मृतकों की डेड बॉडी नही मिल पाई है,जिससे ग्रामीण जनों में भारी आक्रोश है, इस दुखत घटना में इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार पीड़ित परिजनों के साथ खड़ी है, पीड़ित परिवार को हर संभव मदद मिले, और इस घटना के लिए जो भी दोषी हो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जांच समिति में अनिता शर्मा पूर्व विधायक धरसीवा सयोजक, आशीष छाबड़ा पूर्व विधायक बेमेतरा सदस्य, महेन्द्र छाबड़ा पूर्व अध्यक्ष अल्पसंख्य आयोग सदस्य, दीपक मिश्रा महामंत्री पीसीसी, सुबोध हरितवाल महामंत्री पीसीसी, विनोद तिवारी सयुक्त महामंत्री पीसीसी, उधोराम वर्मा जिला अध्यक्ष रायपुर सदस्य, बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस बेमेतरा सदस्य रहे उपस्थित।

# बेटे की स्मृति में लगाया पौधा



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम कठिया के मुक्ति धाम में कुलदीप दिवाकर ने अपने बेटे की स्मृति में बरगद का पौधा लगाया इस संबंध में उन्होंने कहा हैं कि वह अपने बच्चों की तरह पौधे का देखभाल करूंगा और हमेशा अपने बेटे की याद में यहां पौधे देखता रहूंगा पर्यावरण प्रेमी संगठन सहयोग करूंगा अध्यक्ष कृष्णा सचिन गणेश कुमार साहू सदस्यगढ़ चम्मन निषाद रामकृष्ण सेन, जितेंद्र दिवाकर, किशन साहू उपस्थित थे।

# अशुद्ध पेयजल आपूर्ति से प्रभावित वार्डवासियों ने जताई नाराजगी

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद कुम्हारी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 के रहवासियों ने सोमवार को वार्ड पार्षद ओमनारायण वर्मा के नेतृत्व में पीने के पानी को लेकर नाराज़गी जताते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर के समक्ष शिकायत दर्ज की। वार्डवासियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों से पालिका द्वारा पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है वह पीने योग्य नही है। पानी गंदी होने के साथ ही उसमें क्लोरीन व अन्य तत्वों की मात्रा भी अधिक है जिससे पानी पीने के उपयोग में लेने के लिए काफी समस्या उत्पन्न हो रही है। इसी समस्या के निराकरण के लिए दर्जनों की संख्या में वार्ड वासियों ने पालिका अधिकारी से भेंट कर अपनी इस गम्भीर समस्या को शीघ्र निवारण करने की मांग की। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा समस्या का शीघ्र ही समाधान करने का आश्वासन दिया गया। दर्जनों की संख्या में उपस्थित वार्ड वासियों ने समस्या का निराकरण शीघ्र नही होने पर उग्र प्रदर्शन की चेतावनी भी दी।

> वार्ड की रहवासियों ने पानी की समस्या को लेकर जानकारी दी जिसके बाद पालिका अधिकारी से मुलाकात कर समस्या का निदान जल्द करने का आग्रह किया गया।
>
> **ओमनारायण वर्मा पार्षद,**
> **वार्ड क्रमांक 14**

> बारिश के पूर्व नदी में पानी की कमी चलते गंदे पानी को साफ़करने लिए ज्यादा मात्रा में क्लोरीन व ब्लीचिंग का उपयोग हुआ है।जिसके कारण ही पालिका द्वारा सप्लाई किया गया पानी के स्वाद में थोड़ा अलग महसूस हो रहा है वार्ड 14 के रहवासियों की शिकायत को ध्यान में रखते हुए समस्या का निराकरण जल्द कर लिया जायेगा ।
>
> **नेतराम चंद्राकर**
> **मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

# योगेश तिवारी पिरदा पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए, मदद कर दिया भरोसा



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पिरदा में स्थित प्लांट में बारूद फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन योगेश तिवारी घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू हुए। यहां उन्होंने मृतक के परिजनों व ग्रामीणों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। योगेश तिवारी ने प्लांट के मालिक से हर मृतक के परिजन को 10 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की मांग की है। प्रशासन से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने से ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ती जा रही है। योगेश तिवारी अपने जन्मदिन में हर साल पिरदा में भव्य कार्यक्रम का आयोजन करते हैं, लेकिन इस घटना के बाद उन्होंने पिरदा में जन्मदिन के कार्यक्रम को निरस्त कर दिया है।

# शिवसेना ने जिला बेमेतरा में स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद कंपनी में हादसा को लेकर जांच करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारणीय सदस्य दाऊ राम चौहान ने कहा कि बेमेतरा विधानसभा तहसील बेरला ग्राम बोरसी स्थित स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद कंपनी में भीषण ब्लास्ट में कई मजदूरों की मृत्यु को लेकर छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी दुख व्यक्त किया गया है एवं घायल व्यक्ति की समुचित निशुल्क इलाज हेतु जिला प्रशासन से अपील की गई है यह दर्दनाक घटना को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख माननीय धनंजय सिंह परिहार, एवं जिला प्रभारी शिवा केसरवानी, व कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष मधुकर पांडे ने भी इस हादसे में दुख व्यक्त किया इस दुखद घटना को लेकर जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ चौहान ने जिला प्रशासन, एवं छत्तीसगढ़ शासन प्रशासन से मांग करता है प्रत्येक मृतक व्यक्ति के परिजन को 50+50 लाख मुआवजा राशि एवं उनके परिवार को शासकीय में नौकरी व प्रत्येक घायल व्यक्ति को ?2+2 लाख मुआवजा राशि व निशुल्क इलाज की मांग करता है आगे चौहान ने कहा की स्पेशल ब्लास्ट प्राइवेट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में ब्लास्ट होने से कई मजदूर व स्टॉप दबने की आशंका को बताते हुए इस भीषण ब्लास्ट में बारूद फैक्ट्री मालिक संजय चौधरी के प्रति भी जांच किया जाए एवं दोषी पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाए इन्हीं के साथ चौहान ने कहा कि जिला बेमेतरा मैं बारूद फैक्ट्री को बंद किए जाने को लेकर जिला प्रशासन को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया गया है।

# राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ केन्द्रीय कार्यकारिणी की बैठक में प्रतिभा वान विद्यार्थियों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ पंजीयन क्रमांक 1282 रहटादह के अध्यक्ष ठाकुर बजरंग सिंह बैस के अध्यक्षता में एवं समस्त केंद्रीय पदाधिकारी रमेश कुमार सिंह, विष्णु सिंह बघेल, नीरज सिंह क्षत्रिय, कमलेश सिंह, ज्ञानेश्वर सिंह, घनश्याम सिंह केन्द्रीय प्रचार सचिव महासभा वंदना राजपूत, छाया राजपूत, प्रशांत सिंह, विकास सिंह अतिथी केंद्रीय कार्यकारणी की अहम बैठक संपन्न हुआ। बैठक प्रारंभ वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के तैलीय चित्र में माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर किया गया। बैठक की शुरुवात 10 वी व 12 वी के परीक्षा में प्रतिभावान छात्राओं में आस्था राजपूत दसवीं में 95प्रतिशत एवं सुहानी चंदेल, वाची ठाकुर तथा बारहवीं को केंद्रीय अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस उपसमिति अध्यक्ष मनोज सिंह व समस्त पदाधिकारी ने स्मृति चिन्ह व सर्टिफिक्रेट देकर सम्मान किया बैठक में प्रमुख रूप से 60 वे अधिवेशन बेमेतरा के सफ्ल आयोजन के पश्चात आय व्यय की जानकारी बैठक में प्रस्तुत किया गया जिसमें सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई सभी ने एक स्वर में करतल ध्वनि से सहमति जताया। महाराणा प्रताप जयंती प्रदेश स्तरीय 9 जून को ठेलकाडीह राजनांदगांव में मनाने का निर्णय लिया गया समाज मे प्रतिवर्ष आदर्श सामुहिक विवाह आयोजन किया जाता। दुर्ग उपसमिति दुर्ग मानस भवन में 9 जुलाई को सामूहिक विवाह कराया जाएगा इसका निर्णय लिया गया व समाज के विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा कर निर्णय लिया गया अंतिम में महाराणा प्रताप साहित्य परिषद द्वारा वर्ष 2024 में प्रकाशित शौर्य पत्रिका के आय व्यय संबंधित जानकारी दी। इस अवसर पर समस्त उपसमिति अध्यक्ष,सचिव व केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य व साजा उपसमिति अध्यक्ष मनोज सिंह उपाध्यक्ष सुरेश सिंह सचिव कमल सिंह,कोषाध्यक्ष नंदकुमार सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य लाल नरेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश सिंह, संतोष सिंह, चंद्रशेखर सिंह, प्रकाश सिंह,नीरज सिंह महिला सचिव राजेश्वरी भुवाल, युवा अध्यक्ष शशांक भुवाल,मनोज राजपूत, निखिल क्षत्रिय उपस्थित थे। यह जानकारी बेमेतरा जोन मीडिया सहप्रभारी नीरज सिंह राजपूत द्वारा दिया गया।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गौ अभ्यारण्य बनाने की घोषणा का स्वागत : स्वाधीन जैन



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की सड़कों पर खुले आम घूम रही गायों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विष्णुदेव सरकार राज्य में गौ अभ्यारण्य योजना ला रही है। सीएम विष्णु देव साय ने इस संबंध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा गौ अभ्यारण्य बनाने की घोषणा पर अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन ने मुख्यमंत्री को बधाई और धन्यवाद दिया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन ने कहा कि मुझे यह बताते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि विष्णुदेव साय की सरकार सड़कों पर घूम रही गायों की सुरक्षा, देखभाल और संरक्षण के लिए गौ अभ्यारण्य बनाएगी। इससे निश्चित रूप से सड़कों पर भूखी-प्यासी घूम रही गायों को नियमित भोजन, देखभाल और चिकित्सा सुविधा मिलेगी और सड़क दुर्घटनाओ पर भी रोक लगेगी।

# मुख्य अभियंता ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण मुख्य अभियंता आर. के. गुप्ता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र रायपुर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमलडीहा समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में स्थल निरीक्षण एवं साइट पर उपस्थित ठेकेदार मेसर्स कावेरी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के इंजीनियर और साइट सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने इंटेकवेल, WTP, वितरण वाहिनिया,राव वाटर पंपिंग मेन आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। ज़िले के नवागढ़ विकासखंड ग्राम गोढ़ीखुर्द में पानी की विकराल समस्या रहती थी वहां के ग्रामीणो को पेयजल एवं निस्तारी के लिए दूर से पानी लाना पड़ता था। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम गोढ़ी खुर्द में एकल नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत उच्चस्तरीय जलागार (40कि ली) एवं घरेलू नल कनेक्शन 142 प्रस्तावित है। जिसमें जलागार के माध्यम से 132 घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है शेष 10 घरेलु कनेक्शन को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इसमे कार्यपालन अभियंता बेमेतरा के मार्गदर्शन में कार्य किया गया, जिससे ग्राम की योजना को सफलापूर्वक पूर्ण कर परीक्षण के पश्चात ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित किया जाना है, ततपश्चात् मध्यांतर में मुख्यालय बेमेतरा में मुख्य अभियंता परिक्षेत्र रायपुर की अध्यक्षता मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कार्यपालन अभियंता आर के धनंजय सहायक अभियंता एस के नायक, लोनारे, एस आर नारनौरे, दाऊराम बंजारे,रूद्र कुमार ध्रुव एवं उपभियंता तथा अन्य कर्मचारी जिला समन्वयक एवं टीपीआई की उपस्थिति में बैठक ली गई तथा बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई इसमें कार्य योजना बनाकर प्राथमिकता में अप्रारम्भ कार्य को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने, कार्य में रूचि ना लेने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाहि करने एवं अगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए अप्रारम्भ उच्च स्तरीय जलागार को प्रारम्भ करने के निर्देश दिए तथा जिला समन्वयको के सहयोग से योजना के क्रियान्वयन को द्रुत गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए बैठक के पश्चात् अपराह्न में कुम्हिगुडा नल जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया गया। कुमहीगुडा समूह नलजल प्रदाय योजना का कार्य मेसेर्स जी के इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त समूह नल जल प्रदाय योजना द्वारा जिले के खारे पानी से प्रभावित ग्राम एवं स्त्रोत विहिन वाले ग्रामों में मीठे जल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# व्यापारी द्वारा उद्योग लगाने से सरकार को होते हैं कई फायदे : शंकर लाल



**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के नगर अध्यक्ष शंकर लाल कुकरेजा ने कहा कि किसी भी व्यक्ति या व्यापारी द्वारा उद्योग को लगाने से सरकार को कई फायदे होते हैं। जैसा कि रोजगार सृजन होता है, बेरोजगारों को रोजगार मिलता है। सरकार को हर प्रकार की आय जीएसटी, इनकम टैक्स, संपत्ति कर एवं अन्य टैक्स मिलते है, परन्तु किसी भी उद्योग को लगाने के लिये व्यक्ति का सरकारी, कागजात को पूर्ण करते करते उद्योग लगाने से उसका मन एवं साहस डांवाडोल हो जाता है और वह विचलित हो जाता है। इसी क्रम में कुकरेजा ने कहा कि सर्व प्रथम हमारा सुझाव है कि एकल खिड़की प्रणाली हो, हर व्यक्ति को उद्योग लगाने की जरूरत के लिये भटकना न पड़े और त्वरित कार्यवाही हो ताकि जल्दी उद्योग लगाकर चालू जाये बाकी गैर जरूरी कागजात को हटाया जाये। पिछड़े क्षेत्रों में जहाँ उद्योग धंधे नहीं है, जैसा कि दल्ली राजहरा वहाँ नये उद्योग को लगाने में टैक्स में रियायत दी जाये तथा लोन पर सबसिडी अन्य क्षेत्र की अपेक्षा ज्यादा हो, जिससे कि उन क्षेत्रों में उद्योग लगे व वहाँ का विकास हो और वहाँ लोगों को रोजगार मिल सके। इन सब चीजों से पिछड़े क्षेत्रों में उद्योग भी लगेंगे वहाँ का विकास होगा लोगों को रोजगार मिलेगा एवं सरकार की भी आय बढ़ेगी।

# नगरपालिका अध्यक्ष पर लगाया गया बगैर नोटिस दिए मकान को तोड़ने का आरोप

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कांग्रेसी नगरपालिका अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा वार्ड क्रमांक 14 के निवासी देवेन्द्र कुमार का घर नगर पालिका कर्मचारी बुद्धिमान सिंह द्वारा बिना नोटिस या कोई सूचना दिए अवैध बताते हुए तोड़ दिया गया हैं। श्याम जायसवाल को देवेन्द्र कुमार ने बताया कि 24 मई को दोपहर 2 बजे के आस पास उनकी अनुपस्थिति में घर का बाउंड्रीवाल बिना किसी नोटिस के नगरपालिका कर्मचारी बुद्धिमान सिंह द्वारा तुड़वा दिया गया। श्याम जायसवाल ने ने तत्काल इस मामले के सम्बंध में फेन से मुख्य नगरपालिका अधिकारी व स्थानीय एस.डी.एम से जानकारी मांगी तो उन्होंने इस मामले में किसी प्रकार की कोई जानकारी नही होने के बात कही व इस मामले पर सोमवार को देखने की बात कही है। इसके बाद श्याम जायसवाल ने नगरपालिका कर्मचारी बुद्धिमान सिंह को फोन कर उनसे बात कर इस मामले पर जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि नगरपालिका से किसी भी प्रकार का कोई नोटिस नहीं दिया गया हैं। हमारे द्वारा नगरपालिका अध्यक्ष के कहने पर देवेंद्र कुमार के घर का बाउंड्रीवाल तोड़ा गया है जो अवैध निर्माण था। श्याम जायसवाल ने उनसे कहा कि यह काल रिकॉर्ड हो रहा है क्या यह आपका रिकॉर्डेड बयान हैं कि नगरपालिका अध्यक्ष शिबू नायर के कहने पर बिना नोटिस के देवेन्द्र कुमार के घर का बाउंड्रीवाल तोड़ा गया है तब बुद्धिमान सिंह द्वारा पुनः इसकी पुष्टि की गई कि , नगर पालिका अध्यक्ष के कहने पर ही बिना किसी सरकारी नोटिस दिए हमने देवेंद्र कुमार के घर का बाउंड्रीवाल तोड़ा है। इसके बाद श्याम जायसवाल ने पीड़ित पक्ष के साथ पुलिस थाने पहुँच कर इस मामले में सरकारी पद का दुरुपयोग करने वालो पर एफ्आईआर दर्ज कराने की मांग की जिसके बाद पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस प्रशासन के शुरुवाती जांच में चौकाने वाले मामले प्रकाश में आये हैं। जिसमे मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने पुलिस प्रशासन से वार्ड क्रमांक 25 के अतिक्रमण को तोड़ने पुलिस बल की मांग किया। पुलिस बल उपलब्ध होने पर बुद्धिमान सिंह ने शिबू नायर के कहने पर पुलिस बल को गुमराह कर उनका दुरूपयोग कर इन लोगो ने वार्ड क्रमांक 14 के देवेंद्र कुमार के घर को तोड़ दिया है। इस प्रकार नगरपालिका अध्यक्ष शिबू नायर, व नगरपालिका कर्मचारी बुद्धिमान सिंह के ऊपर सीधा सीधा अपने पद का दुरूपयोग का मामला बनता साथ ही इनलोगो द्वारा सरकारी संपत्ति कचरा उठाने वाले गाड़ी से दीवार को गिराने का काम लिया गया व जानबूझकर सरकारी वाहन को दीवार में ठोक ठोक कर नुकसान पहुँचाया गया हैं। इसलिए इन लोगो पर सरकारी संपत्ति के नुकसान पहुँचने के धारा के तहत एफ्आईआर दर्ज किया जाए व तत्काल देवेंद्र कुमार को हुवे नुकसान का मुवावजा दिलाया जाए। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी इस बात का ध्यान रखे कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में विष्णदेव साय की सरकार है। किसी भी आम जनता को अगर कोई परेशान किया तो उसके गम्भीर परिणाम उन अधिकारियों व कर्मचारियों को भुगतना होगा साथ ही दल्लीराजहरा के 27 वार्डों के किसी भी आम जनता को कोई भी नेता या अधिकारी परेशान करे या उनसे अवैध वसूली करे, अनावश्यक पैसे मांगे तो वह तत्काल श्याम जायसवाल से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्हें तत्काल न्याय दिलाने का प्रयास उनके द्वारा किया जायेगा व जरूरत पड़ी तो पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने डौंडी लोहरा छाया विधायक देवलाल ठाकुर, भाजपा बालोद जिला अध्यक्ष पवन साहू के माध्यम से मुख्यमंत्री तक जायेगे।

# सक्ती के गिरिराज रेन बसेरा में 27 मई से चालू हुई समर मिड ब्रेन एक्विपेशन क्लास

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com









शहर के गिरिराज रेन बसेरा में 27 मई से अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की शक्ति शाखा ने समर मिड ब्रेन एक्विपेशन क्लास का आयोजन किया, इस अवसर पर 27 मई की सुबह वीणा वादिनी मां सरस्वती एवं भारत माता के तेल क्षेत्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रचलन कर इस डेमो क्लास का शुभारंभ हुआ, इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंच पर उपस्थित अतिथियों में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन शक्ति शाखा की पूर्व अध्यक्ष रिंकू आनंद अग्रवाल, सखी पारिकर की अध्यक्ष रितु श्याम अग्रवाल, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश की पूर्व अध्यक्ष गीता सुरेश अग्रवाल, अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शक्ति शाखा के संरक्षक रामावतार अग्रवाल, पंडित मदन मोहन शर्मा, शक्ति शाखा के अध्यक्ष हरिओम अग्रवाल, प्रमुख सलाहकार अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, रमेश चंद्र अग्रवाल, स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर अग्रवाल, पुरषोत्तम गोयल, अधिवक्ता महेश अग्रवाल, मानस अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल,पंडित महेश शर्मा प्रमुख रूप से मौजूद थे, कार्यक्रम का संचालन करते हुए कन्हैया गोयल ने विस्तार पूर्वक कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी,तथा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि बच्चों के लिए समर मिड ब्रेन क्लास का आयोजन बहुत ही अच्छी पहल है, तथा वर्तमान समय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ तेजी से इस दिशा में भी प्रशिक्षित होना चाहिए एवं यह आयोजन पहले भी होता रहा है तथा इस क्लास से जहां बच्चों को काफी लाभ मिला है तो वहीं बच्चों का दिमाग भी तेजी से विकसित होता है, इस अवसर पर कार्यक्रम की प्रशिक्षक विनीता मैडम ने भी कहा कि आज यह कार्यक्रम बड़े-बड़े शहरों में ही होता था, किंतु उन्होंने विगत वर्षों में इस कार्यक्रम का पूर्ण रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती में पिछले तीन-चार सालों से निरंतर ग्रीष्मकालीन समय में 6 से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए क्लास लगा रही हैं, तथा इसमें ग्रामीण तथा अन्य जिलों से भी बच्चे आकर इसका प्रशिक्षण ले रहे हैं वहीं विनीता मैडम ने पांच बच्चों के माध्यम से आंख पर पट्टी बांधकर नोटों के नंबर पहचानने,पैर में कलर कार्ड रखकर उसका कलर पहचानना, आंखों में पट्टी बांधकर अखबार पढ़ना तथा आंखों में पट्टी बांधकर खुशबू के माध्यम से किसी भी दूसरे स्थान पर रखी हुई चीज को खोज कर लाना सहित विभिन्न प्रकार के प्रयोग करवाकर दिखलाए, जिस पर बच्चों की इस प्रस्तुति पर लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया वहीं इस कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए साथ ही अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है तथा उनकी बहन विनीता के द्वारा विगत तीन-चार वर्षों से निरंतर बच्चों को शिक्षित करने की दिशा में यह प्रयास किया जा रहा है वहीं पूरे कार्यक्रम में काफी संख्या में अनेकों स्थानों से बच्चे एवं उनके अभिभावक मौजूद रहे, साथ ही अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन शक्ति शाखा के भी पदाधिकारी सदस्य मौजूद थे, तथा यह कार्यक्रम 10 जून तक चलेगा,27 एवं 28 तारीख को डेमो क्लास होगी जो कि प्रतिदिन सुबह 10 से 11:00 बजे तक होगी तथा डेमो क्लास के पश्चात जो भी विद्यार्थी इस क्लास में प्रशिक्षण लेना चाहेगा उसे अपना प्रवेश करवाना होगा तथा प्रवेश हेतु जो भी पंजीयन शुल्क निर्धारित किया गया है उस संपूर्ण स्कूल को प्रवेश के समय जमा करना होगा एवं प्रवेश होने के पश्चात प्रतिदिन सुबह 10:00 बजे से 1:00 तक इस विशेष क्लास का आयोजन होगा, 27 मई की डेमो क्लास को सफल बनाने में गिरिराज रेन बसेरा के पंकज अग्रवाल सहित उनकी पूरी टीम का भी विशेष योगदान रहा।

# तीसरे दिन भारी तपा नवतपा, गर्म हवाओं के थपेड़े से जूझ रहे लोग, बिजली भी परेशान कर रही

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





नवतपा के तीसरे दिन भी प्रचंड गर्मी के तेवर से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। सुबह बदली के बाद 11 बजे से तीखी धूप और गर्म हवाएं चलती रही। सड़क और बाजार में सन्नाटा रहा। देर शाम तक गर्म हवा चलती रही। शहर का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने भी सोमवार को लू चलने की आशंका जताई थी। कल परसों तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। सोमवार को सुबह से हालांकि बदली का माहौल था लेकिन तापमान में कमी नहीं थी । सुबह 11 बजे से सूरज ने अपने तेवर दिखाए और दोपहर बाद तक 43 डिग्री के तापमान से झुलसाने वाली गर्मी से लोग दो चार होते रहे । रवियर को छुट्टी का दिन होने के कारण ज्यादातर लोग घरों में ही रहे लेकिन सोमवार को सप्ताह के पहले दिन दफ्तरों में आने जाने और बाजार में खरीदारी करने वालों को चिलचिलाती धूप तथा उमस का सामना करते हुए बाहर निकलने की मजबूरी थी फिर भी दोपहर को शहर की अधिकांश सड़कें सूनी थी। गरमी और उमस लोग परेशान रहे। कूलर ,पंखा और ए सी से भी राहत नहीं है। नवतपा के तीसरे दिन सूर्य की प्रचंड गर्मी से लोग असहज हो रहे। ज्यादातर लोग सुबह 10 बजे तक अपने जरूरी काम निपटा लेने की कोशिश कर रहे है ।शाम को 7 बजे के बाद शहर की सड़के गुलजार होने लगी है । लोग शाम को घरों से निकल तो रहे है लेकिन गर्म हवाएं रात को चल रही है । आने वाले दो दिनों तक दिन के तापमान में कमी होने की कोई गुंजाइश नहीं दिख रहा ।नवतपा के तीसरे दिन का पारा 43 डिग्री रिकार्ड किया गया । भारी गर्मी के बाद भी हर रोज शहर के कई इलाकों में बिजली जाने के कारण लोग पसीने से तरबतर रहते है । दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रहा। रोजाना दर्ज हो रहे तापमान पर गौर करें तो 19 दिनों बाद इतना ज्यादा तापमान रिकॉर्ड हुआ। अचानक से हो रहे मौसम में परिवर्तन के कारण गर्मी और उमस में और बढ़ोतरी हो गई है। दोपहर के समय में सड़क पर ज्यादा लोग नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ है। दोपहर भर तेज गर्मी और धूप के बाद शाम में अचानक से मौसम का परिवर्तन उमस को बढ़ा रहा है। जिससे गर्मी और ज्यादा बढ़ रही है। तापमान में वृद्धि होने की आशंका जताई जा रही है।

# डीजल के अवैध भंडारण पर पुलिस की एक और कार्रवाई, एनएच 49 किनारे निर्माणाधीन मकान पर था डीजल का अवैध भंडारण

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



खरसिया क्षेत्र में प्रशिक्षु आईपीएस थाना प्रभारी खरसिया आकाश श्रीश्रीमाल के नेतृत्व में पुलिस ने डीजल के अवैध भंडारण की सूचना पर एक और कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक कल प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम छोटे देवगांव का लक्ष्मी गुप्ता द्वारा एनएच 49 के किनारे अपने निर्माणाधीन मकान पर भारी वाहन चालकों से कम दामों में डीजल खरीद कर बिना लाइसेंस भंडारण कर अवैध रूप से बिक्री किया जाता है। सूचना पर तत्काल खरसिया पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर के बताए स्थान ग्राम छोटे देवगांव एनएच 49 रोड किनारे संदेही लक्ष्मी गुप्ता के निर्माणाधीन मकान पर रेड कार्यवाही किया गया।

रेड कार्रवाई में संदेही लक्ष्मी गुप्ता के घर से पुलिस ने गवाहों के समक्ष 35, 25 और 20 लीटर क्षमता वाले जरकिन में कुल 250 लीटर डीजल (21.600) व एक खाली जरीकेन एवं प्लास्टिक का बडा चाडी जप्त किया गया। आरोपी लक्ष्मी गुप्ता पिता संतराम गुप्ता उम्र 43 साल निवासी छोटे देवगांव थाना खरसिया द्वारा आवश्यक एवं ज्वलनशील पदार्थ डीजल का उपेक्षापूर्ण भंडारण और बिक्री करने के कृत्य पर आरोपी के विरुद्ध थाना खरसिया मे धारा 285 आईपीसी 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही किया गया है। विदित हो कि इसके पूर्व 18 मई को खरसिया पुलिस द्वारा डीजल के अवैध भंडारण कर ब्रिकी करने वाले दो आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई थी।

# आगामी कृषि कार्य को लेकर जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग का अलर्ट

## किसान कृषि सहकारी समितियों से खाद-बीज का उठाव करें: कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

प्रत्येक वर्ष बारिश मौसम प्रारंभ होते ही जहां प्रत्येक जिलों में खाद- बीज की किल्लत देखने को मिलती है, तो वही शक्ति जिले में कलेक्टर अमृत विकास टोपनो ने सभी किसानों से आग्रह किया है कि वे समय पूर्व कृषि सहकारी समितियो से खाद- बीज का आवश्यकता अनुसार उठाव प्रारंभ करें, जिससे समितियो में खाद बीज का पर्याप्त स्टाक मंगाया जा सके एवं किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले के किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि खरीफ मौसम प्रारंभ हो चुका है। इसके साथ ही खेती का काम भी बढनें लगा है। जिले के किसान भी अपने खेतों में जुताई बुवाई का काम शुरु कर दिए हैं। अब तक के मौसम पूर्वानुमान अनुसार इस साल सामान्य वर्षा हो सकती है। ऐसे में किसान अगले पखवाड़े से बोनी में तेजी लाने लगेंगे, जिला कलेक्टर का कहना है कि खेत में बुवाई के लिए सबसे पहला काम किसान को खाद-बीज की व्यवस्था करना होता है। इस कार्य को सुगमता से कृषि विभाग द्वारा समय पूर्व खाद-बीज का भण्डारण सभी सहकारियों समितियों में करा दिया गया है। जहाँ से किसान अपनी आवश्यकतानुसार ऋण पर खाद और बीज प्राप्त कर सकते हैं। यदि हमारे किसान समय पूर्व पअने खाद व बीज की व्यवस्था कर लेते हैं, तो मानसून आते ही बुवाई कार्य प्रारम्भ कर सकेगें, कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी प्रकार के खाद जैसे यूरिया, डी.ए.पी. पोटाश, सिंगल सुपर फास्फेट्स, सभी कृषि साख समितियों में उपलब्ध है, लेकिन डी. ए.पी. एक ऐसी खाद है जो भारत में नही बनती है इसके लिए अन्य देशों से आयात पर निर्भर रहना पढ़ता है, चूंकि इस वर्ष डी.ए.पी. खाद का आयात सामान्य से कम हुआ है।

# खरसिया के लक्ष्मी लाज में पुलिस की रेड, दो लड़का, दो लड़की सपडाये

## लाज संचालक भी पुलिस हिरासत में

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

खरसिया नगर के कन्या भवन के पास स्थित लक्ष्मी लाज में पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए लाज के भीतर दो अलग-अलग कमरो से दो जोडो को संदिग्ध अवस्था में पकडा है। वहीं पुलिस ने लक्ष्मी लाज के संचालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस सूत्र बताते हैं कि कन्या भवन के पास स्थित लक्ष्मी लाज में अवैध ढंग से सेक्स रैकेट चलाने की शिकायत मिल रही थी इतना ही नही बिना किसी पहचान पत्र के लाज के भीतर युवक युवतियों को भी रूकने का सिलसिला लगातार जारी था। इसी संदर्भ में खरसिया चौकी पुलिस ने अचानक छापा मारा तो लाज के भीतर से दो जोड़े संदिग्ध अवस्था में पकड़ाये। पुलिस ने लाज संचालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और सभी पांचों को खरसिया चौकी ले जाकर पूछताछ करके आगे की कार्रवाई में जुट गई है। यहां यह बताना लाजमी होगा कि खरसिया बस्ती व आसपास के इलाकों में गर्म गोश्त का कारोबार जोरों से जारी है। कई बड़े धनाडय लोग इस रैकेट का हिस्सा भी हैं इतना ही नही खरसिया के भीतर कुछ कुछ होटल व लाज संचालक हवस के इस कारोबार में हिस्सेदारी रखते हैं और कई महीनों से चल रहे इस अवैध कृत्य पर पुलिस ने शिकायत के बाद कार्रवाई की है। बहरहाल देखना यह है कि जांच के नाम पर लाज संचालक पर मामला दर्ज होता है या नही और पकड़े गए प्रेमी जोड़ो पर भी कार्रवाई होती है या नही या फिर यह मामला लेनदेन के जरिये निपटा दिया जाएगा।

# नीति देवांगन को मिली डॉक्टरेट की उपाधि, महिला उद्यमिता का आर्थिक सशक्तिकरण विषय पर लिखा शोध-प्रबंध

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

किशोरी मोहन त्रिपाठी महिला महाविद्यालय, रायगढ़ में सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य के पद पर सेवारत नीति देवांगन को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा डॉक्टर ऑफ फिलासफी की उपाधि प्रदान की गई है। यह शोध उपाधि उन्हें ष्महिला उद्यमिता का आर्थिक सशक्तिकरण स्व सहायता समूह के माध्यम से रू एक वित्तीय अध्ययन जिला रायगढ़, छ.ग. के विषय संदर्भ मेंष् विषय पर लिखे गए शोध ग्रंथ के लिए प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य पीएनएस महाविद्यालय, बिलासपुर के विद्वान प्राचार्य डॉ. एस. के. शर्मा के कुशल निर्देशन व पर्यवेक्षण में पूर्ण किया है। शोध के दौरान उनके द्वारा वाणिज्य विषय से संबंधित विभिन्न पहलुओं और विषयों पर शोध पत्र लेखन भी किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में उन्हें गुरु घसीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर द्वारा मास्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि भी प्रदान की जा चुकी है। डॉ. नीति ने पूर्व में शासकीय कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, धरमजयगढ़ एवं शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य महाविद्यालय, रायगढ़ में भी अध्यापन कार्य किया है। 2009 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा की गई भर्ती के अंतर्गत उनका चयन सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के पद पर हुआ। अध्यापन के साथ-साथ उन्हें छात्र केंद्रित अन्य गतिविधियों में भी विशेष अभिरुचि है। इस दृष्टि से महाविद्यालय की एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी के रूप में वे अपनी भूमिका का निर्वहन कर रही है। डॉ. नीति कोष्टापारा, रायगढ़ निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सनत कुमार मेहर एवं स्व. गीता मेहर की सुपुत्री हैं। प्रस्तुत शोध कार्य की पूर्णता में उनके आशीर्वाद के साथ-साथ पिताश्री के सुदीर्घ शिक्षकीय अनुभव व सहयोग की विशेष भूमिका रही है।

# भागवत प्रवाह आध्यात्मिक सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ ने किया पत्रकारों का सम्मान

- आचार्य राजेंद्र जी महाराज के मार्गदर्शन में हुआ कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com





भागवत प्रवाह आध्यात्मिक सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा 26 मई को देवर्षि नारद जी के अवतरण दिवस पर शक्ति शहर की हटरी धर्मशाला में पत्रकारों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती, भारत माता, एवं देवर्षि नारद जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, शास्ति वचन के साथ हुआ, तत्पश्चात आगंतुक सभी पत्रकार साथियों का आचार्य राजेंद्र महाराज, आचार्य देव कृष्ण महाराज, संस्थान के सचिव हेमलाल जायसवाल एवं संयोजक अधिवक्ता चितरंजन पटेल की उपस्थिति में तिलक लगाकर, गमछा पहनाकर, श्रीफल एवं कलम भेंटकर हुआ, इस दौरान मंचस्थ अतिथियों में अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल, सर्व ब्राह्मण समाज शक्ति के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा बाबा, छत्तीसगढ़ जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश महासचिव कन्हैया गोयल, चाम्पा प्रेस क्लब के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, प्रमुख रूप से मंचस्थ थे, कार्यक्रम का संचालन करते हुए आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने कहा कि आज का दिन पत्रकार साथियों को समर्पित है, तथा देवर्षि नारद जी ने जो हमें प्रेरणा दी है, कहीं ना कहीं उनकी प्रेरणा से हम सभी अपने क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, आचार्य राजेंद्र महाराज ने भागवत प्रवाह आध्यात्मिक सेवा संस्थान के कार्यों पर भी प्रकाश डालते हुए इस संस्थान को सनातन धर्म के प्रचार के साथ-साथ जनकल्याण एवं सेवा के कार्यों में भी निरंतर समर्पित रहने की बात कही, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य देव कृष्ण जी महाराज ने कहा कि आज यह संस्थान पूरे छत्तीसगढ़ अपितु पूरे देश में विभिन्न शहरों में सनातन धर्म का प्रचार कर रहा है, तो वहीं जरूरतमंदों की सेवा, कोविड काल के संक्रमण काल में भी सनातन धर्म की रक्षा के लिए इस संस्थान ने प्रयास किए हैं, तथा साल 2017 में इस संस्थान का की स्थापना की गई थी, आचार्य देव कृष्ण महाराज ने विगत दिनों जशपुर शहर में इस संस्थान के माध्यम से किए गए सेवा कार्यों का वृतांत भी प्रस्तुत किया साथ ही कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल सभा शक्ति के अध्यक्ष श्यामसुंदर अग्रवाल ने कहा कि आज इस संस्थान द्वारा जो धर्म का प्रचार किया जा रहा है, साथ ही समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा,रचनात्मक कार्य एवं आज जो पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है यह निश्चित रूप से एक बड़ी पहल है।

# भाजपाइयों ने फूंका बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का पुतला ममता बनर्जी द्वारा न्यायालय के आदेश की अवमानना का





पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू के मार्गदर्शन में सक्ती जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया, इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने बताया कि ममता बनर्जी के द्वारा सन 2010 में ओबीसी का आरक्षण अपने राज्य में दिया गया था, जो संविधान के नियम के अनुसार न होने के कारण राज्य के हाईकोर्ट जज के द्वारा ममता बनर्जी द्वारा दिए गए आरक्षण को निरस्त कर दिया गया, न्यायालय के आदेश को ममता बनर्जी द्वारा मानने से इनकार कर न्यायालय के आदेश का अवहेलना कर ममता बनर्जी द्वारा मनमानी किया गया है, जो शर्म की बात है, उनके इस मनमानी के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती के ओबीसी मोर्चा द्वारा सक्ती नगर में ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया, इस पर जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मनमानी कर रही है यह जनता के साथ खासकर समस्त ओबीसी समाज के मूल अधिकार का हनन है पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के इस कृत्य से ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय हो रहा है जिसे भारतीय जनता पार्टी सहन नहीं करेगा, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा सक्ती जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा पूर्व विधायक ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डॉ खिलावन साहू पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल मांगेराम अग्रवाल चित्रंजय पटेल संजय रामचंद्र महिला मोर्चा अध्यक्ष कमलेश जांगड़े महामंत्रीद्वय टिकेश्वर गबेल घनश्याम साहू ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष किर्तन चन्द्रा ओबीसी मोर्चा महामंत्री कवि वर्मा , देवकुमार साहू मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल रामनरेश यादव दीपक गुप्ता रंजन सिन्हा अरुण शर्मा जिला मीडिया प्रभारी धनंजय नामदेव नारायण राठौर पुष्पेंद्री कसेरा ममता साहू राजा सोनी विनोद पांडेय कमल अग्रवाल अभिषेक बंसल रोशन राठौर हर्ष देवांगन आदित्य अग्रवाल सूरज देवांगन सहित भाजपा के पदाधिकारी एवम कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## वेतनवृद्धि, स्कूल अस्पताल सहित मूलभूत सुविधा प्रदान करने में आनाकानी से श्रमिको में रोष

# केएसके महानदी में एचएमएस यूनियन के आह्वान पर टूल डाउन, काम हुआ पूरी तरह से ठप्प

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



नरियरा के एस के महानदी पावर कम्पनी लिमिटेड नरियरा में छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ एचएमएस यूनियन के आह्वान पर सोमवार सुबह 7 बजे से टूल डाउन प्रारम्भ हो गया है, जिससे कारखाना का काम पूरी तरह ठप हो गया है, श्रमिक संघ के द्वारा विगत फरवरी माह में बड़ी संख्या में बाइक रैली निकाल कर जिला प्रशासन को अपनी मांगों का मांग पत्र सौंपा गया था, जिसमे अभी तक कोई भी सकारात्मक पहल नही हुआ है, जिससे अप्रैल 2024 से श्रमिको को वार्षिक वेतनवृद्धि का लाभ लंबित हो गया है, साथ ही पिछले वर्ष के समझौते में अस्पताल निर्माण के लिए भी बात हुई है, जिसके लिए जिला प्रशासन को 50 लाख रुपये अग्रिम भुगतान कर देने की बात हुई है, निर्माण कार्य प्रारंभ के पश्चात बाकी 1 करोड़ 25 लाख रुपये किश्तों में जारी करने की बात कही गयी थी जिसका निर्माण कार्य प्रारंभ आज तक नही हो सका, इसके अतिरिक्त पिछले वर्ष कुछ स्कूलों से टाई अप कर बच्चो के शिक्षा व्यवस्था प्रारम्भ की गई उसमें भी कई अड़चने है, चूंकि अकलतरा के स्कूलों से टाई अप किया गया है, इसलिए अधिक दूरी होने के वजह से बच्चों का परिवहन सेवा बाधित होते रहता है, प्रथम वर्ष ही बच्चों के स्कूल बस बीच मे बीच मे बंद होते रहते थे, जिससे बच्चो के शिक्षा ग्रहण में बाधा पहुंच रहा था, इसलिए श्रमिक संघ ने जब तक कारखाना द्वारा स्वयं का स्कूल प्रभावित क्षेत्र में नही बन जाता तब तक परिवहन का व्यवस्था कारखाना प्रबन्धन द्वारा किये जाने की मांग की गई है, इसके अतिरिक्त मूलभूत एवं श्रम कानून के तहत मिलने वाले अधिकारों की मांग की गई है। इस संबंध में एचएमएस यूनियन के श्रमिक नेता मुलचन्द नोरगे ने बताया कि प्रबन्धन के साथ कारखाना परिसर में बैठक हुई थी, किन्तु कारखाना प्रबन्धन के साथ नही बनी, प्रबन्धन हमारी मांगो को पूरी करने में दिलचस्पी नही दिखा रहा है। वही श्रमिक नेता लोभन साहू ने बताया कि हम हर बार चाहते शांतिपूर्ण तरीके से हमारी मांगो पर सकारात्मक पहल हो किन्तु प्रबन्धन की हठधर्मिता और अपने जिम्मेदारियों से बचने के वजह से हमे विरोध स्वरूप टूल डाउन करना पड़ा। वही एचएमएस यूनियन के महामंत्री बलराम गोस्वामी ने बताया कि कारखाना की बिक्री प्रक्रिया इस समय से तीव्र गति से चल रही है, ऐसे हम चाहते है कि श्रमिको को जो भी लाभ या सुविधाएं मिलने की सहमति बन रही है वह लिखित और स्पष्ट हो लेकिन प्रबन्धन से बात नही बन पा रही है, कुछ मुद्दों पर मौखिक आश्वासन हमे स्वीकार नही है, आने वाले समय पर कारखाना का नया मालिक आ जायेगा, संभवतः प्रबन्धन में बदलाव होगा, इसलिए हम नही चाहते कि जो पिछले 10 वर्षो से हम संघर्ष कर रहे है, वह आगे भी जारी रहे, हमारा अंतिम समय तक प्रयास रहा है कि बिना कोई रुकावट के शांतिपूर्ण तरीके से समझौता हो जाये किन्तु प्रबन्धन के द्वारा हमे सहयोग नही किया गया, श्रमिको में काफी रोष पनप चुका था, बच्चो का स्कूल खुलने का समय हो रहा है, कोई भी निर्णय सही समय पर नही हो रहा है।

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन ने किया नए दृष्टिकोण वाले स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

साल्ट लेक स्थित मेवाड बैंक्वैट में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वाधान में सन टू ह्यूमन फांउडेशन द्वारा संचालित नये दृष्टिकोण वाले स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें सैकड़ो लोगों ने भाग लेकर सम्यक आहार सम्यक निद्रा एवं सम्यक व्यायाम का प्रयोग द्वारा अनुभव किया। इस अवसर इस राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने कहा अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन पिछले लगभग 90 वर्षों से समाज की सेवा में विभिन्न रूपों से संलग्न है एवं पिछले कुछ वर्षों से स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम का आयोजन करके हमें संतोष का अनुभव हो रही है। उन्होंने सम्मेलन के इतिहास को संक्षिप्त रूप में बताते हुए कहा कि समाज मे कई प्रकार की विसंगतियां पनप रही है। उन्होंने कई उदाहरण दिए एवं सभी उपस्थित समाज बंधुओ को आवाहन किया कि आप सम्मेलन से जुड़िए और जुड़ करके समाज की जो विसंगतियां हैं।

# अपर आयुक्त ने मानसून पूर्व पोकलेन मशीन से नाला सफाई अभियान का किया निरीक्षण

## जलभराव वाले क्षेत्रों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा नगर निगम क्षेत्र में वर्षा पूर्व नालों एवं नालियों के स्वच्छता अभियान का विभिन्न स्थानों पर जाकर प्रगति का प्रत्यक्ष निरीक्षण प्रतिदिन नियमित किया जा रहा है। आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही सहित राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के जलभराव वाले क्षेत्रों अरमान नाला क्षेत्र, समता कॉलोनी मार्ग क्षेत्र की मानसून पूर्व सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। अपर आयुक्त ने जलभराव वाले क्षेत्रों के नालों एवं नालियों की मानसून पूर्व सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को दिये है। सभी बड़े नालों की मानसून पूर्व सुगम निकास प्रबंधन कायम करवाने सफाई तेज गति से निरन्तर प्रगति पर है नगर निगम जोन 3 के क्षेत्र में बड़े नालों जब्बार नाला एवं अरमान नाला के क्षेत्र में मानसून पूर्व सुगम निकास कायम करने तेज गति से सफाई करवकर पोकलेन मशीन की सहायता से विगत लगभग एक सप्ताह से प्रतिदिन नियमित करवाई जा रही नाला सफाई शीघ्र पूर्ण करवाने करने के निर्देश दिये है। अपर आयुक्त ने नगर निगम जोन क्रमांक 3 के अंतर्गत जब्बार नाला क्षेत्र एवं अरमान नाला क्षेत्र में पोकलेन मशीन की सहायता से मानसून पूर्व करवायी जा रही नाला सफाई के अभियान की प्रगति का निरीक्षण स्थल पर जोन नम्बर 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी उमेश नामदेव, स्वच्छता निरीक्षक अब्दुल नफीस की उपस्थिति में किया। जोन 3 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने अपर आयुक्त एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बताया कि विगत लगभग एक सप्ताह से प्रतिदिन नियमित जारी सफाई अभियान में नगर निगम जोन नम्बर 3 स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा जब्बार नाला क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह से पोकलेन मशीन की सहायता से प्रतिदिन नियमित जारी नाला सफाई अभियान के अंतर्गत लगभग 80 डम्पर कचरा बाहर निकाला जा चुका है, वहीं जोन 3 के तहत अरमान नाला क्षेत्र की सफाई करवाकर पोकलेन मशीन की सहायता से अब तक लगभग 40 डम्पर कचरा नाले से बाहर निकाला जा चुका है। अपर आयुक्त ने सभी नालों की सफाई का कार्य तेज गति के साथ पूर्ण करवाकर मानसून पूर्व सुगम निकास कायम करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

# एनटीपीसी सीपत में स्वच्छता अभियान-2024



पायनियर संवाददाता ◂ सीपत
www.dailypioneer.com

एनटीपीसी सीपत में 16-31 मई 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा परियोजना के विभिन्न साइटों पर भी सफाई अभियान किया जा रहा है। इसी क्रम में सीएचपी विभाग द्वारा विभिन जगहों पर रखे स्टील, रबर, प्लेट आदि स्क्रैप का निपटान कर सराहनीय कार्य किया। इस अभियान में सीएचपी विभाग के सभी कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया।

# भारतीय मजदूर संघ, मनेन्द्रगढ़ जिला इकाई का गठन, प्रवीण निशी जिलाध्यक्ष तो अजय विश्वकर्मा जिलामंत्री नियुक्त

पायनियर संवाददाता ◂ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जिला एमसीबी में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय के मुख्य अतिथ्य में जिला इकाई का गठन संपन्न हो गया। मनेन्द्रगढ़ के जायसवाल कापलेक्स मे बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में काफी संख्या में मजदूर साथी एकत्र हुए। छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा की अध्यक्षता तथा जिले के प्रभारी राजेश राजवाड़े के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अपने उद्बोधन में भारतीय मजदूर संघ की गतिविधियों और विशेषताओं के बारे में बताया और सर्व सम्मति से मनेन्द्रगढ़ निवासी प्रवीण निशि को जिला अध्यक्ष तथा अजय विश्वकर्मा को जिलामंत्री भारतीय मजदूर संघ नियुक्त किया गया। साथ ही पूर्ण कार्यकारिणी का गठन 16 जून 2024 की बैठक मे संपन्न होगा। उक्त कार्यक्रम में दुर्ग जिले के जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी, विष्णु कोरी, प्रदीप गुप्ता, संजीत सिंह रामानंद शाह, नारायण दास यादव, सुनील श्रीवास्तव पार्वती सिंह, चंपा बाई रामटेकर, शंकर प्रसाद, दीपक सोनी, शशि कला, सुनीता देवांगन, रमेश पटेल, रितु सिंह, रिंकू यादव, दीपक पांडे, पांडे ईश्वर यादव, हरिओम यादव, रामकुमार केवट, संजय प्रताप, संजय सिंह, आकाश कुमार, कृष्ण कुमार, कमला प्रसाद, पूजा पटेल, छोटेलाल के अलावा काफी संख्या में निर्माण श्रमिक साथी उपस्थित हुए।

# जल संरक्षण हेतु शासकीय भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को दुरुस्त करने और जन-जन तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचाने चलायी जा रही मुहिम

## रंगोली, पेंटिंग जैसी कलाकृतियों के माध्यम से नन्हे बच्चों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

### ग्राम पंचायत अंजोरा में जल शक्ति मिशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में, जिला पंचायत दुर्ग सीईओं अश्वनी देंवागन के मुख्य आतिथ्य में जल शक्ति मिशन चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत अंजोरा में किया गया। सीईओ देवांगन ने ग्राम पंचायत में जल वाहिनी दीदीयों को सभा के माध्यम से वर्षा के जल को संचित करने हेतु रिचार्ज पिट की उपयोगिता की जानकारी दी। ग्राम पंचायत में जल स्त्रोत की सफाई अभियान, पेय जल स्त्रोतों के पास सोखता गड्ढे की साफ-सफाई एवं निर्माण, ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गो में जल सुरक्षा की जागरूकता हेतु शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री देवांगन कहा कि धरती पर बारिश की हर बूंद लोगों के लिये भगवान के आर्शीवाद के समान है। बारिश का पानी जमीन पर मोती के समान गिरता है, इसलिये विकासशील क्षेत्रों और प्राकृतिक जल संसाधनों की कमी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में खासतौर से बारिश के पानी के महत्व को समझाया गया। पानी को बचाने एवं उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने में ग्रामीणों की जिम्मेदारी के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में जल संरक्षण का संदेश देने के लिए ग्राम पंचायत के स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने रंगोली व पेंटिंग बनाई। बच्चों की कलाकृतियों से प्रभावित होकर ग्रामीणों ने बूंद-बूंद पानी को सहेजने में जल को बचाने की अपनी जिम्मेदारी को भी माना। वर्षा जल का संग्रहण सभी क्षेत्रों के लोगों के लिए जरूरी है। बारिश के पानी को इकट्ठा करना बहुत ही असरदार और पारंपरिक तकनीक है। इससे छोटे तालाबों, भूमिगत जल आदि के इस्तेमाल से जल संरक्षण किया जा सकता है। ग्रामीणों को कार्यक्रम के द्वारा भूमिगत पुनर्भरण तकनीक से जल संग्रहण का भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संरपच संगीता ने मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन को रूद्र का पौधा भेंट किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत से मनरेगा सहायक परियोजना अधिकारी अरदीप ढीढी, जनपद पंचायत से रूचि वर्मा एडीओ, देवीलाल ध्रुव आंतरिक लेख परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी, गौरव मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, वर्षा साहू तकनीकी सहायक मनरेगा एवं ग्रामीण उपस्थित रहें।

# निगम जोन 9 के फुण्डहर पशु गौठान में 218 गायों, बछडों का एचएस प्लस बीक्यू टीकाकरण किया गया



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार पशु धन विभाग के सहयोग से आज नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 के क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फुण्डहर क्षेत्र के पशु गौठान मे 218 गायों एवं बछडों का एचएस प्लस बीक्यू टीकाकरण किया गया। टीकाकरण अभियान में पशु धन विभाग के अधिकारी एम. एल. चंद्राकर, आदर्श मिरगे, विनोद साहू, सुखचंद साहू, उदय शाह सहित नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय के निर्देश पर फुण्डहर पशु गौठान प्रभारी नगर निगम जोन 9 स्वच्छता पर्यवेक्षक भोला तिवारी एव गोठान के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# रेंज रोवर अब बनी मेड इन इंडिया : रेंज रोवर हाउस में पेश की जाएगी क्युरेटेड लक्ज़री

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



युके 'रेंज रोवर के लिए ग्लोबल होम' बना हुआ है, जो दुनिया भर के 121 मार्केट्स में निर्यात की जाने वाली रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट वाहन बनाता है, इसमें आगामी रेंज रोवर इलेक्ट्रिक भी शामिल है। नए रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट्स मॉडल्स, ऑन एवं ऑफ-रोड- लुभावनी आधुनिकता, अद्वितीय परिशोधन और बेजोड़ क्षमता तथा बेहतरीन इन-कार टेक्नोलॉजी जैसे सॉफ्टवेयर-ओवर-द-एयर, वाईस कंट्रोल तथा सिंगल, सहज, डिजिटल इंटरफेस के साथ क्लाइंट को सहज अनुभव प्रदान करते हैं। रेंज रोवर हाउस अपने एक्सक्लुज़िव, आधुनिक लक्ज़री अनुभव के साथ भारत पहुंच गया है, जिसे क्षेत्र में उपभोक्ताओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। रेंज रोवर हाउस इंडिया, ने शानदार तटीय शहर अलीबाग में अपनी शुरूआत की है, जहां कुछ पहले रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट्स वाहनों को डिस्प्ले किया गया है, जिन्हें अब एक्सक्लुज़िव रूप से भारतीय बाज़ार के लिए भारत में बनाया जाएगा। भारत में रेंज रोवर के लक्ज़री बड़े एसयूवी वाहनों, भव्य रेंज रोवर और डायनामिक, आधुनिक परफोर्मेन्स के एसयूवी, रेंज रोवर स्पोर्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए, इन्हें पहली बार भारत के पुणे में स्थानीय रूप से बनाया जाएगा। इस कदम के साथ भारतीय क्लाइंट्स को रेंज रोवर के पिनाकल वाहनों के लिए कम इंतज़ार करना पड़ेगा और उपभोक्ताओं को आधुनिक लक्ज़री अनुभव प्रदान करने के लिए जेएलआर की क्षमता का विस्तार किया जाएगा।

# गोठान से ही गायों का संरक्षण संभव अभ्यारण सस्ती राजनीति के लिये : शुक्ला

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू की गई गोधन न्याय योजना का नाम बदलकर गौ अभ्यारण किया जा रहा है। भाजपा सरकार के पास गौ सेवा के लिये कोई प्लानिंग नहीं है। कांग्रेस सरकार में 10 हजार से अधिक गौठान बने थे 3 लाख एकड़ सरकारी जमीन संरक्षित हुयी थी। गोठान में परंपरागत व्यवसाय को शुरू किया गया। तेल परोई, लौहार, बढ़ई को काम मिलता था। पशुधन के लिये चारा पानी, दवाई की व्यवस्था होती थी। महिला स्वसहायता समूह दो किलों में गोबर 4 रू में गौ मूत्र खरीदी करते थे। गौठान से वर्मी कम्पोस्ट एवं अन्य उत्पाद बनाये जाते थे, जो पांच माह से बंद है, अब नाम बदलकर उस योजना को फिर शुरू किया जा रहा है। सरकार द्वारा गायों के संरक्षण के लिये बनाये जाने वाले गौ अभ्यारण पर सवाल खड़ा करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गायों और गोवंश संरक्षण की बेहतरीन योजना गौठान, गोधन न्याय योजना को बंद कर दिया। अब राज्य सरकार को गायों का संरक्षण और गोधन संरक्षण की याद आ रही है। गौठान ऐसी योजना थी जहां ग्रामवासियों को जोड़कर गोवंश का संरक्षण किया जाता था। इस योजना में गोवंश के साथ महिला समूहों के भी आर्थिक उन्नति का मार्ग खुला था। गोधन न्याय योजना में हर आदमी का फायदा था, पशुपालक चरवाहे गोबर बेचकर मुनाफा कमा रहे थे साथ ही गायों का संरक्षण होता था और गायों को दाना, पानी मिलता था। सरकार बदलने पर राजनैतिक विद्वेष के कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इस योजना को बंद किया। अब गौवंश अभ्यारण योजना चालू करने जा रहे है कितना भी अभ्यारण बना ले आखिर में गौठान में आना ही पड़ेगा। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इससे पहले भाजपा ने गौशालओं बनाकर भाजपा के नेताओं को करोड़ो का अनुदान दिया था। तब गौशालाओं में गाये मरा करती थी। बड़े-बड़े भाजपा नेताओं की गौशालाओं में गाय के हडडी, चमड़े का व्यापार किया जाता था।

# अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◂ धमतरी
www.dailypioneer.com



थाना सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर से सूचना मिला की सिहावा चौक स्टेशन पारा रोड जाने का रास्ता धमतरी में अपने हाथ में एक नीला रंग के थैला में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा है की सूचना पर तत्काल सिटी कोतवाली धमतरी एवं सायबर टीम ने दबिश देकर गवाहों के समक्ष आरोपी रामकुमार नेताम को अवैध गांजा बेचते हुए अवैध गांजा के साथ रंगे हाथ पकडा गया, गांजा खरीदने वाले ग्राहक पुलिस को देखकर गाग गये। आरोपी रूराजकुमार नेताम पिता स्व रामराज नेताम उम्र 29 वर्ष साकीन बैला बाजार के पास विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे धमतरी थाना धमतरी जिला धमतरी। आरोपियों से जप्ती संपत्ति मादक पदार्थ गाजा कुल वजन 1.796 किलो ग्राम, बाजार मुल्य के आधार से करीबन 18,000 रूपये जब्त कर आरोपी के कृत्य अपराध धारा का पाये जाने से आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अप क्र. 211/24 धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली से सउनि विरेंद्र बैस, प्रआर दीपेश देहारी, आर,अंशुल रावएडायमंड यादव सायबर प्रभारी सन्नी दुबे, प्रआर देवेन्द्र राजपूत, लोकेश नेताम, आर कृष्णा पाटिल, युवराज ठाकुर, योगेश ध्रुव योगेश नाग, बीरेंद्र सोनकर, आनंद कटकवार, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, मनोज साहू, विकास द्विवेदी, फनेश साहू की सराहनीय भूमिका

# राईस मिलर के सूने मकान से नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात पार

**धमतरी।** धमतरी में लगातार चोरी घटनाएं बढ रही है। इसी बीच चोरो ने कालोनी के एक सूने मकान में धावा बोल दिया। नगदी रकम सहित सोने चांदी के जेवरात ले भागे। चोरी कितने की हुई है यह मकान मालिक के आने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि मैत्री विहार कालोनी निवासी राईस मिलर नरेश अग्रवाल परिवार के साथ विगत दो दिनो से बाहर गए हुए है जिससे मकान सूना पडा था, इसी सूनेपन का चोरो ने फायदा उठाया। सोमवार की सुबह जब कामवाली घर की साफ सफाई करने पहुंची तो दरवाजा खुला व ताला टूटा हुआ देख मकान मालिक नरेश अग्रवाल के आसपास के रिश्तेदारो व परिचितो को जानकारी दी। इसक पश्चात उन्होने मकान मालिक व पुलिस को सूचना दी। कामवाली शंकुतला ने बताया कि घर के लोग शनिवार से बाहर गए हुए है। वह शनिवार, रविवार को काम करने आई थी। सोमवार की सुबह वह घर पहुंची तो बाहर का गेट का ताला खोलकर अंदर जैसे ही ताला खोलने के लिए हाथ बढाया देखा दरवाजा टूटा हुआ था।


## नाम परिवर्तन

मैं शेख शीबा वसीम sheikh shiba vasim उम्र 27वर्ष पति श्री शेख वसीम मनिहार जाति मनिहार निवासी हा. नं. 91 वार्ड दीनदयाल उपाध्याय वार्ड शहजादा ट्रांसपोर्ट दाउपारा मुंगेली, थाना व तह.-मुंगेली, जिला-मुंगेली छ.ग. की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करती हूँ:-

01. यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं।
02. यह कि मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम शेख शीबा परवीन मोह. शब्बीर shaikh shiba Parveen Mohd shabbir रहा है जो मेरे अंकूसची एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में दर्ज है।
03. यह कि विवाह के पश्चात मेरा नाम शेख शीबा वसीम sheikh shiba vasim पति शेख वसीम मनिहार sheikh vasim Manihar है जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में दर्ज है।
04. यह कि शेख शीबा वसीम sheikh shiba vasim व शेख शीबा परवीन मोह. शब्बीर shaikh shiba Parveen Mohd shabbir अलग-अलग महिला ना होकर एक ही महिला अर्थात् मैं ही स्वयं हूँ।
05. यह कि मैं यह शपथ पत्र मेरा सही व पूरा नाम शेख शीबा वसीम sheikh shiba vasim पति शेख वसीम मनहिार sheikh vasim Manihar होने के संबंध में एवं मुझे इसी नाम से जाने माने एवं समझे जाने के संबंध प्रस्तुत कर रही हूँ।
06. यह कि मैंने कोई भी बात नहीं छिपाई है और न ही गलत रूप में दर्ज कराया है।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं शेख शीबा वसीम sheikh shiba vasim यह कि सत्यापित करती हूँ कि मैं शपथ पत्र में कंडिका 01 से 06 तक में लिखी बातें मेरी स्वयं की जानकारी में सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक 27.05.2024 को स्थान मुंगेली में नोटरी के समक्ष पढ़कर, सुनकर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता

## न्यायालय उप तहसील पटेवा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

प्रकरण क्रमांक ब-121/2023-2024
ग्राम-बोडरा प.ह.नं.51
रा.नि.मं. पटेवा तहसील व जिला महासमुंद

### // ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासी बोडरा को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक विश्वासा बाई पति दुलार जाति गोड़ निवासी ग्राम बोडरा प.ह.नं. 51 ने ग्राम बोडरा प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. पटेवा तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. द्वारा अपने माता जी बौहा बाई का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए हलफनामा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें आवेदक के मां का मृत्यु दिनांक 02/01/1997 को होना दर्शाया गया है तथा आवेदक द्वारा अनुपलब्धता प्रमाण पत्र के साथ आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर दावा हो तो वह पेशी दिनांक 07/06/2024 को कार्यालयीन समय तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधी पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय के पद मुहर से जारी।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
पटेवा जि.महासमुन्द (छ.ग.)

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव जिला-कोंडागांव (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

ई-कोर्ट क्र./202405200900035
/अ-2/2023-24
ग्राम-कोण्डागांव प.ह.न.-15

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुमंता चेल पिता अजीत चेल वर्ग सामान्य (जाति ताम्बुली) कोण्डागांव तहसील कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव के द्वारा ग्राम कोण्डागांव में स्थित स्वयं की भूमि खसरा नंबर 736/11 रकबा 0.012 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु नक्शा, खसरा बी-1, रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 12/06/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव

## न्यायालय तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला-जांजगीर-चाम्पा (रा.)

### // ईश्तहार //

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अकादशी केंवट पति श्याम कुमार ग्राम तेन्दुआ के ग्राम तेन्दुआ में अपने पति स्व. श्याम कुमार पिता फिरतुराम के मृत्यु दिनांक 20/03/2008 को हो जाने पर मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 10/06/2024 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/5/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
शिवरीनारायण

पंजीकृत कार्यालयः छठी मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400013

DCB BANK

## कब्जा सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित के प्रवर्तन (2002 का 54) के तहत और नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अधोहस्ताक्षरी डीसीबी बैंक लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 ने नीचे उल्लिखित तिथियों पर एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ताओं (उधारकर्ता और सह-उधारकर्ता) को 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि को सारणीबद्ध रूप में अतिरिक्त ब्याज के साथ चुकाने के लिए कहा गया। उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से.

उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता एवं सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उप के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। -नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की धारा (4) भी **24 मई, 2024** को सुरक्षा हित नियम 2002 की धारा 14(1) के साथ लागू होती है।

उधारकर्ता, विशेष रूप से सह-उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति (अचल संपत्ति का विवरण) के साथ लेनदेन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन डीसीबी बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा। राशि जैसा कि यहां नीचे बताया गया है।

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| मांग सूचना तिथिः | 09 जनवरी, 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | स्व. श्री सूरज कुमार बंधे (उनके कानूनी उत्तराधिकारियों सहित) श्री नरेश कुमार बांधे, श्रीमती अमेरिका बाई बांधे एवं श्रीमती भारती सूरज बांधे, श्री नरेश कुमार बांधे, श्रीमती अमेरिका बाई बांधे (पत्नी श्री नरेश कुमार बांधे) एवं श्रीमती भारती सूरज बांधे (पत्नी स्व. श्री सूरज कुमार बांधे) |
| ऋण खाता संख्या | DBLABAL00415616 / DBLABAL00524940 |
| कुल बकाया राशि | रु. 5,62,943.09 (पांच लाख बैसठ हजार नौ सौ तिरालीस नौ पैसे मात्र) 9 जनवरी, 2024 को। |
| अचल संपत्ति का विवरणः खसरा नं. 479/1, प.ह.नं. 4, ग्राम-टेमरी, तहसील-कसडोल, जिला-बालौदा बाजार, भाटापारा रोड, छत्तीसगढ़ जिसका कारपेट एरिया- 2106.00 वर्गफीट में स्थित (सुरक्षित संपत्ति) का समस्त भाग व अंश। | |
| मांग सूचना तिथिः | 11 मार्च, 2024 |
| उधारकर्ता एवं सह-उधारकर्ता का नाम | श्री उमाशंकर मेश्राम, श्रीमती तीजबाई मैथिल एवं मेसर्स द कॉफी एण्ड स्नेक्स, प्रोपराईटर- श्री उमाशंकर मेश्राम के माध्यम से |
| ऋण खाता संख्या | DBLARAT00565652 |
| कुल बकाया राशि | रु. 11,44,783.00 (ग्यारह लाख चवालीस हजार सात सौ तिरासी मात्र) 11मार्च, 2024 को। |
| अचल संपत्ति का विवरणः खतियान नं. 675/1, वार्ड नंबर 7, दुकान नं. 3, भखारा, तहसील - कुरूद, जिला - धमतरी, छत्तीसगढ़, जसका माप 35.75 वर्ग मीटर में स्थित (सुरक्षित संपत्ति) संपत्ति के समस्त भाग व अंश। | |

दिनांकः 28.05.2024
स्थानः बलौदा बाजार, धमतरी

डीसीबी बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी

# जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कृषकों से शीघ्र उठाव कराएं : कलेक्टर

**कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले में खरीफ वर्ष 2024 में खाद एवं बीज की भंडारण, वितरण, उपलब्धता और विगत वर्ष में खपत को लेकर जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध है। इसका समितियों के माध्यम से किसानों द्वारा शीघ्र उठाव कराएं। समितियों में खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल निराकरण कराते हुए संबधितों के विरुद्ध कार्यवाही भी करें। उन्होंने शासन स्तर से समिति तक खाद-बीज प्राप्त होने की पूरी प्रक्रिया की बारीकी से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। खाद एवं बीज की समस्या के समाधान के लिए हेल्प लाइन नंबर जारी। जिले में किसानों की खाद एवं बीज की समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नम्बर 9406275534 जारी किया गया है। जिले के किसान इस नम्बर पर सम्पर्क कर समस्या का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने जारी हेल्प लाइन नंबर को सभी समितियों के दीवार पर चस्पा कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही समितियों में सुचारू रूप से खाद एवं बीज भंडारण, वितरण और उसकी निगरानी के लिए जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय की अध्यक्षता में समिति भी गठित करने के लिए कहा। उन्होंने जिले में निजी खाद एवं बीज विक्रेता और बीज उत्पादक समिति के बारे में भी जानकारी ली और शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। मछली पालन के लिए करें प्रोत्साहित - कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधिक से अधिक लोगों को विभागीय योजना से लाभांवित करते हुए मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करें, जिससे उनकी बेहतर आजीविका संवर्धन हो सके। उन्होंने जिले में कुल जल धारण क्षमता एवं मछली उत्पादन के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में लक्ष्य के अनुरूप मवेशियों के टीकाकरण, पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में भी जानकारी ली और किसानों को कृषि के साथ उन्नत नस्ल के पशु पालन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी मिल सके। समितियों में 06 हजार 851 क्विंटल बीज और 23 हजार 988 टन उर्वरक भंडारित - जिला बीज निगम के प्रबंधक टी. आर. सोनकर ने बताया कि खरीफ सीजन के लिए जिले में 06 हजार 851 क्विंटल बीज का भंडारण किया जा चुका है। वहीं अब तक 1239 क्विंटल बीज का वितरण किया जा चुका है। सभी समितियों में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। समितियों द्वारा बीज वितरण की कार्यवाही पूर्ण होने पर मांग के अनुरूप पुनः बीज उपलब्ध कराया जायेगा। जिला विपणन अधिकारी शीतल भोई ने बताया कि किसानों की मांग के अनुरूप 23 हजार 988 टन उर्वरक का भंडारण किया गया है, जिसमें से 06 हजार 874 टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। सभी समितियों में यूरिया, सुपर फास्फेट, डीएपी और पोटाश उर्वरक उपलब्ध करा दिया गया है। उप संचालक कृषि डी. के. ब्यौहार ने जिले के समितियों में धान, अरहर, मक्का, सोयाबीन, उड़द, मुंग, तिल, मूंगफली आदि की उपलब्धता के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में खाद एवं बीज का भंडारण व वितरण कार्य प्रगति पर है। कृषकों द्वारा अग्रिम उठाव किया जा रहा है।

# नोटिस का असर नहीं, निगम ने की कार्रवाही

- सुमीत बाजार के संचालक को सड़क पर बेवजह पानी बहाना पड़ा महँगा, भरना पड़ा नगर निगम को 2 हज़ार का जुर्माना

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत सुमीत बाजार परिसर पोलसायपारा संचालक द्वारा लगातार सड़क पर पानी बहाने से परेशान लोगो ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर से शिकायत की। उन्होंने अधिकारियों को कार्रवाही के निर्देश दिये। नगर निगम अधिकारियों द्वारा शिकायत को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार परिसर का निरीक्षण कर पाया गया कि संचालित सुमीत बाजार परिसर के कूलरों का पानी की निकासी को आवागमन सड़क क्षेत्र में प्रवाहित किया जा रहा है। जिससे सड़क में पानी का जमाव हो रहा है एवं आवाजाही बाधित हो रही है। निगम द्वारा नोटिस के माध्यम से सुमित बाजार के संचालक को कूलरों के पानी निकासी की समुचित व्यवस्था किये जाने के लिए अवगत कराया गया था परंतु नोटिस का असर नही हुआ। नोटिस को किया अनदेखा तो निगम अधिकारियों ने आज निरीक्षण कर 2 हज़ार रुपये का जुर्माना की कार्यवाही गई है।आपको बता दे कि निगम द्वारा 24 घंटे के भीतर उक्त कूलरो के पानी की निकासी को सड़क से हटाकर अन्यंत्र समुचित व्यवस्था कर नगर पालिक निगम कार्यालय को सूचित करेंगे ताकि राहगीरों को आवागमन में परेशानी ना हों।कार्रवाही के मौके पर सहायक अभियंता गिरीश दीवान,राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक भवन अधिकारी विनोद मांझी, सफाई दरोगा सुरेश भारती के अलावा टीम अमला मौजूद रहें।नोटिस का असर नहीं,निगम ने की कार्रवाही, सुमीत बाजार के संचालक को सड़क पर बेवजह पानी बहाना महँगा पड़ा। जिसके एवज मे संचालक को 2 हज़ार रुपये का जुर्माना भरना पड़ा।

# दावों की पोल खुलेगी या दावों पर मुहर लगी है इसका खुलासा 4 जून को हो जायेगा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा के सातवे चरण का मतदान होने के 3 दिन बाद यानि ठीक एक सप्ताह बाद बिलासपुर समेत छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों के नतीजे आ जायेंगे। दोपहर 12 बजे तक छत्तीसगढ़ की राजनीति स्पष्ट हो जायेगी । चार जून को यह भी स्पष्ट हो जायेगा कि छत्तीसगढ़ के मतदाता मंदिर ,मस्जिद ,मुस्लिम लीग जैसे नारों की भावनाओ में बह गए या फिर युवाओं को रोजगार, मंहगाई, संविधान की रक्षा, महिला सुरक्षा, किसानों को एम एस पी आदि जैसे वादों पर भरोसा किए। रही बिलासपुर लोकसभा सीट की तो पहली बार शायद ऐसा लगा कि चुनाव लडा जा रहा है अन्यथा लोकसभा चुनाव को लेकर आम लोगो में ज्यादा रुचि नहीं रहती। कांग्रेस भाजपा उम्मीद वारों ने सचमुच में जीतने के लिए इस बार चुनाव लडा है ।भाजपा के चार सौ पार के प्रभावी नारों के बीच कांग्रेस प्रत्याशी ने बिलासपुर की राजनीति में बदलाव लाने के लिए बड़ी मेहनत की है ।मतदाता ने क्या सोचा यह 4 जून को स्पष्ट हो जाएगा । अभी तो फ्लिहाल होटल, पान ठेला, सब्जी बाजार में, राजनैतिक दलों के नेताओं के बीच इसी बात की चर्चा होती रहेगी कि कौन कौन निपट रहा है और किसका राजयोग है। बिलासपुर लोकसभा सीट को लेकर भी कुछ ऐसी ही तस्वीर रहेगी। वोटर बड़े स्वार्थी लेकिन मौन होते है। कुल मिलाकर 11 घंटे तक मतदान हुआ लेकिन वोटरों ने इसका खुलासा नहीं किया कि किसके पक्ष में हवा चल रही है। कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव और भाजपा प्रत्याशी तोखन साहू के बीच कड़ी टक्कर है ऐसा तो सब कह रहे है लेकिन जोर किसका चल रहा यह बताने का रिस्क कोई नही लेना चाहता। बिलासपुर लोकसभा सीट में शतप्रशित मतदान हो इसके लिए जिला प्रशासन के सारे विभागो ने खूब पसीना बहाया लेकिन मतदाता टस से मस नहीं हुए और 21लाख वोटरों में से सिर्फ 65 फीसदी वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 35 फीसदी वोटर यानी साढ़े सात लाख मतदासताओ ने वोट क्यों नही डाला यह जानने की कोशिश शासन प्रशासन नही करेगी और अगले चुनाव में फिर वही स्वीप अभियान चलाया जाएगा जबकि प्रशासन को साढ़े सात लाख वोटर के लिए पूरे 5 साल अभियान चलाया जाना चाहिए। बिलासपुर जिले कमाने खाने गए ढाई लाख वोटरो से फोन पर बात कर उन्हे वोट देने घर लौटने अभियान चलाया गया ।बड़ा सवाल कि कितने ग्रामीण दूसरे प्रदेशों से वोट डालने यहां आए ? दरअसल मतदाता सूची ऐसी बनी कि दूसरे राज्यों में रहने वाले छात्रों जो यहां पढ़ने आए है उनके नाम भी विशेष निर्देश पर जोड़ने के लिए अभियान तो चलाया गया और मतदाता सूची में नाम भी जोड़े गए लेकिन वे लोग वोट डाल पाए कि नही इसका ध्यान रखा गया हो ऐसा नहीं लगता ।

# एक मुश्त संपत्तिकर की राशि 31 मई तक जमा कर 6.25 प्रतिशत का लाभ उठाए




पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

निगम भिलाई ने अपने क्षेत्र के करदाताओ को सुविधा प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 का एक मुश्त संपत्तिकर की राशि 31मई तक जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट का लाभ प्रदान कर रहा है। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर संपत्तिकर विभाग ने निगम क्षेत्र के भवन मालिको की सुविधा के लिए वेबसाईट https://Chhattishgarhmunicipal.com/nagar-nigam/citizen/ लॉच किया है, जिसमें संपत्तिकर बटन पर क्लीक करने पर संपत्तिकर में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर ओटीपी आयेगा, ओटीपी डालने पर संपत्तिकर का विवरण, डिमांड नोट आदि की जानकारी प्राप्त होगी। भुगतान में क्लीक करने पर विकल्प के रूप में क्रेडिट, डेबिट, नेटबैंकिग, यूपीआई पूछा जायेगा जिस पर क्लीक करने पर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। साथ ही वेबसाईट से ही भुगतान की रसीद जनरेट होगी, जिसे भवन मालिक प्रिंटकर सुरक्षित रख सकते है। निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय में भी संपत्तिकर जमा करने के लिए काउन्टर है। गौरतलब है कि 1 अप्रेल से 31 मई तक संपत्तिकर राशि का एक मुश्त भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत छूट प्रदान किया जा रहा है भवन स्वामी अपना संपत्तिकर राशि जमा करवाकर छूट का लाभ उठा सकते है। अवकाश के दिनों में भी नगर निगम का काउंटर संपत्ति का जमा करने के लिए खुला रहेगा हितग्राही पहले जमा करके उसका लाभ ले सकते हैं।

# आनंदाश्रम में वृद्धजनों को उपलब्ध कराया गया वाशिंग मशीन और बेंच



पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के निर्देश पर रामगढ़ स्थित आनंदाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों को वाशिंग मशीन और बेंच उपलब्ध कराया गया है। गौरतलब है कि कलेक्टर ने 16 मई को अपने जन्मदिवस के अवसर पर आनंदाश्रम पहुंचकर वृद्धजनों से भेंट कर उनका हालचाल जाना एवं उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के बारे में पूछा था। आश्रम के कर्मचारियों द्वारा वृद्धजनों की सुविधा के लिए वाशिंग मशीन एवं बेंच की मांग की गई थी। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को यह सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में बुजुर्गों को वाशिंग मशीन एवं बैठने के लिए बेंच उपलब्ध कराया गया।

# जिले में 4 माह में 18 सौ से भी अधिक लोगों के लिए 108 ने निभाई संजीवनी की भूमिका




पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में 4 माह में 18 सौ से भी अधिक लोगों के लिए 108 ने निभाई संजीवनी की भूमिका। 260 गर्भवती महिलाओं को भी पहुँचाया गया हॉस्पिटल। घायलों को मिल रही है बेहतर और त्वरित आपातकालीन निःशुल्क सेवा का लाभ। 108 की सेवा निरंतर अपने नाम के अनुरूप घायलों, मरीजों को त्वरित आपातकालीन सेवा प्रदान करते हुए जिलेवासियों के लिए संजीवनी की भूमिका निभा रही है। इसी क्रम में जिले में बीते 4 माह के दौरान जिले के 1800 सौ से अधिक लोगों की जान बचाने में 108 संजीवनी एक्सप्रेस ने अपनी सार्थक भूमिका निभाई है। संचालन करने वाली संस्था जे.ए.ई.एस द्वारा बताया गया कि जनवरी, फरवरी, मार्च और अप्रैल में कुल 1810 लोगों को आपातकालीन सेवाओं का लाभ पहुँचाया गया है। जिनमें आरटीए के 309, प्रेग्नेंसी 260, जहर सेवन के 64, सुसाइड एटेम्पट के 3, एनिमल बाईट 25 एवं सर्दी, खांसी, चेस्ट पेन, बुखार, सिर दर्द, उल्टी-दस्त, एलर्जी, पीठ दर्द, डायरिया फ्रैक्क, बर्न, डायबिटिज सहित अन्य बीमारियों के 1147 लाभर्थियों को सेवा दी गई है। हर मौसम में तत्परता से जुड़े रहते हैं संजीवनीकर्मी- जरूरतमंदों को त्वरित और बेहतर आपातकालीन सेवा देने में संजीवनी की टीम हर मौसम में पूरे समर्पण के साथ तत्परता से कार्य करती है। बात चाहे तेज गर्मी की तपिश या बारिश की हो, 108 की टीम हर स्थिति परिस्थिति के बीच सेवाभावना से जुटी रहती है।

# अवैध रूप से टूल्लू पम्प के माध्यम से पीने का पानी खींचने वालों पर निगम की बड़ी कार्यवाही







पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के मदर टेरेसा नगर जोन 03 कार्यालय क्षेत्र में जल प्रदाय के दौरान टूल्लू पम्प के माध्यम से पानी खीचने वाले के विरूद्व कार्यवाही करते हुए मौके पर 12 टूल्लू पम्प को निगम ने किया जप्त। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को शिकायत मिल रही थी कि कुछ लोग ऐसे है, पानी सप्लिाई के दौरान मोटर टूल्लू पम्प लगाकर पानी खींच ले रहे है जिससे दुसरे बस्तीयो में पानी का सप्लाई ठीक ढंग से नहीं हो पा रहा है उसको देखते हुए आयुक्त ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किया की रोज सुबह अपने क्षेत्रो में जाए जहॉ पर भी अवैघ रूप से टूल्लू पम्प लगाकर पानी खींचा जा रहा है उस पर कार्यवाही करें। जिससे गर्मी के दिनो में अंतिम छोर तक पानी पहुँचे सभी नागरिको को शुद्व पेयजल मिले। इसके लिए सभी जोन आयुक्त अपने अपने क्षेत्र का प्रातः भ्रमण कर रहे है। ताकि जल प्रदाय के दौरान टूल्लू पम्प के माध्यम से पानी खीचने वाले के विरूद्व कार्यवाही की जा सके। जोन क्र 03 वार्ड 34 एवं 35 मिलन चैंक के पास नागरिको एवं व्यवसायी द्वारा टूल्लू पम्प लगाकर पानी खीचा जा रहा था, जिसे जप्त किया गया। कुछ लोग ऐसे भी थे जो नगर निगम के अमला को देखकर के अपने पंप को छिपा दिए दरवाजा बंद कर दिए पूछने पर बोले हम मोटर नहीं चलाते हैं इस कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता भेश्राम सिन्हा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, उपअभियंता मरकाम, कृष्णा जंघेल, सुपरवाईजर श्याम कुमार आदि उपस्थित रहे। यह कार्यवाही नगर निगम के जोन 01,02 एवं 04 में भी जारी है। आयुक्त ध्रुव ने सभी नागरिको से अपील की है कि निगम का उद्देश्य है कि हर नागरिक को शुद्व पेयजल मिले। आप सब भी सहयोग करे किसी प्रकार से टूल्लू पम्प लगाकर अवैध रूप से पानी का दोहन करना कानून अपराध है।

पकड़े जाने पर नगर निगम अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी। बिजली की भी कटौती भी हो सकती है। सनद रहे की जब लोग शुरू में मोटर से पानी खीच लेते है तो पानी सप्लाई का प्रेशर कम हो जाता है जिससे आगे के बस्तीयो में जल प्रवाह की गति रूक जाती है।

# खरतुली में समर कैंप में विद्यार्थी उत्साह पूर्वक भाग लिए

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com





शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरतुली में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। इस समय कैंप में विद्यार्थियों ने विविध विधा में जैसे खेलकूद, व्यायाम, नाटक, एकल अभिनय, मिमिक्री, गायन वादन, नृत्य, कविता लेखन, निबंध लेखन, चित्रकला, भाषण, संवाद कौशल रोल प्ले और पेपर के माध्यम से विविध सामग्री निर्माण के साथ-साथ अनेक उपयोगी सामग्री बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने रुचि अनुसार अनेक विधाओं में भाग लिया एवं समर कैंप का लुत्फ उठाया इस अवसर पर कैरियर मार्गदर्शन का भी आयोजन किया गया जिसमें प्राचार्य टीआर नागवंशी व्याख्याता नवीन कुमार खरे आकाश गिरी गोस्वामी, संदीप सिंह द्वारा विद्यार्थियों को 10वीं एवं 12वीं के पश्चात अध्ययन तथा रोजगार हेतु अनेक अवसरों के बारे में बताया। आकाश गिरी गोस्वामी द्वारा खेल.खेल में अभिनय के विविध गुरु विद्यार्थियों को सिखाया गायन वादन डायमंड गुरु पंचायन द्वारा खेल कूद व्यायाम योग संदीप सिंहा द्वारा शिक्षक शिक्षकों ने विद्यार्थियों को अपने अनुभवों से हा जानकारियां एवं गुर सिखाए इस समर कैंप का उद्देश्य बताते हुए प्राचार्य नागवंशी ने कहा कि समर कैंप से बच्चों के गर्मी के समय का सदुपयोग होता है तथा साथ ही साथ बच्चों मोबाइल टीवी से दूर होते हैं उनके अंदर की प्रतिभा का विकास होता है।

**शिक्षा के अधिकार के तहत मिले आवेदनों की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करें, स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें एसडीएम, कलेक्टर ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश**

# जल संरक्षण के लिए सभी शासकीय भवनों में बनाएं रैन वॉटर हार्वेस्टिंग : कलेक्टर नम्रता गांधी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को जल संरक्षण के लिए शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्राम पंचायत जहां रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रूफटॉप स्ट्रक्चर और वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बन गए हैं, उन्हें जियो टैग किया जाये। साथ ही गांवों में जल संरक्षण संबंधी नाराए स्लोगन, जागरूकता रैलीए दीवार लेखन करने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाये। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिले में भूजल स्तर तेजी से गिरता जा रहा है और पानी की दिक्कत भी हो रही है। इसके साथ ही रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल बांध का भी जल स्तर गिरता जा रहा है। कलेक्टर ने सभी सीईओ, सीएमओ को आगामी विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता फैलाने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण और उठाव की जानकारी ली और इसमें किसी तरह की दिक्कत हो तो अवगत कराने कहा। कलेक्टर ने पौधरोपण के लिए अब तक जिन विभागों ने मांगपत्र प्रस्तुत नहीं कियाए उन्हें तत्काल मांगपत्र प्रस्तुत करने कहा। साथ ही सहायक संचालकए उद्यान को निर्देशित किया कि वे वृक्षारोपण के लिए नर्सरी में पौधे तैयार करा लें तथा आयुष के पौधे भी तैयार कराएं। शिक्षा के अधिकार की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आरटीई के तहत मिले आवेदनों और इस पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने साफतौर पर कहा कि आरटीई के तहत किसी तरह की राशि की मांग नहीं की जायेए इसका अधिकारी ध्यान रखें। कलेक्टर ने जिले के स्कूलों में संचालित समर कैम्प की जानकारी लेते हुए कमार बसाहटों का विशेष ध्यान रखने कहा। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र की स्थिति की जानकारी लेते हुए हर सप्ताह समय सीमा की बैठक में इसकी जानकारी देने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को स्वास्थ्य केन्द्रों का नियमित निरीक्षण कर ओपीडी पर्चीए डॉक्टर द्वारा लिखी जा रही कंपनी की दवाए मरीजों को समय पर दवा मिल रही या नहीं इत्यादि का मुआयना करने के निर्देश दिए। साथ ही आभा एप की जानकारी लोगों को अधिक से अधिक पहुंचाने के निर्देश कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए। इसके लिए अस्पतालों में आभा एप संबंधी जानकारी को दर्शाते बोर्ड लगाने कहा। कलेक्टर ने बैठक में समय सीमा के प्रकरणों की समीक्षा की और इसे निराकरण करने के निर्देश दिए।

# गर्मी में लू से बचने के लिए बरतें सावधानी स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में तेज गर्मी को देखते हुए हीट वेव या लू से बचाव एवं स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि गर्मी में तापमान में वृद्धि के कारण लू लगने की आशंका रहती है, जो कि शरीर के लिए खतरनाक एवं जानलेवा हो सकता है।

उन्होंने बताया कि लू के कारण शरीर में नमक व पानी की कमी और पसीने लगातार निकलने से शरीर में गर्मी बढ़ जाती है। सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी और शरीर में दर्द, शरीर का तापमान अधिक होने पर भी पसीना नहीं निकलना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना आदि लक्षण दिखाई देने लगते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्देश के अनुसार लू से बचाव के लिए धूप में कम से कम निकलें। यदि बहुत आवश्यक हो तो सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बांधकर ही बाहर निकलें। लू से बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा मात्रा में पानी पिएं और नरम, मुलायम और सूती कपड़े पहने। सीएमएचओ डॉ. पैकरा ने बताया कि अधिक पसीना आने की स्थिति में ओर. आर. एस. का घोल पिएं और लू के लक्षण होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सक की सलाह लें।

# एसपी की स्पेशल टीम ने ओडिशा से गांजा तस्करी कर रहे युवक को दबोचा, एक एएसआई को किया अटैच

## आरोपी आकाश गुप्ता के कब्जे से 8.140 किलोग्राम कीमती 81,400 रु का गांजा बरामद

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा जिले में नशे के विरुद्ध एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर त्वरित कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है उक्त निर्देश के परिपालन में एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर उनके द्वारा कार्यवाही की गई है, मुखबीर से पुलिस को सूचना मिली कि दुलदुला क्षेत्रांतर्गत ग्राम रायडीह का ढुरसीनाला से होकर एक गांजा तस्कर जो अपने पास भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा रखा है।
वह मोटर सायकल से जशपुर की ओर जाने वाला है इस सूचना पर अधिकारियों के निर्देषन एवं मार्गदर्शन में दुलदुला थाने से स्टॉफ एवं गवाह भेजकर ग्राम रायडीह का ढुरसीनाला के पास नाकाबंदी की जाकर आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबीर के बतायेनुसार रात्रि लगभग 07:30 बजे लाल रंग का सुपर





स्पलेण्डर क्र. सी.जी. 14 एम.एफ 3607 में सवार होकर उक्त रास्ते में एक व्यक्ति आया, जिसे रोककर उसका नाम-पता पूछा गया एवं गांजा रखने के संबंध में संदेही से पूछताछ कर तलाशी लिया गया जिसमें गांजा बरामद हुआ।

### हस्ताक्षर करने से इंकार

आरोपी से तलाशी कराने संबंधी दस्तावेज में हस्ताक्षर करने से साफ इंकार किया, हस्ताक्षर करने से इंकार करने पर गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार किया गया। संदेही आकाश गुप्ता के कब्जे से एक थैला में मादक पदार्थ गांजा 01-01 पैकेट का कुल 08 पैकेट 8.140 किलोग्राम मिला जिसे गवाहों के समक्ष जप्त कर आकाश गुप्ता को अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्त आकाश गुप्ता उम्र 23 साल निवासी दुलदुला का कृत्य उक्त धारा सदर का अपराध पाये जाने पर उसे रविवार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### ये रहे उपस्थित

प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी की गिरफ्तारी में एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, स.उ.नि. अमरबेल मिंज, प्र.आर. 619 मनोहर तिर्की, आर. 687 अलेक्सियुस तिग्गा, आर. 495 अकबर चौहान, आर. 539 सुरेन्द्र निराला, आर. 532 जगदीश मरावी, आर. 506 आनंद खलखो की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक की टीम द्वारा कार्यवाही किए जाने पर दुलदुला में पदस्थ ASI हीरालाल बाघव को लाईन अटैच किया गया है।

किसी भी आम नागरिक को अवैध मादक पदार्थ तस्करी, जैसे-गांजा, अवैध शराब, कफ सिरप, जुआ, सट्टा इत्यादि के संबंध में जानकारी देना हो तो सीधे पुलिस अधीक्षक जशपुर को सूचना दे सकते हैं, एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देवें, सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा एवं उन्हें पुरस्कृत किया जावेगा।
**-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# तीन सवारी, तेज गति एवं शराब पीकर वाहन चलाते पायें जाने पर वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस ने की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



तीन सवारी, तेज गति में वाहन चलाने एवं शराब पीकर वाहन चलाने पायें जाने पर वाहन चालको के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा की जा रही है लगातार कार्यवाही यातायात चेकिंग के दौरान 04 ब्यक्तियो द्वारा शराब पीकर वाहन चलाए जाने पाए जाने पर वाहनों को जप्त किया जाकर चालकों के विरूद्ध धारा 185 MV ACT के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया है जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। जिले में कुल 110 वाहन चालको के द्वारा यातायात नियमों का उलघन करते पाए जाने पर मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है विवेक शुक्ला पुलिस अधीक्षक जांजगीर के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में 25 मई को विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, मोटर सायकल में तीन सवारी, वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, पार्किंग लाईन का नही होना, बिना हेलमेट पहनकर वाहन चलाना एवं शराब पीकर वाहन चालाने वालो के विरुद्ध अलग-अलग धाराओं के तहत वाहन चालकों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने के संबंध में समझाईस दी जा रही है।

# हर पात्र हितग्राही को आवास मिले तथा स्वीकृत आवास निर्धारित समय में पूर्ण हो : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



जनपद पंचयत मनेन्द्रगढ़ के अमृत सदन में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट एवं परियोजना निदेशक नितेश उपाध्याय ने किया सचिवों की समीक्षा। शासन की मंशा अनुसार एक-एक पंचायतों में बन रहे आवास की प्रगति की समीक्षा करते हुए सचिवों के द्वारा बताए गए समस्याओं के निदान के लिए कलेक्टर ने कई वर्षों से अप्रारंभ आवास की सूची एसडीएम कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिस पर वसूली की कार्यवाही की जावेगी। पंचायत सचिवों को निःसहाय/एकल बुजुर्ग मुखिया जैसे हितग्राहियों के आवास पूर्ण कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए आवास निर्माण में लगने वाले सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये एवं ऐसे हितग्राहियों को चिन्हित करने को कहा गया जो आवास निर्माण का कार्य बंद कर राशि का दुरुपयोग कर लिए हैं। कलेक्टर ने अपनी मंशा रखते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों से कहा कि हर किसी को आवास मिले एवं स्वीकृत आवास निर्धारित समय में पूर्ण हो ये जिला प्रशासन का लक्ष्य है। परियोजना निदेशक ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत सभी ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य तथा उनकी जियो टैगिंग एवं ओडीएफ प्लस बनाए जाने की कार्यवाही शीघ्र किए जाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही ग्रामों में डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण एवं पृथक्करण यूजर चार्ज पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। बाजार, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल एवं पुलिस थानों में सामुदायिक शौचालय की उपलब्धता एवं उपयोगिता हेतु निर्देशित दिया गया। प्लास्टिक प्रबंधन इकाई का संचालन, एफएसटीपी प्लांट का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कार्यालय से सिमेन्द्र कुमार सिंह, राजेश जैन एवं जनपद पंचायत सीईओ, पीओ, टीए, सचिव सहित रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में रहे खाद-बीज भंडारण : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने जिले में खाद व बीज भंडारण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त खाद-बीज भंडारण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खेती किसानी के कार्य को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव हो जाए। खाद एवं बीज को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने इस दौरान समय सीमा के प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने एवं निर्माण कार्यों को बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में मतगणना के संबंध में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मतगणना में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिए जाने, मतगणना स्थल पर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव को लेकर आवश्यक तैयारियां करने, स्कूलों में समर कैम्प का सतत निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के पूर्व स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मिलकर आवश्यक तैयारियों के साथ कार्य करें। उन्होंने नालियों की सफाई, ओव्हर हेड टैंक सहित जल भराव के स्थानों की साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं छिड़काव कराने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
समय सीमा की बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हांकन करते हुए वहां आने वाले तकनीकी दिक्कत को दूर करने, स्पीड ब्रेकर बनाने सहित आवश्यक सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बारिश के पूर्व पौधरोपण की तैयारियों समीक्षा करते हुए कहा कि उद्यानिकी एवं वन विभाग महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर नर्सरी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश में मॉडल ब्लाक प्लांटेशन, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका तैयार करने, इसके अलावा विभिन्न विभागों में बाउंड्रीवाल के भीतर पौधरोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जलापूति सुनिश्चित की जाए और जहां पर हैण्डपंप, बोरवेल खराब है उनका सुधार किया जाय। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत, सिचाई, कृषि, लोक निर्माण विभाग, राजस्व, सहकारिता सहित अन्य सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को भू-अर्जन के प्रकरण, अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही सहित राजस्व कार्यों में तेजी लाते हुए राजस्व प्रकरणों को अद्यतन रखने कहा स इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा अन्य सभी विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए है।

# मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के पहले चरण का रेण्डमाइज़ेशन किया गया




पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत हुए मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई है। जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के पहले चरण का रेण्डमाइजेशन पूरा हुआ। दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 14-14 टेबल लगाए गए है। जिसमें मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल है। जिसमें से 120 प्रतिशत कर्मियों का रेण्डमाईजेशन किया गया है। रेण्डमाइजेशन के दूसरे चरण में अब मतगणना में नामित कर्मचारियों को विधानसभा क्षेत्र का आबंटन होगा। इसके बाद तृतीय चरण में कार्मिकों को गणना टेबल आबंटित होगी। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त हैं। इस मौके पर अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश गोलछा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अर्पिता पाठक, हितेश पिस्दा, उप निदेशक आईटी नेहरू निराला, प्रोग्रामर गिरीश चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑल मुस्लिम वेलफेयर फांउडेशन रायगढ़ ने किया नन्हें रोजेदार 2024 का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सामुदायिक भवन नयागढ़ी राजा पारा में प्रोग्राम का आगाज तिलावते कुराने पाक से मौलाना मेहंदी हसन साहब ने किया। मरहूमा जाहिदा खान, मुज्तबा साबरी, शेख हमादुल्लाह, अब्दुल अरहान को शाने मिल्लत और शेख अमान साबरी को खिदमते खल्क का अवार्ड दिया गया और माहे रमजान में जिन नन्हे 139 बच्चों ने रोजे रखे थे उनको नन्हे रोजेदार का मोमेंटो, सर्टिफिकेट और तोहफा दिया गया। इस प्रोग्राम में मेहमाने खुसूसी के तौर पे सदर जामा मोहम्मद आवेश, सदर मस्जिद गरीब नवाज हाजी शेख अब्दुल्लाह,नायब सेक्रेटरी लूथरा शरीफ कमेटी हाजी गुलाम रसूल खान, हाजी मुंशी मनियार, साबिक सदर मस्जिद गरीब नवाज हाजी शेख कलीमुल्लाह वारसी, साबिक सेक्रेट्री मस्जिद गरीब नवाज कलीम बक्स, गुलाम रहमान खान, हाजी मोहम्मद मोबिन, मौलाना मेहंदी हसन, हाफिज शेख अताउन्नबी, हाफिज मोहम्मद दानिश साबरी, मौलाना फैजुलबारी, शेख सुलेमान, शामशीर साबरी शामिल रहे। रायगढ़ जिला अध्यक्ष गुलाम रिजवान खान की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में सचिव शेख फरीद साबरी, उपाध्यक्ष मोहम्मद अखलाक साबरी, उपाध्यक्ष गुलजार अहमद, सह सचिव नईम साबरी, हसन अली मानियार, मीडिया प्रभारी मोहसिन हसन साबरी, नासिर खान राजू भाई, शब्बीर अहमद, मोहम्मद ताज, अलीम कुरैशी, शेख न्यामतुल्लाह साबरी एवं टीम फाउंडेशन के साथ मंच संचालन आल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के बिलासपुर संभाग अध्यक्ष शेख अतहर हुसैन ने किया।

# समर कैम्प में बडे हरदी व झुलनपाली के बच्चे सीख रहें हैं नवाचारी गतिविधियां

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



विकासखंड पुसौर अंतर्गत संकुल बड़े हरदी के सभी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों में इस कैंप के प्रति भारी उत्साह देखा गया है। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बड़े हरदी, झुलनपाली के बच्चे भाग ले रहे है। इस समर कैंप में बच्चों की मानसिकता एवं उनके कार्य शैली के आधार पर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जा रहा है। जिससे उनके सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगा। यह समर कैंप सुबह 7 से 9.30 बजे तक संचालित हो रहा है, जो कि जिले के निर्देशानुसार 20 मई से 30 मई तक संचालित हो रहा है। समर कैम्प में योग, शारीरिक शिक्षा, पुस्तक वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रति दिवस अलग-अलग गतिविधियों जैसे कविता, मेहंदी लगाना, नृत्य, गायन, वेशभूषा, ड्राइंग, पेंटिंग, चित्रकला, रंगोली, स्पोकन इंग्लिश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, हस्त लेखन, गणितीय गतिविधियों के द्वारा कैंप को आकर्षक और उपयोगी बनाया जा रहा है। संकुल के सभी शिक्षक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल एवं संकुल समन्वयक शान्तनु पंडा के नेतृत्व में विशेष रुचि ले रहे हैं। इस तरह ग्रीष्मकालीन अवकाश का शिक्षक प्रवीण गुप्ता, अदिती सिदार, मंजू देवी पटेल, अनुपमा साव, घनश्याम गुप्ता, कमलेश्वर पटेल द्वारा समर कैम्प का सदुपयोग किया जा रहा है। कैंप में विभिन्न स्कूलों के लाभान्वित छात्र-छात्राओं में माध्यमिक शाला बड़े हरदी से नेहा चौहान, लतिका साव, भूमिका साव माही चौहान, मनीष साव, सुनयना निषाद राजेश साव, उमा चौहान, सिद्धि चौहान, प्रियांशु चौहान प्राथमिक शाला बड़े हरदी से आलिया सिदार, लीना साव, नैतिक साव, श्रिया यादव, ईश्वर यादव, नीलिमा चैहान, आर्यन यादव, आदित्य निषाद, नमन साव, खिरोज यादव, श्रुति यादव, सुब्रत यादव, रौशनी चौहान, होशराम यादव, आयशा सारथी, वर्षा चौहान, भरत लाल साव एवं प्राथमिक शाला झूलनपाली से देवनारायण साव, मनीष पाव, अमन साव, सुमंत साव शामिल है।

## कबीर चौक से कैसे पहुंची इतनी दूर? जॉच में होगा खुलासा

# खर्राघाट के पास केलो नदी में बालिका की लाश मिली

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

रविवार की सुबह केलो नदी में एक नाबालिग बालिका का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।
इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खर्राघाट के पास केलो नदी में रविवार की सुबह नदी में एक अज्ञात बालिका का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रारंभिक जांच के दौरान मृतका की शिनाख्त नही हो सकी थी लेकिन सोशल मीडिया में बालिका का फोटो वायरल




होते ही मृतका की शिनाख्त कबीर चौक निवासी नीरज सिंह की छोटी बेटी के रूप में हुई। जो कि अपनी पत्नी का इलाज कराने मुंबई गए हुए थे। केलो नदी में बालिका की लाश मिलने की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए पूरे मामले की जांच में जुट गई है। प्रथम दृष्टया अंदेशा जताया जा रहा है कि जिस जगह बच्ची की लाश मिली है वहां पानी की गहराई 8 से 10 फीट है, संभवतः नहाते समय गहरे पानी में चले जाने से बालिका की मौत हो गई होगी। इस संबंध में चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर ने बताया कि सुबह साढ़े 8 बजे सूचना मिली कि खर्राघाट केलो नदी में एक बालिका का शव मिला है। मृतका कबीर चौक की रहने वाली है। बालिका रोजाना 4 से 5 बजे फूल लेने के लिये आसपास जाया करती थी। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### मौत पर उठ रहे सवाल

बताया जा रहा है कि मृतका कबीर चौक की रहने वाली है जो कि प्रतिदिन सुबह 5 बजे आसपास फूल लेने जाया करती थी, बालिका रविवार की सुबह कबीर चौक से पैदल खर्राघाट तक कैसे पहुंच गई। यह भी बताया जा रहा है कि सुबह 5 बजे के करीब खर्राघाट के कुछ घरों में अंजान शख्स ने दस्तक दी थी लेकिन किसी ने दरवाजा नहीं खोला। जिससे इस मामले में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

खर्राघाट केलो नदी में नाबालिग बच्ची की लाश मिलने के बाद चक्रधर नगर पुलिस घटना स्थल के आसपास के अलावा बालिका के घर के पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि बालिका किसके साथ घटना स्थल तक पहुंची थी और किस तरह यह घटना घटित हुई है।

# नाबालिक लड़की को भाग ले जाने वाले अज्ञात व्यक्ति को पकड़ने में पुलिस नाकाम : परिजन बेहाल

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

नगर के वार्ड क्रमांक 08 निवासी एक साहू परिवार की 17 साल 5 महीने की नाबालिक लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 30 मार्च 2024 को बहला- फुसलाकर भगा ले जाने की घटना सामने आई है। इस घटना के दो-तीन दिनों तक साहू परिवार के लोगों के द्वारा खोजबीन की गई। लड़की के नहीं मिलने पर इस घटना के संबंध में थाना शिवरीनारायण में 2 अप्रैल 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कुछ दिनों पश्चात लड़की के परिजन द्वारा पत्र प्रेषित कर इस घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक जांजगीर को भी दी गई। घटना के दो माह पश्चात भी शिवरीनारायण पुलिस इस नाबालिक लड़की की कोई खोजबीन नहीं कर पाई है। इनके परिजन द्वारा थाना जाकर इस संबंध में जानकारी चाहते हैं तो पुलिस प्रशासन केवल यह जानकारी देकर लड़की के परिजन को चलता कर दिया जाता है। कि पुलिस विभाग द्वारा लड़की की खोजबीन की जा रही है। इस नाबालिक लड़की का फोटो और जन्म प्रमाण पत्र भी रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के दिन ही पुलिस थाना शिवरीनारायण में जमा किया जा चुका है। पुलिस प्रशासन शिवरीनारायण के नाक के नीचे हुई इस घटना की शीघ्र ही पतासाजी कर लड़की के बदहाल परिवार को राहत प्रदान करने व लड़की की खोजबीन की त्वरित कार्यवाही करने की गुहार उनके परिजनों ने थाने में लगाई है।

# तालाब का बड़ा हिस्सा पट गया और निगम को पता ही नहीं

## भाजपा पार्षदों ने जब्त करवायी निर्माण सामग्री, चेतावनी भी दी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर निगम के अंतर्गत कितना बड़ा भी गोलमाल हो जाए वो कम ही है, ताजा मामला ये है कि चौबे कॉलोनी स्वामी आत्मानंद सरोवर (करबला तालाब) को सौंदर्यीकरण के नाम पर तालाब के एक ओर के पाथवे को बन्द कर तालाब को पाटे जाने की शिकायत मिलने पर भाजपा पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे के नेतृत्व में स्पाट पर पहुँच कर जोन आयुक्त और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को मौके पर ही बुलाया। आम जनता के लिए बनाए गए वाकिंग पाथवे को बन्द कर उसमें पड़ी निर्माण सामग्री को दिखाते हुए पूछा गया कि क्या इस निर्माण की



जानकारी आपको है या नही। इस पर अधिकारियों ने अनभिज्ञता जाहिर की, तब भाजपा पार्षद दल ने अवैध निर्माण की सामग्री लोहे के छड़, सीमेंट इत्यादि की जब्ती कराते हुए कहा कि हम तालाब की एक इंच भी जमीन पटने नही देंगे। चौबे के साथ पार्षद मृत्युंजय दुबे,अमर बंसल, दीपक जायसवाल, सरिता आकाश दुबे व अन्य पार्षद शामिल थे। मीनल चौबे ने कहा कि बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि अवैध निर्माण कब्जा करने के लिहाज से हो रहा है और जोन कमिश्नर से लेकर अधिकारी-कर्मचारी कहते हैं कि उन्हे नहीं मालूम, तो आखिर किनके संरक्षण में काम हो रहा है। कोई भी बिल्डर, एजेंसी या रसूकदार क्यों न हों अवैध काम तो होने नहीं देंगे। कार्रवाई होकर रहेगी क्योंकि अब राज्य में भाजपा की सरकार है। पूर्ववर्ती सरकार के संरक्षण में इस प्रकार के काम पिछले पांच सालों में चले हैं, अभी तो महज चेतावनी है आगे यदि फिर से काम हुआ तो पुलिस कार्रवाई होगी, जितने कब्जाधारी निर्माण है सबको हटाया जायेगा। आम लोगों को कोई असुविधा नहीं होगी और तालाब को पूरी तरह यथावत सरंक्षित रखा जायेगा।

# अपना सफाया होता देख ईवीएम पर सवाल उठा रहे कांग्रेसी : अरुण साव

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

ईवीएम को लेकर कांग्रेस और भाजपा में बवाल शुरू हो गया है। 4 जून को लोकसभा चुनाव का रिजल्ट आना है। इससे पहले पीसीसी चीफ दीपक बैज ने ईवीएम को लेकर कहा कि भारत निर्वाचन आयोग को शंका का समाधान करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के वकीलों ने पीआईएल दाखिल करके इसकी मांग भी की थी। इसी मामले पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कहा कि, चुनाव के साथ ही कांग्रेस ने हार का बहाना ढूंढना शुरू कर दिया था। अंतिम चरण में इंडी



गठबंधन का सफाया होता दिख रहा है। ईवीएम पर प्रश्नचिन्ह उठाने का काम कांग्रेस कर रही है। न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि ईवीएम में छेड़छाड़ नहीं हुई है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि, विपक्ष लोकतंत्र को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेसी हार का बहाना ढूंढने के लिए ईवीएम का सहारा ले रहे हैं। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा था कि पीएम मोदी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इसी पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, मानसिक स्थिति तो विपक्षी दलों की खराब हो गई है। गैर वाजिब मुद्दों को जनता के बीच ला रहे हैं। यही बताता है कि, कांग्रेस की मानसिक स्थिति खराब है।

# हमारा धर्म हमें अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाता है : बृजमोहन अग्रवाल

## सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए मंत्री अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा नेता व शिक्षा-संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विरोधी कहते हैं कि हम धर्म की राजनीति करते हैं। उनके जवाब में मैं यही कहूंगा कि हां हम धर्म की राजनीति करते हैं। क्योंकि हमारा धर्म अन्याय के खिलाफ लड़ना सिखाता है। कमजोरों का हाथ थाम कर उन्हें आगे बढ़ाना सिखाता है। दीन दुखियों की सेवा करना सिखाता है। मातृभूमि की माटी माथे लगाकर उसे पूजना सिखाता है। उन्होंने यह बात सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के सम्मान समारोह के दौरान कही। इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने समाज के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं वरिष्ठ जनों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि उनके राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन की सफलता में ब्राह्मणों




द्वारा प्रदत्त संस्कारों का अहम योगदान रहा है। विप्र समाज सनातन धर्म की रक्षा करते हुए उसे समृद्ध बनाने का पुण्यकार्य कर रहा है। हमारा धर्म अनुरूप जो आचरण है वह भी विप्र समाज द्वारा प्रदान किए गए संस्कारों की वजह से ही है। समाज का आशीर्वाद निरंतर उन्हें मिलता रहा है। फलस्वरूप आठ बार विधायक बने अब अपने नौवे चुनाव में भी मिले आशीर्वाद से सांसद भी निश्चित ही बनेंगे। इस समारोह में सरयूपारीण ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, प्रेम शंकर तिवारी, राजेश त्रिपाठी, आनंद द्विवेदी, अजय तिवारी, विजयशंकर मिश्रा, राजेंद्र शर्मा, कैलाश तिवारी, प्रमोद शर्मा, वीके मिश्रा, शैलेश शर्मा, राजेश मिश्रा, अर्चना तिवारी, सीमा पांडे, बृजेश तिवारी, दिनेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के कार्य में तेजी लाने के दिए गए निर्देश

## विजन डाक्यूमेंट संबंधी स्टेयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट हेतु गठित स्टेयरिंग कमेटी की दूसरी बैठक राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन की सह अध्यक्षता में राज्य नीति आयोग में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ 2047 विजन डाक्यूमेंट तैयार किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के अपर मुख्य सचिव धर्मस्व विभाग सुब्रत साहू, गृह एवं जेल मनोज पिंगुआ और वन एवं जलवायु परिवर्तन ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिवद्वय पी. दयानंद और बसवराजू एस. सहित सभी विभागों के भारसाधक सचिव, विभागाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग के सलाहकार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विभागों के प्रमुख अधिकारियों को विजन डाक्यूमेंट तैयार करने तेजी से कार्य करने निर्देशित किया गया।


# राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति के सदस्यों ने की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में रितुराज साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति (एमए छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन) के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को राज्य मे शिक्षा, शासकीय कामकाज एवं रोजगार के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा कर उन्हें अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समिति के सदस्य अजय पटेल, जितेन्द्र यादव, पूजा परघनिया, अदिति गुप्ता, किरण देवांगन, विनय बघेल, अंकित देवांगन, संजीव साहू, खेमराज उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403